सूर्योदय 6:37 सूर्यास्त 6:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 04.6 न्यू | 15.09 अधि |
| धर्मशाला | 09.9 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| संसेक्स | 74119.39 |
| निफ्टी | 22493.50 |
| सोना | 65,730 |
| चांदी | 75,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



follow us on: धर्मशाला | शनिवार, 9 मार्च, 2024 | 26 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 81, कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

आज का अंक में

- पहली बार अयोध्या पहुंची एचआरटीसी की बस
- पालमपुर से अंब तक चलेगी वंदे भारत वोल्वो बस सेवा

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- बम-बम भोले व जय शंभू के जयकारों से गूंजी राजधानी
- एशियन राफ्टिंग में भारत रायवोला को गोल्ड

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- शिव और शक्ति ही संसार का मूल : स्वास्थ्य मंत्री शांडिल
- शिवालयों में श्रद्धा और उल्लास से मनाई महाशिवरात्रि

पृष्ठ 5 पर पढ़ें



- वापसी के साथ पहला मैच हारी वीनस विलियम्स
- सीबीआई ने संदेशखाली में शाहजहां शेख के आवास पर की छापेमारी

पृष्ठ 16 पर पढ़ें



# कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्थापितों को देंगे अच्छा राहत पैकेज : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने शोभा यात्रा के साथ किया बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बैजनाथ के पांच दिवसीय राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का ऐतिहासिक शिव मंदिर में पूजा-अर्चना, विशाल शोभायात्रा और झंडा चढ़ाने की रस्म अदायगी के साथ शुभारंभ किया।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में जनसमूह को संबोधित करते हुए सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार की अनुमति प्रदान कर दी गई है और कैबिनेट की बैठक में यहां से विस्थापित होने वाले लोगों का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें अच्छा राहत पैकेज देने का निर्णय सरकार ने लिया है। हवाई अड्डे के विस्तार से जिले के लिए घोषित पर्यटन राजधानी के विकास को भी पंख लगेंगे।

उन्होंने केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के आपदा राहत के 9,043 करोड़ रुपए अभी भी जारी नहीं हुए हैं जो कि प्रदेश को दिसंबर तक मिलने थे। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए गोबर से उत्पन्न गेहूं, मक्की तथा दूध का समर्थन मूल्य तय करने वाला हिमाचल, देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 90 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती और सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया है। आने वाले समय में इसके परिणाम सामने आने से किसानों को प्रतिमाह 20 से 25 हजार आमदनी आरंभ होगी। (अनंत ज्ञान)



बैजनाथ में पांच दिवसीय राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करने के बाद जनसमूह के बाच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व अन्य गणमान्य।

## न्यूज शॉर्ट्स

### 11वें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ के कपाट 10 मई को खुलेंगे

**रुद्रप्रयाग/उखीमठ।** विश्वप्रसिद्ध 11वें ज्योर्तिलिंग बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को प्रातः सात बजे खुलेंगे। आज पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में आयोजित धार्मिक समारोह में कपाट खुलने की तिथि तय हुई। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति की पांच मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा होगी। पंचमुखी डोली छह मई केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। यह डोली नौ मई की शाम केदारनाथ धाम पहुंचेगी।

### पाक महिला से रक्षा जानकारी साझा करने पर एक गिरफ्तार

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान और निकोबार कमान तथा नौसेना के जहाजों की गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी एक पाकिस्तानी महिला के साथ साझा करने के आरोप में एक 'जेटी' कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) के पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन ने बताया कि खुफिया एजेंसियों से मिली सूचना के बाद आरोपी पी वसीम उर्फ मोनू को दक्षिण अंडमान जिले के बम्बूफ्लैट स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

### 15 मार्च तक हो सकता है लोकसभा चुनाव का ऐलान

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों की मानें तो 15 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। 7 चरणों में मतदान कराने की तैयारी चल रही है। लोकसभा चुनाव के साथ-साथ ही जम्मू-कश्मीर के चुनाव भी कराए जा सकते हैं।

### भारत-पाक बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया को मार गिराया

**श्रीगंगानगर/जयपुर।** सीमा सुरक्षा बल ने गुरुवार देर रात भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक पाक घुसपैठिया को मार गिराया। घुसपैठिया पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था। उस दौरान उसे चेतावनी दी गई लेकिन नहीं मानने पर उसे सीमा प्रहरियों ने मार गिराया।

### ईडी ने शरद पवार के पोते की चीनी मिल को किया कुर्क

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सुप्रीमो शरद पवार के पोते रोहित पवार के स्वामित्व वाली एक चीनी मिल की 50 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की। यह कार्रवाई कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में ईडी द्वारा की जा रही धनशोधन जांच से जुड़ी है। ईडी ने एक बयान में कहा कि औरंगाबाद के कन्नड गांव में स्थित कन्नड सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड (कन्नड एसएसके) की 161.30 एकड़ जमीन, संयंत्र, मशीनरी एवं भवन को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम रूप से कुर्क किया गया है।

### दिल्ली में नमाजियों को सब इंस्पेक्टर ने लात मारी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में सड़क पर नमाज अदा कर रहे नमाजियों के साथ एक पुलिसकर्मी की बदसलूकी का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह नमाजियों को लात मार रहा है। मामला दिल्ली के इंद्रलोक इलाके का बताया जा रहा है। मामला बढ़ने के बाद पुलिस की तरफ से जांच के आदेश दिए गए। इसके बाद आरोपी सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। उधर, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हंगामा किया और पुलिस थाने का घेराव किया।

### नाटो में शामिल हुआ स्वीडन

**वॉशिंगटन :** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच स्वीडन नाटो का 32वां सदस्य बन गया। इसके साथ ही स्वीडन की 200 साल पुरानी गुटनिरपेक्षता भी खत्म हो गई है। नाटो को मुख्य रूप से रूस के खिलाफ बनाया गया है। हालांकि, स्वीडन ने 2022 के यूक्रेन युद्ध के पहले तक नाटो से औपचारिक तौर पर दूरी बनाकर रखी हुई थी। स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने नाटो में अपने देश के प्रवेश को 'स्वतंत्रता की जीत' के रूप में सराहा, क्योंकि इसने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद दो शताब्दियों की गुटनिरपेक्षता को खत्म कर दिया है।

## मोदी का 'महिला दिवस' पर तोहफा

# घरेलू गैस सौ रुपए और सस्ती हुई

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 100 रुपए की छूट देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा है कि महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा।



यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रक्षाबंधन के मौके पर केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के दाम में 200 रुपए की कटौती की थी।

इस कटौती के बाद अब दिल्ली में सिलेंडर की कीमत 903 से घटकर 803 रुपए, भोपाल में 808.50 रुपए, जयपुर में 806.50 रुपए और पटना में 901 रुपए हो गई है। कोलकाता में सिलेंडर 929 रुपए का था जो अब 829 रुपए का हो गया है, वहीं मुंबई में अभी तक यह सिलेंडर 902.50 रुपए का मिल रहा था जो अब 802.50 रुपए का मिलेगा।

# धर्मशाला टेस्ट में भारत का शिकंजा

## दूसरे दिन भारत ने पूरा दिन खेलकर 338 रन जोड़े और आठ विकेट गंवाए

**धर्मशाला।** इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने पहली पारी में 8 विकेट पर 473 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया है। दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम 255 रन की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड की पहली पारी 218 रनों पर सिमट गई थी। दिन का खेल समाप्त होने तक कुलदीप यादव (27 रन) और जसप्रीत बुमराह (19 रन) नाबाद पैवेलियन लौटे।

भारत की ओर से पहली पारी में कप्तान रोहित शर्मा (103 रन) और शुभमन गिल (110 रन) ने शतक लगाया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 171 रनों की पार्टनरशिप की।

विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ पर




रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बीच 171 रन की पार्टनरशिप हुई। दोनों ने शतक लगाए और टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाई।

# कोटा : शिव बारात में शामिल 15 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आकर झुलसे

एजेंसी, कोटा

राजस्थान के कोटा शहर के नदी पार क्षेत्र में कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे पर शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली गई शिव बारात में शामिल बच्चों का समूह अचानक बिजली के करंट की चपेट में आने से उसमें शामिल 15 बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें से दो बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही सांसद ओम बिरला व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर अस्पताल पहुंचे और बच्चों से मिलकर घटना की जानकारी ली। धार्मिक आयोजन में बड़ा हादसा होने की खबर ने सभी श्रद्धालुओं को हिलाकर रख दिया। यह गंभीर हादसा शुक्रवार दोपहर में हुआ, जब कुछ बच्चे धार्मिक झंडा लेकर शिव यात्रा में सड़क पर चल रहे थे। इसी दौरान यह झंडा हाइटेंशन लाइन से टच हो गया। बताया जा रहा है कि जहां से शिव बारात गुजर रही थी, वहां पानी भी फैला हुआ था। इस कारण करंट तेजी से फैला।

देखते ही देखते धार्मिक उल्लास के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई। घायलों को महाराव भीमसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



अस्पताल में उपचाराधीन बच्चे।

### अब नेपाल में भी भारतीय यूपीआई से होगा भुगतान

**मुंबई ।** नेपाल घूमने और कारोबार करने जाने वालों को अब भारतीय मुद्रा रुपए लेकर जाने की जरूरत नहीं होगी। वह यूपीआई से नेपाल में भी आसानी से पेमेंट कर पाएंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) अब पड़ोसी देश नेपाल में भी उपलब्ध है।

यूपीआई उपयोगकर्ता नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। पहले चरण में भारतीय उपभोक्ता यूपीआई-सक्षम ऐप का इस्तेमाल कर नेपाल के विभिन्न व्यावसायिक दुकानों में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक यूपीआई भुगतान कर सकेंगे।

# सुक्खू सरकार का संकट टला, खड़गे और प्रियंका से मिल हिमाचल लौटे सीएम

## चार्टर्ड विमान में पंचकूला से उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंचे बागी विधायक

अरविंद शर्मा, शिमला

**पिछले** 10 दिन से सुक्खू सरकार पर मंडराता खतरा थम चुका है। हालांकि, इस लड़ाई में कांग्रेस को तीन निर्दलीयों सहित छह बागी विधायकों से अपना समर्थन कम करवाना पड़ा। वीरवार शाम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी से मिलकर शुक्रवार दोपहर बाद कांगड़ा के बैजनाथ महाशिवरात्रि महोत्सव के लिए पहुंच गए।



राजनीतिक पंडितों का मानना है कि मुख्यमंत्री ने दोनों राष्ट्रीय नेताओं को प्रदेश की राजनीति से अवगत करवाया। राष्ट्रीय नेतृत्व चाह रहा है कि प्रदेश कांग्रेस में कोई बिखराव न हो और सरकार तथा संगठन में पूरा तालमेल बना रहे। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य भी सरकार और संगठन के बारे में हाई कमान को अवगत करवा चुके हैं।

वहीं, पंचकूला से चार्टर्ड विमान में छह बागी विधायक तीन भाजपा विधायकों के साथ उत्तराखंड रवाना हो गए। वे वहां ऋषिकेश के होटल ताज में ठहरे हुए हैं। अभी तक सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों की याचिका पर कोई फैसला नहीं दिया है। सूत्रों की मानें तो अगर कोर्ट से उनके हक में फैसला नहीं आता तो वे भाजपा भी ज्वाइन कर सकते है। (अनंत ज्ञान)

### गडकरी को उद्धव का ऑफर, एमवीए से चुनाव लड़िए

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को महा विकास अघाड़ी (एमवीए) से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। उद्धव ने गडकरी से कहा कि दिल्ली के सामने मत झुकिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी की पहली लिस्ट में कृपाशंकर सिंह जैसे लोगों का नाम है, लेकिन महाराष्ट्र में जिसने बीजेपी पार्टी को मजबूत किया, उनका (गडकरी) नाम तक नहीं है। उद्धव ने ये बातें महाराष्ट्र के तुलजापुर में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान कही हैं।

# लोकसभा चुनाव : कांग्रेस की पहली लिस्ट में 39 उम्मीदवार, राहुल फिर वायनाड से

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर शुक्रवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इस सूची में 39 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की छह, कर्नाटक की सात, केरल की 16, तेलंगाना की चार, मेघालय की दो, लक्षद्वीप सिक्किम नगालैंड और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया।

सूची के मुताबिक, वायनाड से राहुल गांधी, राजनंदगांव से भूपेश बघेल, दुर्ग से राजेंद्र साहू, रायपुर से विकास उपाध्याय चुनाव लड़ेंगे।



पार्टी की पहली लिस्ट में 15 जनरल तो 24 एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्य कैटेगरी के उम्मीदवार शामिल हैं। साथ ही इनमें 12 उम्मीदवार ऐसे हैं जिनकी उम्र 50 साल से कम है।

### तिरुवनंतपुरम से लड़ेंगे शशि थरूर

बता दें कि तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, मेघालय से विंसेंट पाला और त्रिपुरा वेस्ट से आशीष साहा का नाम सामने आया।

इसी बीच, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च को होगी। पहली सूची 7 मार्च को हुई बैठक के बाद जारी की गई। फिलहाल यूपी जैसे राज्यों में पार्टी ने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया

## यूथ इन्फ्लुएंसर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार प्रदान किए

# जया, मैथली और कामिया को क्रिएटर्स अवॉर्ड

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारत मंडपम में मैथली ठाकुर, जया किशोरी, कामिया जानी सहित कई युवा हस्तियों को राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार से सम्मानित किया।

बात दें कि पहले दौर में 20 विभिन्न श्रेणियों में 1.5 लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे। इसके बाद वोटिंग राउंड में अलग-अलग कैटेगरी में डिजिटल क्रिएटर्स के लिए लगभग 10 लाख वोट डाले गए जिनमें तीन अंतरराष्ट्रीय रचनाकारों सहित 23 विजेताओं का चुना गया।



जया किशोरी — मैथली ठाकुर — कामिया जानी

### मैथली को कल्चरल एंबेसडर

**मैथली** अपने दो भाइयों के साथ मैथिली सोशल मीडिया पर भजन और लोकगीत गाती दिखती रही हैं। कम उम्र में ही संगीत और लोककला के प्रति उनके समर्पण ने सोशल मीडिया यूजर्स को प्रभावित किया।

### जया किशोरी को सोशल चेंज

**जया किशोरी** ने अध्यात्म के सरलतम रूप से युवाओं का परिचय कराया है। कम उम्र से ही भागवत और रामकथा कह रहीं जया किशोरी की कथाशैली लोगों को काफी पसंद आती रही है।

### इन्हें भी मिले अवॉर्ड

- **बेस्ट इंटरनेशनल क्रिएटर :** ड्रू हिक्स
- **बेस्ट एजुकेशनल क्रिएटर :** नमन देशमुख
- **बेस्ट टेक क्रिएटर :** गौरव चौधरी
- **बेस्ट क्रिएटिव क्रिएटर :** आरजे रौनक
- **बेस्ट हेल्थ एंड फिटनेस क्रिएटर :** अंकित बैयनपुरिया

### बेस्ट ट्रैवल क्रिएटर कामिया

**घूमना-फिरना** पसंद है और कहीं जाने से पहले वहां की खासियतें जाना चाहते है तो कामिया जानी का कंटेंट काफी मदद करता है। डिजिटल वर्ल्ड में कामिया जानी एक जाना-पहचाना नाम हैं।

### निम्न श्रेणियों में पुरस्कार

**साल** का विघ्नकर्ता, वर्ष के सेलिब्रिटी निर्माता, ग्रीन चैंपियन पुरस्कार, सामाजिक परिवर्तन का समर्थन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार, सर्वाधिक प्रभावशाली कृषि निर्माता, वर्ष के सांस्कृतिक राजदूत, अंतरारष्ट्रीय निर्माता पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार, स्वच्छता राजदूत पुरस्कार, न्यू इंडिया चैंपियन अवार्ड , टेक क्रिएटर अवार्ड, हेरिटेज फैशन आइकन अवार्ड , सर्वाधिक रचनात्मक रचनाकार (पुरुष एवं महिला), खाद्य श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निर्माता, शिक्षा श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रचनाकार, गेमिंग श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ क्रिएटर, सर्वश्रेष्ठ सूक्ष्म निर्माता, सर्वश्रेष्ठ नैनो निर्माता , सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य एवं फिटनेस निर्माता सम्मिलित हैं।

### कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर में शुक्रवार सुबह 16 वर्षीय कोचिंग छात्र ने पढ़ाई के तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। वह बिहार से कोटा आकर एक वर्ष से जेईई की तैयारी कर रहा था।

विज्ञान नगर पुलिस थाने से मिली सूचना के अनुसार कोचिंग छात्र अभिषेक भागलपुर से कोटा आकर पीजी में रहकर निजी संस्थान से जेईई की कोचिंग ले रहा था। पुलिस को उसके कमरे से पीले पेपर पर सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा है, 'पापा, मुझसे नहीं हो पाएगा, मैं जेईई नहीं कर पाऊंगा। मुझमें आपसे बोलने की हिम्मत नहीं है। आई क्विट।' पुलिस ने बताया कि छात्र ने विषाक्त दवाई की गोलियां खाई थीं।

# चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ अवमानना याचिका

## सुप्रीम कोर्ट 11 मार्च को करेगा सुनवाई

एजेंसी, नई दिल्ली

एसबीआई ने 4 मार्च को शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का विस्तार करने की मांग की गई थी। अब इस मामले में एडीआर ने एसबीआई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अवमानना याचिका दायर कर दी है।

एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर कर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस अर्जी को चुनौती दी जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग की गई है।



एडीआर ने चुनावी बॉन्ड मामले में भारतीय स्टेट बैंक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अवमानना याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने एनजीओ का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील प्रशांत भूषण से ई-मेल भेजने को कहा और 11 मार्च को अवमानना याचिका सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया।

**शिवरात्रि मेले की लघु जलेब**

# जिला प्रशासन ने बाबा भूतनाथ को दिया शिवरात्रि मेले का न्योता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महाशिवरात्रि पर मंडी जिला प्रशासन ने लघु जलेब निकाल कर बाबा भूतनाथ को मंडी में 9 मार्च से आरंभ होने जा रहे शिवरात्रि मेले का विधि विधान पूर्वक न्योता दिया। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन अपनी धर्मपत्नी श्वेता कुमार के साथ राज देवता श्री माधोराय की ओर से बाबा भूतनाथ को शिवरात्रि मेले का निमंत्रण देने उनके दरबार पहुंचे।

उपायुक्त की अगुवाई में अन्य गणमान्यों ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ देव माधोराय मंदिर से पुलिस की टुकड़ी, होमगार्ड बैंड और मंडी जनपद के कुछ राज देवताओं के साथ भूतनाथ मंदिर तक लघु जलेब में भाग लिया।

इस दौरान नगर निगम महापौर विरेंद्र भट्ट एवं पार्षदगण, सर्व देवता समाज समिति के प्रधान शिव पाल शर्मा व समिति के अन्य प्रतिनिधि, अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त जिलादंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम ओम कांत ठाकुर, नगर निगम के आयुक्त एच.एस. राणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस टुकड़ी और होमगार्ड बैंड ने जलेब में लिया भाग





लघु जलेब निकाल कर बाबा भूतनाथ को निमंत्रण देने जाते देवी-देवता एवं टारना माता की पूजा करते हुए प्रशासनिक अधिकारी व साथ हैं स्थानीय लोग और पुजारी।

## शिवरात्रि पर हवन-यज्ञ का भव्य आयोजन

**राज** देवता माधो राय जी के प्रांगण में पारंपरिक शिवरात्रि हवन-यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। उपायुक्त अपूर्व देवगन, उनकी धर्मपत्नी श्वेता कुमार, सुपुत्र अश्वित और माता पूनम के साथ यज्ञ में मंडी वासियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने सर्व देवता समिति के प्रतिनिधियों के साथ राज माधोराय मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रशासन ने भगवान राज माधोराय से शिवरात्रि मेले के सफल आयोजन का आशीर्वाद लिया। उपायुक्त ने अपनी पूरी टीम के साथ माता टारना मंदिर में माथा टेका और बड़ा देव कमरूनाग जी की पूजा-अर्चना की।

मंडी शिवरात्रि को हम विशेष तौर से देव संस्कृति और यहां की समृद्ध परंपराओं को प्रमुखता देते हुए मना रहे हैं। 9 से 15 मार्च तक के इस आयोजन में देवी-देवताओं, उनसे जुड़ी पवित्र परंपराओं और समृद्ध देव संस्कृति से आम जनता को जोड़ने पर खास जोर रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देव आस्था का यह महा समागम देव संस्कृति को और मजबूती देने में सहायक हो।

## सीएम करेंगे शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ



**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 9 मार्च से आरंभ होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का दोपहर बाद 3 बजे पड्डल मैदान में शुभारंभ करेंगे। इससे पूर्व वे दोपहर 2 बजे उपायुक्त कार्यालय में पगड़ी बंधवाने की रस्म के बाद श्री माधव राय मंदिर में पूजा करेंगे और पड्डल मैदान तक निकलने वाली शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दी।

उन्होंने बताया कि इसके उपरांत मुख्यमंत्री 68.63 करोड़ रुपए की जल शक्ति, लोक निर्माण तथा राजस्व विभाग की 12 विकासात्मक योजनाओं के उद्घाटन व शिलांयास करेंगे। बाद में मुख्यमंत्री इंदिरा मार्केट की छत पर सरस मेले का भी शुभारंभ करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### महापर्व शिवरात्रि पर शिवालयों में रही धूम



**जोगिंद्रनगर।** शिवरात्रि के महोत्सव पर शुक्रवार को जोगिंद्रनगर के सभी मंदिरों में भगवान शिव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर जोगिंद्रनगर शहर व इसके आसपास कई जगहों पर भजन कीर्तन व भंडारों का आयोजन किया गया। जोगिंद्रनगर बस स्टैंड पर भी भांग के पकौड़ों का स्टॉल लगाया गया था। इस अवसर पर लगाणा पंचायत में स्थित पंचमुखी महादेव के मंदिर में शिवलिंग पर बेलपत्र बल अर्पित कर प्रभु का आशीर्वाद लिया।

### प्रधान वीना ने महिलाओं को किया पुरस्कृत



**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल की ग्राम पंचायत मैन भरोला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला ग्राम सभा का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान वीना देवी ने की। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंडलों के मध्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेताओं महिला मंडलों को पंचायत प्रधान के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### संधोल में विकास कार्य कांग्रेस ने लटकाए : वंदना




**सरकाघाट।** लक्ष्मी नारायण मंदिर संधोल के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व महासचिव व जिला परिषद सदस्य ग्रयोह वार्ड वंदना गुलेरिया रही। गुलेरिया ने कहा कि पूर्व में जो कार्य महेंद्र सिंह व जयराम ठाकुर ने संधोल में शुरू किए थे वे आज कांग्रेस की सरकार में अधर में लटक गए हैं। इस अवसर पर संगठनात्मक जिला सुंदरनगर महिला मोर्चा अध्यक्षा नीलम परमार, मंडल अध्यक्षा महिला मोर्चा धर्मपुर कमला ठाकुर, मीना कुमारी, आदि उपस्थित रही।

### महिला दिवस पर सजा भाजपा का मंच



**संधोल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा संधोल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के महिला मंडलों को सम्मानित व संगठित कर आने वाले चुनावों की हुंकार भरती भाजपा दिखाई दी। भाजपा वर्तमान सरकार की नाकामियों को गिनाकर मौके पर अपने पत्तो की बिसात बिछा गई। रजत ठाकुर ने नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं देकर सम्बोधित करते हुए कहा कि आज आपका भाई, बेटा आपसे एक वादा लेने आया है। हम सबने आने वाले समय में एकता का परिचय देते हुए भाजपा को मतदान करना है। इस अवसर पर भाजपा मीडिया सह प्रभारी व पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर, वंदना गुलेरिया, नीलम परमार संगठनात्मक जिला सुंदरनगर महिला मोर्चा अध्यक्षा आदि उपस्थित रही।

### अल्पसंख्यक वर्ग को भी मिले प्रतिनिधित्व : चमन



**मंडी।** अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही ने मुख्यमंत्री सुक्खू को बधाई देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में कांग्रेस सरकार पांच साल पूरे करेगी। हिमाचल प्रदेश में पूरा दलित समुदाय सुखविंद्र सिंह के साथ खड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि निगमों व बोर्डों में दलितों व अल्पसंख्यकों प्रतिनिधित्व दिया जाए, ताकि दलित समाज समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सके। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार की दलित व अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता के चलते इन वर्गों को अपने अधिकारों से वंचित रखा गया था। इसकी भरपाई के लिए दलितों व अल्पसंख्यकों को आप पर पूर्ण भरोसा है कि निगमों व बोर्डों में व अन्य प्रदेश सरकार के विभागों में बतौर चेयरमैन व निदेशकों के पदों पर जनहित में शीघ्र नियुक्तियां की जाए, ताकि आने वाले लोकसभा चुनावों में सरकार को इन वर्गों का भारी मतों से लाभ मिल सके।

# 144 साल बाद मिले देव बालूनाग और माधोराय

**अनिल शर्मा, मंडी**

छोटी काशी मंडी पहुंचते ही लक्ष्मण अवतार अनंत बालूनाग का मंडी वासियों ने स्वागत सत्कार किया। बता दें कि जैसे ही अनंत बालूनाग राज देवता माधोराय से मिलने के लिए द्वार पर पहुंचे तो करीब 50 पुलिस कर्मी स्थल पर पहुंच गए।

इस मौके पर अनंत बालूनाग के साथ चामुंडा माता भी मौजूद रही। गौर हो कि कुल्लू में अनंत बालूनाग और श्रृंगा ऋषि विवाद के चलते देवता हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने के लिए इस बार 144 साल बाद जिला कुल्लू की बंजार घाटी के गढ़पति देवता अनंत बालूनाग महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने जिला मुख्यालय पहुंच गए हैं।

वहीं इस मौके पर मंडी पुलिस के जवानों का माधोराय मंदिर परिसर में कड़ा पहरा रहा। इस दौरान अनंत बालूनाग के साथ 2 हजार देवलू और बजंतरी मौजूद हैं।

देवता पैदल ही अपने देवालय से निकल कर करीब 100 किलोमीटर का सफर तय कर मंडी पहुंचे हैं। देव बालूनाग शिवरात्रि महोत्सव के दौरान चामुंडा मंदिर में विराजमान होंगे और प्रतिदिन पड्डल में भक्तों को दर्शन देंगे।

## देव बालूनाग के साथ 2 हजार देवलु



छोटी काशी मंडी पहुंचने के दौरान राजदेवता माधोराय से मिलने जाते हुए अनंत बालूनाग व देवलु।

## 1880 के बाद देव बालूनाग कर रहे शिरकत

**देव** बालूनाग इससे पूर्व वर्ष 1880 में मंडी महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत की थी। अपने मंडी प्रवास के दौरान देव बालूनाग 5 मार्च को देवरथ के साथ शुरागी पहुंच कर 6 मार्च को शुरागी से मंडी के लिए प्रवास शुरू किया था।

मान्यातनुसार पूर्व में बालू नाग का संपूर्ण क्षेत्र मंडी रियासत का हिस्सा था और वर्ष 1880 तक देवता नियमित रूप से शिवरात्रि उत्सव में भाग लेता थे। आज भी देवता का मूल स्थान खुहण (बालीचौकी) में है और देवता बालूनाग के नाम में आज भी बालीचौकी के खनेठी और खुहण में जमीन है।



शहर व ऐतिहासिक पड्डल मैदान में महाशिवरात्रि महोत्सव में देवताओं का मिलन।

## बालूनाग को 4 बढ़ 2 राज का माना जाता है देवता

**वर्तमान** में बालूनाग को 4 बढ़ 2 राज का देवता माना जाता है। आज भी अनंत बालूनाग के मंडी सराज के प्रमुख देवताओं के साथ हारगी उत्सव होते हैं, जिनमें बड़ा देव मतलोडा, महादेव चुन्जवाला, देव तुंगासी वह कमरूनाग शामिल हैं। बहरहाल अनंत बालूनाग के महाशिवरात्रि महोत्सव में शामिल होने की देव समाज में व्यापक चर्चा है।

# छोटी काशी पहुंचे विष के भंडारी देव माहूंनाग



मंडी में देवता का स्वागत करते हुए प्रशासनिक अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभारंभ पर देव श्री माहूंनाग तरौर शुक्रवार को छोटी काशी मंडी पहुंच गए। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने राज देवता माधो राय की छड़ से देवता का स्वागत किया। तत्पश्चात देवता ने माधो राय के मंदिर में हाजिरी लगाई और भवानी निवास में शिरकत कर राजा परिवार को आशीर्वाद दिया। इसके पश्वात देवता छोटी काशी में धामी के घर विराजमान हुए।

पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि देवता का मूल मंदिर जगराट जंगल तरौर में स्थित है। दीनानाथ शर्मा ने बताया कि पशुओं और जहरीले जंतुओं के काटने पर देवता बिप का अपनी शक्ति से इलाज करते हैं।



शिवरात्रि महोत्सव में देवताओं को लेकर पहुंच रहे देवलु।

# वन विभाग ने सड़क पर फेंकी लकड़ी, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले पटड़ीघाट गोभड़ता सड़क पर वन निगम विभाग द्वारा सूखे पेड़ों को काट कर सड़कों पर ही रख दिया है जिस कारण इस सड़क पर चलने वाली बसें पिछले एक सप्ताह से बंद पड़ी है। स्थानीय लोगों में ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चन्द उप प्रधान वीरी सिंह ने विभाग से आग्रह किया कि लकड़ियों को हटाया जाए। इस बारे में एचआरटीसी सरकाघाट के रीजनल मैनेजर मेहर चंद ने बताया की सड़क अवरुद्ध होने के कारण बसें वहां नहीं जा पा रही हैं।



सड़क पर रखी हुई लकड़ी।

वन निगम के परिक्षेत्र अधिकारी सुंदरनगर कल्याण सिंह ने बताया की मामला मेरे ध्यान में नही था अगर ठेकेदार ने लकड़ी सड़क पर रखी है तो उसे तुरंत सड़क से लकड़ी हटाने का आदेश दिया जाएगा।

# बढ़ू-कुठेहड़ा-छम्ब सड़क का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

उपमंडल की ग्राम पंचायत पिपली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन ठाकुर ने बढ़ू-कुठेहड़ा-छम्ब सड़क का लोकार्पण किया। जीवन ठाकुर जैसे ही गांव बढ़ू पहुंचे स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

जीवन ठाकुर ने विधिवत पूजा कर सड़क का लोकार्पण कर गांव कुठेहड़ा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए जीवन ठाकुर ने कहा कि हर क्षेत्र के विकास के लिए सड़क ,शिक्षा और स्वास्थ्य ये तीन मूलभूत सुविधाएं है जो क्षेत्र की हर जनता को मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है जो क्षेत्रवासियों के लिए खुशी का विषय है।



जीवन ठाकुर का स्वागत करने के दौरान स्थानीय लोग।

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अभियंता जे.पी. नायक, विभाग के सुपरवाइजर नंद लाल ठाकुर, गोपाल सिंह, ग्राम पंचायत पिपली के प्रधान इन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्रधान पंचायत पिपली पवन ठाकुर, सौरव ठाकुर, दुर्गा दास, संजय, मदन लाल, ज्ञान चंद, राम बनेर, नेत्र सिंह, रणवीर सिंह, रवि सिंह, जय सिंह ठाकुर, पिपली व कुठेहड़ा पंचायत के सभी वार्डपंच व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 'महिला दिवस महिलाओं के लिए प्रेरणा का विषय'



चिंता शर्मा

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला की सदर विकासखंड की ग्राम पंचायत पंडोह के अप्पर पडोह की निवासी चिंता शर्मा आज के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं के लिए एक प्रेरणा का विषय है। अप्पर पडोह गांव में चिंता की शादी वर्ष 1995 में नरेंद्र कुमार से हुई। वर्ष 2011 में पति की दुखद मौत हो गई थी, पर अब चिंता शर्मा हर महीने अब अच्छी आजीविका कमा लेती है।

# पंडोह गुरुद्वारा की नई इमारत का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पंडोह स्थित गुरुद्वारा की नई भव्य इमारत बनाने का काम आज शुक्रवार को विधिवत रूप से आरम्भ हुआ। इस मौके पर अमृतसर से संत बाबा सुखविंदर सिंह भूरीवाले मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिनके करकमलों द्वारा ही इसका शिलांयास किया गया।

इस ईमारत के निर्माण मे अमर सिंह मल्हि परिवार और उनके सहयोगी मुख्य भूमिका निभा रहे है, सबसे पहले गुरुग्रंथ साहब के आगे अरदास की गई उसके बाद सभी संगतो के सामने मुख्यातिथियों ने इसकी आधारशीला रखी।



गुरुद्वारे की नींव का कार्य शुरू करते हुए।

जानकारी देते हुए गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान गुरनाम सिंह व चैयरमेन गुरबचन सिंह ने बताया की यह गुरुद्वारा काफी समय पहले बना है अब इसकी नई इमारत बनाने का शुरू हुआ है, जिसके लिए इन्होंने गुरुद्वारा कमेटि की तरफ से संत बाबा सुखविंद्र सिंह भूरिवाले, अमर सिंह मल्हि परिवार व उनके समस्त सहयोगियों का धन्यवाद किया है। इन्होंने समस्त दानी सज्जनों से इस गुरुद्वारा की इमारत के नवनिर्माण में सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले व अमर सिंह मल्हार ने गुरुद्वारा कमेटी के सभों सदस्यों व पंडोह की समस्त जनता को गुरुद्वारा की नई इमारत की आधारशिला रखने पर बधाई दी। इस मौके पर अमृतसर से सरदार तरलोचन सिंह, मंजीत सिंह, मजीत फौजी, मंगा सिंह, गुरप्रशाद, गुरुद्वारा कमेटी पंडोह के महासचिव राधा कृष्ण, रंजीत सिंह, कमल राज,गौरव एवं गुरुदवारा कमेटी मंडी के भी सदस्य मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज सुंदरनगर शाखा ने निकाली झांकी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर ब्रह्माकुमारीज सुंदरनगर शाखा द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगम भव्य झांकी और शोभायात्रा का आयोजन महामाया मंदिर से चतरोखडी भोजपुर बाजार, बस स्टैंड धनोटू महादेव, चांबी, बी.बी.एम.बी. कालोनी से चौगान स्तिथ ब्रह्माकुमारीज शाखा तक ब्रह्माकुमारी सदस्यों की उपस्थिति में निकाली गई। द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी को दिव्या ज्योति पटियाल सिविल जज सुंदरनगर कोर्ट ने अपनी शुभकामनाएं देकर हरी झंडी देकर रवाना किया। चौगान स्थित ब्रह्माकुमारीज शाखा में समापन कार्यक्रम में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति में कुमारी मुस्कान ने शिवस्तूति नृत्य से सभी को भाव विभोर कर दिया।

अंत में ब्रह्माकुमारीज सुंदरनगर शाखा प्रभारी शिखा ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट कर सभी को शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शहर के गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**देवमयी नजारा** शिवरात्रि महोत्सव पर जनपद में देवी-देवताओं का आगमन जारी

# वाद्य यंत्रों की थाप पर देवताओं के साथ पहुंच रहे देवलु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने के लिए छोटी काशी मंडी में देवी-देवताओं का आगमन जारी है। शिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने के लिए पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर देवी देवताओं के साथ नाचते गाते देवलु जनपद में पहुंच रहे हैं।

बता दें अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में कमरू घाटी के आराध्य देव बड़ा देव कमरूनाग सबसे पहले पहुंचते हैं। उसके उपरांत ही अन्य देवी-देवताओं का शहर में आगमन होता है। देवी-देवताओं के आगमन से छोटी काशी मंडी जहां देवमई हो गई है, वहीं ढोल नगाड़ों की थाप पर छोटी काशी का यह शहर भी गुंजायमान हो गया है। इस बार कुल्लू जिला के दो देवता देव अनंत बालूनाग 144 साल व देव खुंडी जहल 120 सालों बाद पहुंचे हैं।

गौरतलब है कि 9 मार्च से आरंभ होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पड्डल मैदान में शुभारंभ करेंगे। इससे पूर्व वे दोपहर 2 बजे उपायुक्त कार्यालय में पगड़ी बंधवाने की रस्म के बाद राज माधव राय मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद राज माधव राय मंदिर से पड्डल मैदान तक निकलने वाली शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। पड्डल मैदान में सीएम विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

## कमरू घाटी के आराध्य देव बड़ा देव कमरूनाग पहुंचते हैं सबसे पहले



अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान माधव राय मंदिर में शीश नवाते देवता।

# साइकिल स्पर्धा में वंश कालिया सुनील बरंगपा और आराध्य प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शिवरात्रि मेले की खेल प्रतियोगिताओं में पहली बार शामिल की गई साइकिल स्पर्धा में वंश कालिया 18 से 35 आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे। इसी वर्ग में गौरव जागटा दूसरे जबकि तीसरे स्थान पर अजय कुमार रहे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी राजेश तोमर ने साइकिल स्पर्धा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया और बाद में विजेताओं को सम्मानित किया।

स्पर्धा के 35 से ऊपर के आयु वर्ग में सुनील बरंगपा प्रथम, जसप्रीत पॉल दूसरे और सुशील उपासक तीसरे स्थान पर रहे। 14 से 17 आयु वर्ग में अराध्य प्रथम, जगतार दूसरे और पुनीत तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों में गरीमा प्रथम, स्वरांजल सिंह दूसरे और अवनी शर्मा तीसरे स्थान पर रही।



साइकिल स्पर्धा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते राजेश तोमर व साथ हैं अन्य।

स्पर्धा का आयोजन पुलिस और जिला साइकलिंग एसोसिएसन द्वारा किया गया।

साइकिल स्पर्धा मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच से शुरू होकर न्यू विकटोरिया ब्रिज, पुरानी मंडी, मनीश रिजॉर्ट रोड, श्री हनुमान मन्दिर, ढांगसीधार, छिपनु, शनिदेव मंदिर होते हुए वापस सेरी मंच पर समाप्त हुई।

### होटलों में मात्र 15 प्रतिशत पर्यटकों की ऑक्यूपेंसी, 20 मार्च के बाद 50 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी होने की उम्मीद

# प्रदेश में वीकेंड पर फीका पड़ा पर्यटन कारोबार

अरविंद शर्मा, शिमला

राजधानी शिमला में इस वीकेंड पर्यटन कारोबार ढीला पड़ गया है। शहर के होटलों में एडवांस बुकिंग न के बराबर है। ऐसे में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कारोबारी निराश हैं। शहर के कारोबारियों के अनुसार बीते वीकेंड पर बर्फबारी होने के बाद सैलानियों सहित होटलों में ऑक्यूपेंसी बढ़ गई थी, लेकिन इस सप्ताह दोबारा वही स्थिति बन गई है।

शुक्रवार को शिमला के रिज मैदान और माल रोड पर सैलानी बहुत कम नजर आए। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहेंद्र सेठ ने बताया कि इस वीकेंड के लिए शहर के होटल में दस से 15 फीसदी ऑक्यूपेंसी है। वहीं, एडवांस बुकिंग होना भी बंद हो गई है। ऐसे में कारोबार पूरी तरह ठप हो गया है। वहीं, यूनियन के सचिव मनू सूद ने कहा कि इस सप्ताह शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में पर्यटन कारोबार छुट्टियों व त्योहारों के चलते प्रभावित हुआ है।

देश-प्रदेश में इन दिनों त्योहारी सीजन है। महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर अधिकांश लोग अपने घर पर रहकर इस त्योहार को बड़ी धूमधाम के साथ मनाते हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि के चलते राज्य का पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ है। वहीं, इन दिनों बच्चों की परीक्षाएं चली हुई हैं। परीक्षाएं होने के बाद फिर से पर्यटन कारोबार के बढ़ने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)


शिमला के मालरोड पर चहल कदमी करते पर्यटक। इन दिनों यहां सैलानी कम पहुंच रहे हैं।

#### कश्मीर का रुख कर रहे सैलानी

**हिमाचल** में दूरदराज क्षेत्रों में इन दिनों बर्फबारी हुई है, वहीं कश्मीर में व्यापक स्तर पर बर्फबारी होने से अधिकांश पर्यटक कश्मीर का रुख कर रहे हैं। इन दिनों कश्मीर की वादियां पूरी तरह से बर्फ के लकदक हैं। ऐसे में आगामी कुछ दिनों तक प्रदेश में कारोबार प्रभावित रह सकता है।

#### 20 मार्च के बाद फिर गुलजार होगा कारोबार

**राज्य** में 20 मार्च के बाद एक बार फिर से पर्यटन कारोबार के गुलजार होने की उम्मीद जताई जा रही है। होटल एसोसिएशन के सचिव मनू सूद ने बताया कि 20 मार्च के बाद बच्चों की परीक्षाओं का दौर समाप्त हो जाएगा ऐसे में प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में 50 प्रतिशत तक कारोबार बढ़ने की उम्मीद हैं।

## भारत-इंग्लैंड के मैच से धर्मशाला के पर्यटन को लगेंगे पंख : अरुण धूमल

**धर्मशाला।** आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच के दौरान एचपीसीए स्टेडियम ऐतिहासिक पलों का गवाह बना है। धर्मशाला में यह ऐतिहासिक मैच हो रहा है क्योंकि 11 साल पूर्व जब यहां पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच हुआ था। वह भी भारत और इंग्लैंड के बीच ही खेला गया था। वहीं, अब धर्मशाला में यह 25वां मैच है, जो कि फिर भारत और इंग्लैंड के बीच ही खेला जा रहा है। गौरतलब है कि एकदिवसीय मैच के रूप में पहला अंतरराष्ट्रीय मैच वर्ष 2013 में भारत और इंग्लैंड के बीच ही खेला गया था। उन्होंने कहा कि यह मैच इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि आर अश्विन और जॉनी बेयरेस्टो यहां अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। वहीं, सबको उम्मीद है कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन यहां अपने 700 टेस्ट विकेट पूरे कर सकते हैं। अरुण धूमल ने कहा कि आज इस मैच को देखने इंग्लिश फ्रेंड्स भी काफी ज्यादा संख्या में यहां आए हैं और सभी यहां की खूबसूरत वादियों और स्टेडियम की खूब सराहना भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे यहां के पर्यटन को निश्चित तौर पर पंख लगेंगे। अरुण धूमल ने कहा कि आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों के जब भी शेड्यूल तय होंगे। उनके प्रयास रहेंगे कि धर्मशाला में जरूर और मैच आएं।


पर्यटक के साथ अरुण धूमल

### सैनिकों और पंजीकृत पत्रकारों को पर्यटन विकास निगम के होटलों में मिलेगी 50% छूट

# पालमपुर से अंब तक चलेगी वंदे भारत वोल्वो बस सेवा

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने महाशिवरात्रि के दिन प्रदेश पर्यटन विकास निगम की तीन बड़ी घोषणाएं कीं।



उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा हिमाचल प्रदेश पर्यटन वंदे भारत बस सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसका फ्लैग ऑफ समारोह दिनांक नौ मार्च को हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली पालमपुर से सुबह 8:00 बजे करेंगे। इस पहली वंदे भारत बस सेवा को पालमपुर से नगरोटा, कांगड़ा होते हुए जिला ऊना के अंब तक शुरू किया जा रहा है, जिसका उदेश्य वंदे भारत ट्रेन के पर्यटकों को जिला कांगड़ा तक लाना और ले जाना है। यह बस पालमपुर से सुबह आठ बजे चलेगी और 11:30 बजे पर्यटकों को अंब से लेकर कांगड़ा, पालमपुर आएगी।

उन्होंने कहा यह वंदे भारत बस वोल्वो श्रेणी की होगी, जो सभी सुविधाओं से परिपूर्ण होगी। इसके साथ उन्होंने दूसरी बड़ी घोषणा देश के सैनिकों के सम्मान के लिए की। उन्होंने कहा प्रदेश के सभी वर्तमान और भूतपूर्व सैनिकों को प्रदेश के सभी टूरिज्म के होटलों में रहने पर आठ महीनों के लिए 50 प्रतिशत डिस्काउंट और अन्य चार माह मार्च, अप्रैल, मई और जून के लिए 30 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा।

साथ ही सभी सैनिकों को खाने पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा। उन्होंने तीसरी बड़ी घोषणा प्रदेश के सभी पंजीकृत पत्रकारों के लिए की। उन्होंने कहा प्रदेश के सभी पंजीकृत पत्रकारों को भी प्रदेश के सभी टूरिज्म के होटेलों में रहने पर आठ महीने के लिए 50 प्रतिशत डिस्काउंट और अन्य चार माह मार्च, अप्रैल, मई और जून में 30 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा। पंजीकृत पत्रकारों को खाने पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा।

इस दौरान आरएस बाली के साथ एमडी राजीव शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह, उपाध्यक्ष प्रताप रियाड़, महासचिव अरुण कटोच आदि मौजूद रहे।

#### आरएस बाली ने कीं प्रदेश पर्यटन विकास निगम की तीन बड़ी घोषणाएं

### भगवान राम की नगरी में यात्रियों को लेकर गई है निगम की बस, भक्तों में जोश

# पहली बार अयोध्या पहुंची एचआरटीसी की बस

जय ठाकुर, शिमला

हिमाचल से उत्तर प्रदेश में भगवान राम की नगरी पवित्र आयोध्या धाम के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा चलाई गई बस पहली बार यात्रियों को लेकर अयोध्या पहुंच चुकि है। अयोध्या बस अड्डे पर पहुंचते ही यात्रियों ने अपनी खुशी जाहिर की है। यह पहला मौका है, जब इनती लंबी दूरी तक भगवान राम की नगरी में यात्रियों को लेकर निगम की बस पहुंची है।

हिमाचल से अयोध्या के लिए पहले चरण में तीन रूटों को मंजूरी मिली है। इसके तहत शिमला और ऊना से भी अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू की जाएगी, जबकि हमीरपुर से अयोध्या के लिए बुधवार को बस सेवा शुरू की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा इस बस सेवा का शुभारंभ किया गया था। धार्मिक सर्किट योजना के तहत एचआरटीसी ने अयोध्या के लिए बसों का संचालन शुरू किया है। दूसरे चरण में नालागढ़, मनाली और धर्मशाला से अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू होगी। एचआरटीसी के बेड़े में शामिल हुई बीएस-6 सीरिज की नई बसों को अयोध्या के लिए चलाया जाएगा।

एचआरटीसी प्रबंधन द्वारा दिल्ली से अयोध्या तक बसें दो एक्सप्रेस-वे से होकर चलाई जा रही हैं। दिल्ली से निगम की बसें यमुना और आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे से होकर अयोध्या पहुंचेंगी। मुख्यमंत्री ने अवाहदेवी-हमीरपुर-अयोध्या बस सेवा को मुख्यालय से सटे पक्का भरो से प्रथम दर्शन योजना के तहत बुधवार को हरी झंडी दिखाई थी। यह बस सेवा बड़सर-ऊना होकर शुरू की गई है।

**जाने का समय**

| | |
|---|---|
| अवाहदेवी | 6:10 सुबह |
| हमीरपुर | 7:30 सुबह |
| चंडीगढ़ | 2:05 दोपहर |
| दिल्ली | 7:00 शाम |
| अयोध्या | 7:30 सुबह |

**आने का समय**

| | |
|---|---|
| अयोध्या | 11:25 सुबह |
| दिल्ली | 9:40 रात्रि |
| चंडीगढ़ | 2:30 सुबह |
| हमीरपुर | 08:00 सुबह |


यात्रियों को लेकर अयोध्या बस स्टैंड पहुंची एचआरटीसी की बस। निगम की बस इतने लंबे रूट पर पहली बार गई है।

| स्टेशन | किराया प्रति यात्री | स्टेशन | दूरी(किलोमीटर में) |
|---|---|---|---|
| अवाहदेवी | 1647 | अयोध्या | 1234 |
| हमीरपुर | 1592 | अयोध्या | 1210 |
| चंडीगढ़ | 1230 | अयोध्या | 992 |
| दिल्ली | 948 | अयोध्या | 732 |

## न्यूज ब्रीफ

### नूरपुर में किराने की दुकान से 512 ग्राम चरस बरामद, मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने किराने की दुकान से आधा किलो से अधिक चरस बरामद की है। थाना नूरपुर के वार्ड नंबर पांच में नशा तस्करों के खिलाफ की इस कारवाई में पुलिस ने चमन लाल पुत्र सतपाल सिंह निवासी वार्ड नंबर पांच नूरपुर जिला कांगड़ा के कब्जे से उसकी किराने की दुकान की तलाशी के दौरान 512 ग्राम चरस बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी पुलिस जिला नूरपुर अशोक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी चमन लाल पुत्र सतपाल एक शातिर व अभयस्थ अपराधी है। इस पर और भी कई मामले दर्ज हैं।

### रेणुकाजी में नशीली दवाइयों और कैप्सूल के साथ दो गिरफ्तार

**रेणुकाजी ।** रेणुका जी पुलिस ने दो स्थानीय युवकों को नशीली दवाइयों और कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार अरुण (34) पुत्र जगदीश गांव बड़ोन व इंर्द सिंह (33) पुत्र सोहन सिंह गांव धारटारन को इस मामले में पकड़ा है। दोनों युवक स्कूटी पर सवार होकर नाहन से ददाहू आ रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें ददाहू के साथ लगते बायरी सड़क के समीप जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से 576 कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान अरुण पुत्र, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। डीएसपी संगड़ाह मुकेश डढवाल ने बताया कि शुक्रवार उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

### भरमौर में 175 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति दबोचा, मामला दर्ज

**चंबा।** पुलिस थाना सदर चंबा की टीम ने चंबा भरमौर मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान 175 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने की सफलता हासिल की है। इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस थाना सदर दल ने भरमौर मार्ग पर गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति को तलाशी के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान उसके बैग से 175 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी की पहचान दिनेश कुमार पुत्र हरदयाल गांव उथलोग डाकघर चरड़ा तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है।

### दो अलग-अलग मामलों में आधा किलो चरस पकड़ी, चार गिरफ्तार


**चंबा।** चंबा पुलिस ने नशे के दो अलग-अलग मामलों में कुल 544 ग्राम चरस सहित चार युवकों को पकड़ने में सफलता हासिल की। वीरवार को पुलिस थाना प्रभारी जगबीर सिंह की अगुआई में एनएच 154ए पर स्थित गोली जीरो प्वांट पर नाकाबंदी की गई थी । इस दौरान 23 वर्षीय युवक के कब्जे से कुल 122 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान भगत सिंह पुत्र गोविंद सिंह गांव चैची डाकघर सिधोठ तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है। वहीं,, पुलिस ने एक अन्य मामले में फूलगत काली माता मंदिर के पास नाकाबंदी के दौरान शक के आधार पर एक गाड़ी से तीन युवकों 422 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। इन तीनों आरोपियों की पहचान अमन प्रकाश (33) मोहल्ला ओपीडी डा. सुल्तानपुर चंबा, देशराज (39) गांव पलहाधु डा. सरू एवं कुलदीप (39) गांव पलहाधु डाकघर सरू तहसील एवं जिला चंबा के रूप में हुई है।

## सुक्खू सरकार ने 1100 करोड़ का कर्ज लेने के लिए आरबीआई के पास किया आवेदन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पहले से ही अरबों के कर्ज तले दबा हुआ है। अब फिर से सरकार लेने जा रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने 1100 करोड़ का कर्ज लेने के लिए आरबीआई के पास आवेदन किया है। वर्तमान सरकार ने बीते करीब सवा साल के दौरान अब तक 13400 करोड़ का कर्ज ले लिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पांच सौ करोड़ और छह सौ करोड़ रुपए के कर्ज के लिए आवेदन किया गया है । ऐसे में अब प्रदेश में लिए गए कर्ज का बोझ 80 हजार करोड़ पहुंच गया है। कर्ज के लिए किए गए आवेदन के तहत प्रतिभूतियों की नीलामी आरबीआई के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपने मुंबई कार्यालय में 12 मार्च 2024 को आयोजित की जाएगी। प्रतिस्पर्धी बोलियां भारतीय रिजर्व बैंक कोर बैंकिंग पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत की जाएंगी। पूर्व की जयराम सरकार पर ऋण लेने को लेकर सवाल उठाने पर भाजपा सरकार वर्तमान सरकार को लगातार ऋण लेने के लिए घेर रही है। ऐसे में वेतन व पेंशन के अलावा विकास कार्यों के लिए सरकार को कर्ज लेना पड़ रहा है।



### हर हर महादेव


शिमला के गंज मंदिर से शिवरात्रि के अवसर पर निकाली गई शिव बारात में भाग लेते श्रद्धालु।

# कर्मचारियों की लंबित अदायगी का भुगतान नहीं कर रही सुक्खू सरकार: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों के साथ मजाक कर रही है। उनके किसी भी लंबित अदायगी का भुगतान नहीं कर रही है। हाल ही में कर्मचारियों के डीए और वेतन आयोग के एरियर के संबंध में जो नोटिफिकेशन सरकार द्वारा जारी की गई। गया इससे भद्दा मजाक कर्मचारियों के साथ हो नहीं सकता है। एक तरफ सरकार खुद को कर्मचारी हितैषी बताती है, तो दूसरी तरफ उनके लंबित देय के भुगतान के लिए अजीबो-गरीब नियम बनाती है।



जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि अभी हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा चार प्रतिशत डीए देने की घोषणा की थी, लेकिन इसके एरियर की जो अधिसूचना सरकार द्वारा की गई थी वह प्रदेश के कर्मचारियों के साथ मजाक हुआ है, जो फार्मूला सरकार द्वारा एरियर के भुगतान के लिए 67 महीनें का समय लगेगा। हर तरफ से आलोचना होने के बाद सरकार ने वह अधिसूचना वापस ले ली, लेकिन कोई नई अधिसूचना अभी तक जारी नहीं की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार जल्दी से जल्दी नई अधिसूचना जारी करे। जयराम ठाकुर ने कहा कि पे कमीशन का एरियर देने के नाम पर भी सरकार ने कर्मचारियों के साथ मजाक किया। उनकी भावनाओं के साथ खेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि छठवां पे कमीशन जो 2016 से देय था, उसे कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में लागू ही नहीं किया, जब हमारी सरकार आई तो हमने छठवां पे कमीशन लागू किया, जो एरियर कर्मचारियों का बनता था, उसमें से एक मुश्त 50 हजार रुपए का का भुगतान भी कर्मचारियों और पेंशनर्स को दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि बकाया के एरियर के लिए प्रदेश के कर्मचारी सरकार से आस लगाए बैठे थे। डेढ़ वर्ष के बाद जब लोकसभा चुनाव सर पर आते दिखे तो सरकार ने एरियर के भुगतान के लिए एक अजीबो-गरीब अधिसूचना जारी कर दी। यह अधिसूचना भी कर्मचारियों के साथ किसी भद्दे मजाक से कम नहीं है। हर कर्मचारी ठगा हुआ सा महसूस कर रहा है। इस अधिसूचना के अनुसार कर्मचारियों यह समय 33 सालों में अपना एरियर मिल पाएगा, जिस कर्मचारी की उम्र आज 55 साल है। वह यह धनराशि लेते-लेते 88 साल की उम्र तक पहुंच जाएगा।

#### एलपीजी के दाम घटाने के लिए प्रधानमंत्री को कहा थैंक्स

**जयराम** ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा एलपीजी के दामों में 100 रुपए की कमी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि एलपीजी के दामों में कटौती से करोड़ों परिवारों को राहत मिलेगी। महिला दिवस के अवसर पर सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मनुष्यता मातृशक्ति के उपकारों की ऋणी है। हर दिन महिला का दिन है। मैं मातृशक्ति को नमन करता हूं।

### हैप्पी बर्थडे


कुल्लू की अरिशा शर्मा को जन्मदिन पद 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### अमित शाह से मिले हर्ष महाजन

**शिमला।** प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं पहली बार भाजपा से निर्वाचित राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। हर्ष महाजन केंद्रीय मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मिले। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने उनको राज्यसभा जीत की शुभकामनाएं दीं और इस जीत के लिए महाजन ने केंद्रीय मंत्री का आभार भी जताया। हर्ष महाजन ने कहा की केंद्र से हिमाचल प्रदेश को अरबों रुपए आ रहे हैं पर हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार उन पैसों से केवल मात्र सत्ता सुख भोगने का कार्य कर रही है।



**सौगात** 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि' के लिए सरकार ने मांगे आवेदन

# लेने हैं 1500 रुपए, तो भरो फार्म

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश की करीब पांच लाख महिलाओं को प्रति माह 1500-1500 रुपए देने के लिए राज्य सरकार ने अब फार्म जारी कर दिए हैं। राज्य की सुक्खू सरकार अब 18 से 60 साल तक की पांच लाख से अधिक पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 से 1500-1500 रुपए हर माह देगी।

पात्र महिलाओं को 1500 रुपए का लाभ प्राप्त करने के लिए एक फार्म भरना होगा। इसमें लाभार्थी को अपनी जानकारी के साथ विभिन्न तरह के प्रमाण पत्र, श्रेणी, सरकारी नौकरी, आय सहित अन्य जानकारी देनी होगी। सरकार ने फार्म जारी कर दिया है।

सरकार की इस पांचवीं गारंटी को लागू करने में राज्य सरकार के सालाना करीब 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। सरकार के अनुसार इससे प्रदेश के सभी परिवार सीधे-सीधे जुड़ेंगे। प्रदेश सरकार सभी पात्र महिलाओं के फार्म भरवाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि फार्म के तहत बैंक या डाकघर में खोले गए खाते की जानकारी देने को कहा है। आधार नंबर, राशन कार्ड नंबर, बीपीएल परिवार, जातीय और अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित जानकारी भी देने को कहा गया है।

#### लाहौल-स्पीति में शुरू हुई सम्मान निधि

**राज्य** में सरकार ने प्रथम चरण में लाहौल-स्पीति की महिलाओं को सम्मान राशि दी। प्रदेश की 2,45,000 महिलाओं को पहली फरवरी से 1500 प्रतिमाह देने की घोषणा कर दी गई है। ये 60 से अधिक उम्र वाली महिलाएं, एकल नारियां आदि हैं।

#### तहसील कल्याण अधिकारी के पास होंगे आवेदन

**महिलाओं** को तहसील कल्याण अधिकारी के पास आवेदन करने होंगे। हिमाचल की मूल निवासी महिलाओं को ही योजना के तहत लाभ मिलेगा। तहसील कल्याण अधिकारी फॉर्म सत्यापित करेंगे। इसके बाद संबंधित विभाग की ओर से धनराशि जारी की जाएगी।




#### इन श्रेणियों के सदस्य होने पर नहीं मिलेगा लाभ

**परिवार** में केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारी, पेंशनर, अनुबंध, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालिक वर्ग के कर्मचारी होने पर महिलाओं को योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके अलावा सेवारत या भूतपूर्व सैनिक व सैनिक विधवा, मानदेय प्राप्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, आशा वर्कर, मिड-डे मील, मल्टी टास्क वर्कर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी, पंचायतीराज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारी, केंद्र-राज्य सरकार के तहत विभिन्न सार्वजनिक उपक्रम, बोर्ड, कार्उसिल, एजेंसी में कार्यरत, पेंशनभोगी, वस्तु एवं सेवाकर के लिए पंजीकृत व्यक्ति तथा आयकरदाता के परिवार वाली महिलाओं को भी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

### महंगाई के दौर में गैस के दामों में 100 रुपए की कमी, महिलाओं को मोदी का तोहफा

**शिमला।** देश सहित हिमाचल प्रदेश के लाखों गैस उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर घरेलू गैस की कीमतों में 100 रुपए कम करने का ऐलान किया है। ऐसे में पहले से लिए जा रहे गैस के दामों में गिरावट आने से लाखों परिवारों को राहत मिली है। महंगाई के दौर में प्रदेश के लाखों परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। कांगड़ा में जहां पहले गैस 955 में मिल रही थी, वहीं अब 855 में लोगों को 14.5 किलो का सिलेंडर मिलेगा। वहीं, किन्नौर में अब लोगों को 850 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। राज्य के कुल्लू जिला में 831.50 रुपए में लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर मिलेगा, वहीं राज्य के जनजातिय जिला लाहौल-स्पीती में 848 रुपए में सिलेंडर मिलेगा।

### एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपए की छूट का फैसला सराहनीय: भाजयूमो

**शिमला।** भाजयुमो ने कहा कि केंद्र सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की छूट का सराहनीय निर्णय लिया है। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से निश्चित तौर पर माताओं-बहनों का जीवन आसान होगा और करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। तिलक राज शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का संपूर्ण विकास ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की इस समय हिमाचल में लाखों करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, जिसमें सड़कों की सुविधा हो या बिजली की सुविधा हो ऐसी अनेक परियोजना को पूरा करना मोदी की प्राथमिकता है। आज अगर हिमाचल में एम्स, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे राष्ट्रीय स्तरीय संस्थान और अटल टनल जैसी सुविधा है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी ने 400 करोड़ से ज्यादा की परियोजना का लोकार्पण और शिलान्यास किया है।

# बम-बम भोले व जय शंभू के जयकारों से गूंजी राजधानी

## महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, मंदिरों के कपाट सुबह चार बजे खोल दिए गए, सफाई के बाद छह बजे से भक्तों की आवाजाही हुई शुरू

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिव-पार्वती विवाह को राजधानी शिमला में धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को शिवरात्रि पर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।


शहर के सभी मंदिरों को फूलों आदि से सजाया गया था। सुबह से ही शिवभक्त मंदिर पहुंचे। शिव मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, राममंदिर, संकटमोचन और तारादेवी समेत शहर के छोटे मंदिरों में भी श्रद्धालु सुबह से दर्शन और पूजा करने के लिए कतार में लगे रहे। महाशिवरात्रि के लिए सभी मंदिरों के कपाट सुबह चार बजे खोल दिए गए थे।

सफाई के बाद छह बजे से भक्तों की आवाजाही शुरू की गई। स्थानीय लोगों के अलावा शिमला घूमने आए सैलानी भी इस पर्व में शामिल होने के लिए सुबह से लाइन में लगे रहे। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि के लिए मंदिर की सजावट काफी पहले से की जा रही थी शिव मंदिर और राधा-कृष्ण मंदिर को 20 दिन पहले से सजाया जा रहा था। इस दौरान सभी मंदिर महादेव के उद्घोष से गूंज उठे। हर आयु वर्ग के लोग मंदिर पहुंचे और भगवान शंकर का अभिषेक किया। दूध, दही, घी और शहद से शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया। (अनंत ज्ञान)



शिमला के गंज मंदिर से शिवरात्रि के अवसर पर निकाली गई शिव बारात में भाग लेते श्रद्धालु।

### शिव मंदिर चिड़गांव में धूमधाम से मनाया शिवरात्रि महापर्व



**रोहड़ू।** शिवमंदिर चिड़गांव में शिवरात्रि महापर्व शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। हजारों लोगों ने इस मौके पर परिवार सहित नीलकंठ महादेव के ऐतिहासिक मंदिर चिड़गांव में शिवलिंग की पूजा की और जल व दूध चढ़ा कर रुद्राभिषेक किया। लोग घंटों तक कतारों में खड़े होकर पूजा करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिर में छह फरवरी से ही शिवरात्रि महापर्व का कार्यक्रम चल रहा है, जो नौ को हवन व यज्ञ में पूर्णाहुति देने व नीलकंठ महादेव के भंडारा प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत संपन्न होगा। चार दिनों के इस कार्यक्रम में पांच ब्राह्मणों द्वारा पूजा-पाठ, मंत्रोच्चारण जाप, रुद्राभिषेक हवन व यज्ञ करते हुए समस्त क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए भोलेनाथ का आह्वान किया जा रहा है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष व सचिव डॉ. विनोद चौहान ने बताया कि यह पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति की दारोहर है और भगवान के प्रति आस्था स्वरूप परमात्मा से मिलन का एक मार्ग है।

### टोडसा में तीन दिवसीय शिवरात्रि महापर्व की रही धूम



**रोहड़ू।** जांगला उपतहसील के अंतर्गत टोडसा स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में तीन दिवसीय शिवरात्रि महापर्व शुक्रवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हो गया। छौहारा क्षेत्र की सुप्रसिद्ध रणसार घाटी में स्थित इस मंदिर में रोहड़ू, चिड़गांव, टिक्कर व जुब्बल-कोटखाई सहित साथ लगते क्षेत्र से प्राचीन शिवलिंग के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की तीन दिन तक काफी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग के दर्शन कर दूध-दही व बेलपत्र चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की व्रत रखकर प्रार्थना की। महापर्व के आखिरी दिन शुक्रवार को सुबह चार बजे यज्ञ का विधान शुरू हुआ। 11 पंडितों के मंत्रोंचारण के साथ शिव मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष शमशेर सिंह, सचिव देस राज मेहता व सदस्य नेगी राम शर्मा, सत्य पाल शर्मा सहित अनुष्ठान में शरीक हुए सभी लोगों ने यज्ञ में पूर्णाहुति दी।



### जगह-जगह भंडारे का किया आयोजन

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के मंदिरों में तो श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया ही गया था, लेकिन इसके अलावा बाजार में भी लोगों ने अपनी श्रद्धा अनुसार जूस और भंडारे का आयोजन किया था। इस दौरान सड़क किनारे भी टेबल लगाकर गाजर का हलवा लोगों को खिलाया गया। कई जगह भक्तों ने घोटा बनाया था। वहीं, शनिवार को भी राधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### 11 बजे निकाली गई बारात

शुक्रवार सुबह नौ बजे शिव जी को सेहरा बांधा गया और 11 बजे मंदिर से बारात निकली। इसमें उज्जैन से आए तीस लोगों का दल शिव,-पार्वती, अर्धनारेश्वर, ब्रह्म, विष्णु, नारद, भूत-प्रेत की झांकियां निकाली और डमरू वादन किया गया।



### वाइब्रेशन हॉल में संपन्न हुआ विवाह

वाइब्रेशन हॉल में माता-पार्वती और शिव जी के लगन हुए और उज्जैन से आए भरत महाराज विवाह पढ़ा। बता दें कि शिमला में छठवीं बार शिव-गौरा विवाह करवाया जा रहा है। हिंदू रीति-रिवाजों के साथ माता-पार्वती की वाइब्रेशन हॉल से धूमधाम से विदाई हुई। माता गौरा के ससुराल आने पर मंदिर में आतिशबाजी की गई।

### श्रद्धालुओं ने जमकर किया नाच-गाना

**पार्वती** को लेने निकले भोलेबाबा की बारात डीसी ऑफिस से नाज तक गई। शिव भगवान को पालकी में बैठाकर कंधे पर उठाकर भक्तों ने जमकर नाच-गाना किया। इस दौरान रंग-बिरंगी झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। बारात में गए भक्तों ने जमकर डांस किया।

शिवरात्रि पर्व को यूं तो हर बार ही बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन इस बार श्रद्धालुओं की संख्या बहुत ज्यादा थी। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतार लगी रही। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग, युवा सभी वर्ग के लोग मंदिर पहुंचे हुए थे और अपनी श्रद्धा अनुसार भगवान शिव का दूध-दही से रुद्राभिषेक कर रहे थे। सैलानी भी इस पर्व में शामिल होने के लिए सुबह से लाइन में लगे रहे। शिवरात्रि के लिए मंदिर की सजावट काफी पहले से की जा रही थी शिव मंदिर और राधा-कृष्ण मंदिर को 20 दिन पहले से सजाया जा रहा था। **वासुदेव शर्मा, शिव मंदिर पुजारी।**

# एसएमसी अध्यापकों का अनशन समाप्त

## शिक्षा मंत्री ने अगली कैबिनेट में ठोस नीति बनाने का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश एसएमसी अध्यापकों का 43वें दिन क्रमिक अनशन समाप्त हो गया है। एसएमसी अध्यापकों ने 27 से क्रमिक अनशन शुरू किया था और आठ फरवरी से 18 तक पेन डाउन स्ट्राइक भी की 19 को बहुसंख्या में शिमला आकर आक्रोश भी किया उसी दिन शिक्षा मंत्री रोहित ने ये आश्वासन दिया कि आगामी कैबिनेट में आपकी नीति से संबंधित फैसला किया जाएगा।

सात को कैबिनेट में एसएमसी अध्यापकों को नियमित करने के लिए भर्ती एवं पदोनति नियमों में



संशोधन करने और ठोस नीति के तहत नियमित करने का कदम लिया गया है। कैबिनेट के तुरंत बाद एसएमसी अध्यापक संघ शिक्षा मंत्री से मिला और जल्द अधिसूचना करवाने तथा शीघ्र इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए निवेदन किया मंत्री ने कहा कि हम जल्द इस प्रक्रिया को शुरू करेंगे और सभी को नियमित करेंगे। एसएमसी अध्यापक संघ की तरफ से मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री और पूरी कैबिनेट का धन्यवाद किया। इस अवसर पर हिमाचल शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष प्रेम शर्मा और महासचिव लायक राम ने 43वें दिन जूस पिलाकर अनशन को तुड़वाया और साथ में ये भी कहा कि हम आगामी समय में आप के साथ हैं। एसएमसी अध्यापक संघ द्वारा भी हिमाचल शिक्षक महासंघ का धन्यवाद किया कि जब हम अनशन में बैठे थे और पेन डाउन किया था, तो सबसे पहले आपने हमें समर्थन दिया था।

# शिमला में वर्ष 2024-25 के लिए शराब के ठेके हुए नीलाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य कर एवं आबकारी विभाग शिमला द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक आबकारी नीलामी सामुदायिक भवन शिमला में आयोजित की गई। नीलामी प्रक्रिया डीसी शिमला अनुपम कश्यप की देख-रेख में पूर्ण हुई। जिलाधीश ने बताया कि विभाग द्वारा जिले में 26 शराब की इकाईयां बनाई गई थी, जिनका मूल्य 251 करोड़ 44 लाख रुपए तय किया गया था। 26 शराब की इकाइयों में से 18 शराब की इकाइयां 181 करोड़ 70 लाख रुपए में नीलाम की गई, जिनका आरक्षित





मूल्य 172 करोड़ 37 लाख रुपए तय किया गया था, जिसमें आरक्षित मूल्स से 5.41 प्रतिशत अधिक राजस्व जुटाने में सफलता हासिल की गई। जिले में 26 इकाइयों में से 18 इकालियों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। इस नीलामी प्रक्रिया के बाद बची आठ इकाइयों के ठेकों की नीलामी 11 मार्च को होगी।

# वार्ड सभा में रख सकेंगे शहरवासी अपनी परेशानी

**शिमला।** शहर के वार्डों में रविवार को वार्ड सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वार्ड के लोग अपनी समस्याओं के बारे में वार्ड के पार्षदों को अवगत करवाएंगे। इस दौरान बीपीएल पहचान पत्रों के नवीनीकरण के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। वार्ड पार्षद उनके वार्ड में बीपीएल परिवारों की सूची को तैयार करेंगे। अभी तक शहर में 2400 के करीब बीपीएल परिवार हैं। इस बार फिर से बीपीएल परिवारों की सूची बनाई जा रही है। इस दौरान बीपीएल परिवार में शामिल पुराने परिवारों की पात्रता भी दोबारा जांची जाएगी।

# बढ़ती रैगिंग के खिलाफ कठोर कदम उठाए सरकार : मनीष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के मेडिकल कॉलेज नाहन में जूनियर छात्रों से रैगिंग की गई, जो कि गलत है। इस पर एबीवीपी प्रदेश सहमंत्री मनीष बिरसांटा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज नाहन में कुछ दिन पहले एक घटना घटती है, जिसमें वहां के छात्रों के द्वारा ही अपने जूनियर छात्रों पर रैगिंग करने का आरोप सामने आया है। प्रदेश का युवा नशे की चपेट में धीरे-धीरे कैद होते जा रहा है। साथ ही साथ शिक्षण संस्थानों में ऐसी रैगिंग जैसी घटनाएं भी छात्रों के लिए एक अभिशाप की तरह हैं।

ऐसे कृत्यों के खिलाफ कठोर कानून एवं नियम बनाने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज के रैगिंग सैल को ऐसे कृत्यों के खिलाफ ठोस नियम बनाने की जरूरत है। प्रदेश सरकार द्वारा ऐसे अपराधों के खिलाफ कड़े कदम लेने की जरूरत है एवं कड़े नियम बनाने की जरूरत है, ताकि प्रदेश के किसी भी शिक्षण संस्थान में आने वाले समय में कभी भी रैगिंग जैसे अपराध न घटे। एबीवीपी अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र हित, समाज हित, और छात्र हित के लिए मांग उठाने का काम करती आई है। समाज में हो रहे अपराधों के खिलाफ आवाज बुलंद करती आई है। डॉ. वाइएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन के प्रधानाचार्य ने कहा कि चार मार्च को वर्ष 2022 बैच के नौ छात्र एनाटॉमी विभाग के हाल में वर्ष 2023 बैच के छात्रों की रैगिंग में शामिल पाए गए। उन्होंने जूनियर छात्रों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। मामला संज्ञान आने के बाद जांच सलाहकार छात्र कल्याण की अध्यक्षता वाली कमेटी ने की थी। बाद में एंटी रैगिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की छूट पर भाजपा ने प्रकट की खुशी

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

महिला दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की छूट का बड़ा फैसला लेने पर किन्नौर भाजपा ने खुशी व्यक्त की व इसे एक बड़ी राहत बताई।

प्रदेश वन विकास निगम उपाध्यक्ष व भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश प्रभारी सूरत नेगी ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में सौ रुपए की छूट प्रदेश की हमारी मातृ शक्तियों को भी निश्चित रूप से लाभान्वित करेगी और परिवार का आर्थिक बोझ भी कम होगा। वहीं भाजपा महिला मोर्चा किन्नौर धन

**प्रदेश की हमारी मातृ शक्तियों को निश्चित रूप से करेगी लाभान्वित**

माला ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को मोदी का शानदार उपहार बताया। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के प्रदेश की हर घर की प्रत्येक महिलाओं को जो 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी, उसको पूरा करने में महिलाओ के साथ भेदभाव न करें व प्रत्येक महिलाओ को पंद्रह सौ रुपए हर महीने दें।

# एशियन राफ्टिंग में भारत रायवोला को गोल्ड

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी के पंदोआ में चल रही एशिया राफ्टिंग चैंपियनशिप में डाउनरिवर, स्लैलम, आरएक्स रेस इवेंट की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

चैंपियनशिप के अंतिम दिन आरएक्स रेस के मुकाबले आयोजित किए गए। शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिता में आरएक्स नॉकआउट रेस सेमीफ़ाइनल व फाइनल आरएक्स नॉकआउट रेस रही। डाउनरिवर की शुरुआत प्रातः चार किमी तक देशों के पैडलिंग के साथ हुई, जहां रैप धीमे और स्थिर प्रवाह के साथ वैकल्पिक रहा। पुरुष वर्ग में मेजबान टीम ने पहले चरण में भारत के साथ पूरे मंच



पंदोआ में चल रही एशियाई राफ्टिंग चैंपियनशिप में दमखम दिखाते प्रतिभागी।

पर कब्जा कर लिया। केवल दो सेकंड के अंतर के साथ भारत बेल्गांव दूसरे स्थान पर हैं। मैनुअल के अनुसार, स्लैलम के दो मंचों में अधिकांश टीमों ने पहले रन में साफ-सुथरा प्रदर्शन किया। दूसरे दौर में दर्ज किए गए 138.72 के सर्वश्रेष्ठ समग्र समय के साथ, भारत रायवोला ने बिना किसी अवरोधक के पुरुष स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 1.49 सेकंड के अंतर से बेलगॉन ने पहले क्लीन रन की बदौलत भारत को रजत पदक दिलवाया। नेपाल ने पहली बार हल्के तेज एक्वाडिजाइन राफ्ट में पैडलिंग करते हुए पहली बार नो टच रन के साथ 144.44 के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग में दो सेकेंड की पेनल्टी के बावजूद बढ़त ईरान के हाथ में रही, जिसे 201.34 अंक मिले। 210.63 के साथ इंडिया तीन दूसरे स्थान पर और 224.20 के साथ इंडिया एक तीसरे स्थान पर रहा।

मिक्स श्रेणी का पोडियम डाउनरिवर में सभी राफ्टर्स ने दूसरे रन में सर्वश्रेष्ठ समय स्कोर किया। भारत 17 को 164.08 के साथ स्वर्ण, नो टच के साथ भारत 18 को 170.66 के साथ रजत और 180.74 के साथ भारत 16 को कांस्य प्राप्त किया। आज नॉक आउट में अंतिम आरएक्स कीमती अंक दिया जाएगा, जो रैंकी की पुष्टि या उलट देगा। (अनंत ज्ञान)

### एपी ब्रांच ने न्यू ओपीडी ब्लॉक का किया निरीक्षण



**शिमला। निगम की एपी ब्रांच ने आईजीएमसी के न्यू ओपीडी ब्लॉक का निरीक्षण किया। यह बिल्डिंग शहर की सबसे बड़ी बिल्डिंग है, जिसे निगम ने कंप्लीशन की सशर्त मंजूरी दे दी है, जिसे सरकार ने ही हाइट की रिलेक्सेशन दी थी। आर्किटेक्ट प्लानर महबूब शेख की मौजूदगी में भवन का निरीक्षण किया और सभी तकनीक चीजों की जांच की।**

**कार्यक्रम** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिव्यांग बेटियां किसी के एजेंडे में नहीं, उमंग के वेबिनार में बताई पीड़ा

# दिव्यांग महिलाओं के मुद्दों पर नहीं होती चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उमंग फाउंडेशन के वेबीनार में उच्च शिक्षित दिव्यांग बेटियों ने एक स्वर में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस ही नहीं, अन्य अवसरों पर भी दिव्यांग महिलाओं के मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं होती।

इस वेबिनार कार्यक्रम के सभी दायित्व दिव्यांग महिलाओं ने ही निभाए। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने दिव्यांग बेटियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें समस्याओं के समाधान भी सुझाए। भारतीय चुनाव आयोग की दृष्टिबाधित ब्रांड एंबेसडर और शिमला में असिस्टेंट प्रोफेसर मुस्कान नेगी कार्यक्रम की मुख्यातिथि थीं। टांडा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रही व्हीलचेयर यूजर निकिता चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की संयोजक स्कूल लेक्चरर सवीना जहां के अनुसार मुस्कान नेगी ने कहा कि अपवादों को छोड़कर दिव्यांग बेटियों को आमतौर पर सभी स्तरों पर भेदभाव और उपेक्षा का शिकार बनाया जाता है।

शिक्षण संस्थानों में उन्हें खेल एवं अन्य गतिविधियों में शामिल नहीं किया जाता। दृष्टिबाधित असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतिभा ने कहा कि दिव्यांग लड़कियों में डिप्रेशन की समस्या काफी आम होती है। परिवार, स्कूल और कॉलेज तक में उनकी इस समस्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं होता। प्रदेश विश्वविद्यालय से संगीत में पीएचडी स्कॉलर दृष्टिबाधित श्वेता शर्मा ने बताया कि दृष्टिबाधित लड़कियों को पीरियड्स और वैज्ञानिक ढंग से स्वच्छता रखने के बारे में ग्रामीण क्षेत्रों में बिलकुल भी जानकारी नहीं होती।

### कई दृष्टि बाधित लड़कियों को सुनाई नहीं देता

उच्च शिक्षित दृष्टिबाधित भावना ठाकुर का कहना था कि लोग ऐसा समझते हैं कि दृष्टिबाधित लड़कियां किसी कार्य के योग्य नहीं है। वे बातचीत का अवसर आने पर उनसे सीधे बात करने से कतराते हैं, उन्हें लगता है कि दृष्टि बाधित लोगों को सुनाई भी नहीं देता।

### कई क्षेत्रों में होता उपहास

स्कूल में संस्कृत की शिक्षिका पूनम शर्मा को छोटा कद होने के कारण उपहास का पत्र बनाया जाता रहा है। उनकी योग्यता की बजाय छोटे कद से उनका आकलन किया जाता है।

### यौन उत्पीड़न का खतरा

निकिता चौधरी ने कहा कि गंभीर दिव्यांगता वाली लड़कियों को यौन उत्पीड़न का खतरा सबसे ज्यादा होता है। ऐसी हर लड़की को जीवन में कम से कम चार बार यौन उत्पीड़न का शिकार बनना पड़ता है।

### माता-पिता हिस्से की जमीन तक नहीं देते

एक सरकारी विभाग में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट और पूरी तरह दृष्टिबाधित अंजना कुमारी ने अपने अनुभव सुनाते हुए कहा कि दिव्यांग बेटियों को माता-पिता उनके हिस्से की जमीन तक नहीं देते हैं। वे सोचते हैं की दृष्टि बाधित लड़की जमीन का क्या करेगी। प्रो. अजय श्रीवास्तव ने उमंग फाउंडेशन से जुड़ी इन सभी उच्च शिक्षित बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके संघर्ष और हौसले ने ऐसी दूसरी बेटियों को भी प्रेरणा दी है। कार्यक्रम में लगभग 50 लोगों ने हिस्सा लिया।

# भाषण प्रतियोगिता में सोनिका प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेरवा कॉलेज में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का थीम इंस्पायर इंक्लूजन रखा गया। नेरवा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत की व दीप प्रज्वलन कर विधिवत इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सजग हैं। यह दिन विशेष रूप से महिलाओं के समर्पण, साहस और समृद्धि को समर्थन करने का है। आज महिलाएं समाज में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं, चाहे वह किसी क्षेत्र में हों। कार्यक्रम में महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में सोनिका शर्मा ने पहला स्थान, शालू ने द्वितीय,



नेरवा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंस्पायर इन्क्लूजन थीम में भाग लेती स्टूडेंट्स।

सोनल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में आंचल ने पहला, कृति व प्रीति ने दूसरा और शीतल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षा प्रोफेसर सीमा जस्टा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नए कदम उठाने की आवश्यकता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए हमें साथी बनना होगा। हम एक समृद्ध, समान और समर्पित समाज की दिशा में कदम बढ़ाने का समर्थन करते हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और उज्ज्वल भविष्य मिले। इस कार्यक्रम में प्रो. बलवीर सागर, प्रो. नरेंद्र नेगी, डॉ. विकास सुमन, प्रो. संजीव जस्टा, प्रो. दिनेश शर्मा, अनिता सांमटा, राजेंद्र ठाकुर, राजेंद्र पिस्टा सुरेंद्र शर्मा संतोषी ठाकुर, नाजरू देवी सहित लगभग 300 लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कल नाहन में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**नाहन।** सहायक अभियन्ता विद्युत उप मंडल नाहन ने यह जानकारी दी है कि 10 मार्च रविवार को 33 के0वी0 गिरीनगर नाहन लाइन व 33 के0वी0/11 के0वी0 सब स्टेशन दो-सड़का तथा वहां से निकलने वाले सभी 11 के0वी0 फीड़रो पर आवश्यक मुरम्मत का कार्य किया जाना है, जिस कारण नाहन शहर, गुन्नू घाट, चौगान, कच्चा टैंक, शम्भुवाला, बनकला सतीवाला बोहलियों, मातरभेडों, कटासन, उत्तमवाला, सैनवाला, बोगरिया, नेहरला, चासी, सुरला, महीधार, धारक्यारी, जाब्बल का बाग, जमटा, रामाधोण, पंजाहल, धगेड़ा, आमवाला, बांका बाडा औद्योगिक क्षेत्र व मोगीनन्द के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 बजे से सांय 6 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होने आम जन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह शट डाउन पूर्ण रूप से मौसम के अनुकूल होने पर ही किया जाएगा।

### कालाअंब में आग से बचाव के तरीके बताए

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की तहसील नाहन के अंतर्गत साई कॉर्पोरेशन कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र में आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर एवं चतुर्थ वाहिनी गृहरक्षक विभाग सिरमौर के अंतर्गत अग्निशमन चौकी कालाअंब के संयुक्त तत्वावधान में अग्नि सुरक्षा एवं बचाव अभियान पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। गृह रक्षक चतुर्थ वाहिनी सिरमौर के आदेशक तोताराम शर्मा ने बताया कि इस अभ्यास को करवाने का उद्देश्य उद्योगों में लगातार बढ़ रही अग्निकांड की घटनाओं एवं आने वाले ग्रीष्म ऋतु में इनकी बढ़ोतरी को मद्देनजर रखते हुए करवाए जा रहे हैं। अग्निशमन चौकी, कालाअंब के फायरमैन राजेश गोर ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 45-50 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा सहयोगी टीम के रूप में स्थानीय कालाअंब फायर स्टेशन के कर्मचारी भी मौजूद थे।

### माउंटेन गर्ल बलजीत कौर का किया सम्मान



माउंटेन गर्ल बलजीत कौर को सम्मानित करती संस्था के पदाधिकारी।

**सोलन।** महिला दिवस पर सोलन की माउंटेन गर्ल बलजीत कौर को इंडमाउंट संस्था ने सम्मानित किया। कौर ने प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने पर संस्था का आभार व्यक्त किया है। यह पुरस्कार पर्वतारोहण सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व की याद दिलाता है। बलजीत ने कहा कि बाधाओं को तोड़ने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए वह प्रतिबद्ध है।

### डॉ. सुधी ने संभाला एसएमओ पांवटा का पदभार

**पांवटा साहिब।** सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में नए एसएमओ डॉ. सुधी गुप्ता ने पदभार संभाल लिया है। उन्होंने पदभार संभालने के बाद कहा कि अस्पताल में बेहतर सुविधाओं के लिए प्रयास करेंगे। पांवटा साहिब के सिविल अस्पताल में इलाज करवाने वालों को बेहतर सुविधाओं के लिए डॉ. सुधी गुप्ता ने सुझाव आमंत्रित किए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल में कैंटीन की सुविधा भी शुरू की जाएगी, ताकि अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ ठहरे उनके तीमारदारों को बेहतर खाने की सुविधा मिल सके। वहीं, उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को यदि अस्पताल में कोई असुविधा होती है, तो उनसे सीधे बात की जा सकती है।

### सोबन माजरा में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**बीबीएन।** हड्डूर महिला बहुउद्देशीय सह- सहकारी समिति की ओर से सोबन माजरा में महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर समाज के भलाई के लिए कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की ओर से भाषण, कविताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नालागढ़ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सपना पडिंत ने महिलाओं को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। महिला शिक्षित होनी चाहिए। तभी वह समाज का उत्थान कर सकती है। इस मौके पर डी.डी.एम. नाबार्ड अशोक चौहान, पंजैहरा के प्रधान राजेंद्र कुमार, जोगिंद्रा बैंक के प्रबंधक बली मोहम्मद, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष इंदू वैद्य, समिति की प्रधान मनप्रीत कौर, सचिव बरजिंद्र कौर, अंजना कुमारी समेत 280 महिलाओ कार्यक्रम में भाग लिया।

### शूलिनी विवि में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



सोबन माजरा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय (एमएमयू) के सहयोग से शूलिनी विश्वविद्यालय के मिल्खा सिंह कांप्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। महिला दिवस पर स्वास्थ्य शिविर विश्वविद्यालय समुदाय के भीतर व्यापक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। स्वास्थ्य शिविर में शूलिनी विश्वविद्यालय के 100 से अधिक संकाय, कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने एमएमयू में विभिन्न विशिष्टताओं में चिकित्सा पेशेवरों की सेवाओं से लाभ उठाया। एमएमयू अस्पताल के डॉक्टरों डॉ. तुषार, डॉ. प्रिया, डॉ. पुलकित भटनागर और डॉ. रिधिमा शामिल हैं, ने चार प्रमुख विभागों चिकित्सा, आर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग और हृदय विज्ञान में अपनी विशेषज्ञता प्रदान की। स्वास्थ्य शिविर ने योगानंद स्कूल ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड हैप्पीनेस के साथ साझेदारी करके प्रतिभागियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की।

## गोलजमाला में बिना ट्रीटमेंट छोड़ा जा रहा केमिकल युक्त पानी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के गोलजमाला स्थित एक फूड कंपनी लगातार केमिकल युक्त पानी नाले में छोड़कर प्रदूषण फैला रही है। कंपनी प्रबंधन केमिकल युक्त पानी को ट्रीटमेंट करने की बजाए नालों में छोड़कर नियमों की धज्जियां उड़ा रही है। इसके बावजूद भी प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड कोई कार्रवाई अमल में नहीं ला रहा है। कंपनी द्वारा छोड़ा जा रहा काले रंग का केमिकल युक्त पानी

नालों से होकर सरसा नदी तक पहुंच रहा है, जिसे पालतू पशु भी पी रहे है। वहीं, इसके अलावा ये केमिकल युक्त पानी नदियों में मछलियों के लिए भी खतरनाक है। पहले भी सिरसा नदी में लाखों की संख्या में मछलियों के मरने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। गत वीरवार को गोलजमाला नाले में काले रंग का जहरीला पानी भारी मात्रा में नजर आया। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी के सीनियर एक्सईएन प्रवीण गुप्ता का कहना है कि अगर कंपनी केमिकल युक्त पानी नाले में छोड़ रही है, तो उसकी जांच की जाएगी।

**स्क्रैप में आग लगाने वाली कंपनी पर भी नहीं हुई कार्रवाई :** ग्रामीण मंझौली में स्क्रैप में आग लगाने वाली कंपनी पर भी एक माह बाद कोई कार्रवाई अमल में



कंपनी ने नाले में फेंका वेस्ट मैटेरियल

नहीं लाई गई है। कंपनी ने 11 फरवरी को कंपनी परिसर में स्क्रैप में आग लगाई थी, जिससे गांव के पूरे एरिया में केमिकल युक्त धुएं से ग्रामीणों को सांस तक लेने में भारी परेशानी उठानी पड़ी। इसके बावजूद भी प्रदूषण बोर्ड ने कोई कार्रवाई नहीं की।

इससे साफ होता है कि प्रदूषण बोर्ड पर्यावरण को सुरक्षित रखने में कितना लापरवाह है। पंचायत प्रधान कुलदीप कौर, उपप्रधान अवतार सिंह, वार्ड पंच कुलदीप का कहना है कि प्रदूषण विभाग को पंचायत ने प्रस्ताव डालकर कंपनी की शिकायत की थी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नही हुई है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द कंपनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो बोर्ड के खिलाफ ठोस रणनीति तैयार की जाएगी।

इस बारे प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी के एक्सईएन का कहना है कि उच्च अधिकारियों को कंपनी से बिजली कनेक्शन काटने के बारे में लिखा है, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# शिवालयों में श्रद्धा और उल्लास से मनाई महाशिवरात्रि

## मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने नवाया शीश, माल रोड पर निकली शिव बारात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय सोलन के शिवालयों में ॐ नमः शिवाय दिन भर गूंजा रहा। सोलन के प्रसिद्ध जटोली शिव मंदिर सहित नर्सिंग मंदिर, सलोगड़ा स्थित शिवालय और अन्य मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिवालयों को खूब सजाया गया था। शहर के वार्ड 14 स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के अधिकतर मंदिरों में विशेष पूजा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

इस दौरान भक्तों ने जहां एक तरफ भोलेनाथ के भजन गाए, तो वहीं दूसरी तरफ बिल्व पत्र, दूध, दही से भोलेनाथ का अभिषेक भी किया। शिव भक्तों ने दिनभर व्रत कर भी भोलेनाथ को मनाया। अधिकतर मंदिरों में सुबह सवेरे से ही भक्तों की लाइनें लग गईं और यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस दौरान भक्तों ने शिवालय में शीश नवाया और मन्नतें मांगीं। सबसे अधिक भीड़ एशिया के सबसे ऊंचे शिव मंदिर में शुमार जटोली में देखने को मिली। यहां भक्त सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान के दर्शन करने के लिए पहुंचे। यहां अधिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने भी पहले ही अपनी तैयारी पूरी कर ली थी। यहां पुलिस विभाग से कर्मी भी तैनात किए गए थे। इसी प्रकार से सलोगड़ा, शिव ढाक, पट्टा मोड सहित जिला के अन्य शिवालयों में भी भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे।

**सोलन में निकली शिव बारात :** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में माल रोड पर शिव बारात भी निकाली गई। यह शिव बारात दोपहर 3 बजे चौक बाजार से निकली और शाम पुराने डीसी ऑफिस पहुंची। इस दौरान भगवान शिव, पार्वती, गणेश व सहित कई अन्य झांकियां भी माल रोड पर निकाली गईं, जिसका लोगों ने खूब लुत्फ लिया।



महाशिवरात्रि पर सोलन के महाकालेश्वर मंदिर में शिवलिंग का जलाभिषेक करते भक्तजन। (दाएं) पांवटा के प्राचीन मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़।

### भोलेनाथ के जयकारों से गूंजे मंदिर

**नाहन।** महाशिवरात्रि का पर्व जिला सिरमौर के विभिन्न मंदिरों में शुक्रवार सुबह से ही बड़ी संख्या में शिवभक्त भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठे। शिव भक्तों ने भोले नाथ का दूध, गंगाजल, दही, शहद, शक्कर व फल, भांग धतूरा आदि से जलाभिषेक किया। मंदिरों में भक्तों के लिए फलाहार का भंडारा भी लगाया गया। पुजारी ने बताया कि मंदिर में शिवरात्रि का विशेष पूजन किया गया। रानीताल स्थित शिव मंदिरों में शिवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही और कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने लाइनों में लगकर पावन पिंडी के दर्शन किए।

### प्राचीन महादेव मंदिर पातालेश्वर में हजारों श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

**पावंटा साहिब।** शिवरात्रि के महापर्व पर जिला सिरमौर के प्राचीन महादेव मंदिर पातालेश्वर में हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। महादेव के दर्शन करने के लिए लोग लंबी-लंबी कतारों में खड़े रहे। मंदिर समिति के प्रधान दाता राम और लक्ष्मी चंद अत्री ने बताया कि शिवरात्रि का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित कई जगहों से यहां श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष यहां पर शिवरात्रि धूमधाम से मनाई जाती है और इस वर्ष मंदिर समिति ने विशेष रूप से यह प्रयास किया था कि श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधा मिले, ताकि सभी लोग सुचारु रूप से महादेव के दर्शन कर पाएं। उन्होंने कहा कि 9 मार्च को मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह भंडारा हर वर्ष श्रद्धालुओं के लिए लगाया जाता है। इस वर्ष भी मंदिर समिति ने पिछले साल से और बेहतर ढंग से भंडारे का आयोजन करने का प्रयास किया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि भंडारे में अधिक से अधिक लोग शिरकत करें और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

## रेणुका तीर्थ में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना व अभिषेक

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

रेणुका तीर्थ में शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की व अभिषेक किया। शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सन्यास आश्रम रेणुका के महंत स्वामी भीम पुरी व व्यवस्थापक दीनदयाल पुरी ने शिवरात्रि के दौरान अपने भक्तों का आह्वान किया कि गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए।

महंत भीमपुरी ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय हित में एक महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म के लोग गाय के दूध को पीते हैं और गाय के दूध की पौष्टिकता तथा सात्विक महत्व को भी जानते हैं, परंतु कुछ विधर्मी लोग गाय के दूध के साथ-साथ गए के मांस खाने से भी गुरेज नहीं करते। भगवान श्री कृष्ण ने भी गाय का पालन किया था और और उन्होंने स्वयं एक ग्वाला के रूप में अपनी लीला करके अपने आप में एक आदर्श स्थापित किया



भगवान शंकर की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

कि गाय की रक्षा सुरक्षा और पालन करना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म के लोग मिलकर गो माता को राष्ट्र माता, राष्ट्र पशु का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास करें ताकि गो माता बेसहारा न रहे।

गो माता के रोम रोम में 33 कोटी देवी-देवताओं का वास रहता है। गो माता का हर एक उत्पाद गोबर, गोमूत्र, दूध, घी दही अपनी अपनी पौष्टिकता के साथ-साथ एक सात्विक महत्व भी रखते हैं तो गो माता की रक्षा के लिए आप सभी धर्म के लोग आगे आए और गो माता को राष्ट्र माता करने के लिए अपना-अपना प्रयास करना चाहिए। उधर, रेणुका तीर्थ में शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की।

## बीबीएन में गूंजे भोले के जयकारे

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों व शिवालयों में दिन भर बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयघोष के नारे लगते रहे।

मंदिरों में प्रातः 5 बजे से ही भगवान शिव की पूजा-अर्चना शुरू हो गई। श्रद्धालु क्षेत्र के बाबा बर्फानी शिव मंदिर, महादेव मंदिर, भल्लेश्वर मंदिर, शीतला माता के शिव मंदिर, चोये वाला मंदिर, तालाब वाला मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, गबला कुंआ स्थित शिव मंदिर, अस्पताल में स्थित मंदिर, चुहूवाल सहित नालागढ़ उपमंडल के शिवालयों में दर्शन करने गए।



नालागढ़ के शिव मंदिर में माथा टेकते श्रद्धालु।

### जल शक्ति विभाग में अधीक्षण अभियंता बने सुमित सूद



**सोलन।** जल शक्ति विभाग सोलन में कार्यरत एक्सईएन सुमित सूद पदोन्नत होकर अधीक्षण अभियंता बने हैं। वह शिमला कार्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। सोलन के चौक बाजार निवासी सूद के पदोन्नत होने पर शहरवासियों ने खुशी जताई, साथ ही उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं भी दी हैं। सुमित सूद ने बतौर सहायक अभियंता अपनी सेवाएं शुरू की थी। सोलन डिवीजन के तहत उनके कार्यकाल में कई योजनाएं सिरे चढ़ीं।

### कैंपस इंटरव्यू 12 मार्च को

**सोलन।** मैसर्ज मित्रा मेडिकल सर्विसिज परवाणू में 3 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 12 मार्च को प्रातः 10.30 बजे उपरोजगार कार्यालय कसौली में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी संदीप ठाकुर ने दी। संदीप ठाकुर ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता एमसीए व इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंयुनिकेशन इंजीनियरिंग व आयु 21 से 30 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल EEMIs पर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नंबर 01792-227242, मोबाइल नम्बर 70189-18595 तथा 70180-23273 पर संपर्क किया जा सकता है।

### महिलाओं को 1500 का लालच देकर ठगना चाहती है कांग्रेस : प्रताप रावत

**नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए के नाम पर एक बार फिर ठगने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले अपनी सभी चुनावी जनसभा में कहा था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो हम 18 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का फैसला पहली कैबिनेट बैठक में करेंगे। सरकार को 14 महीने का समय हो गया है, लेकिन प्रदेश की किसी भी महिला को आज तक 1500 रुपए नहीं मिले हैं।

### हाई-वे बड़ीपुर से वाई प्वाइंट तक फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाया जाए

**पांवटा साहिब।** वरिष्ठ नागरिक परिषद पांवटा साहिब की बैठक राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसके उपरांत पिछली कार्यकारिणी की कार्यवाही महासचिव शांति स्वरूप गुप्ता ने रखी, जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया। बैठक में सभी सदस्यों ने इलेक्शन कमेटी चेयरमैन ऐंडी सरीन को नियुक्त किया। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से राजेंद्र शर्मा को प्रधान चुना गया व उनको कार्यकारिणी का अधिकार भी दिया गया। सदस्यों ने पांवटा के एसडीएम को पत्र देकर अपनी मांग रखी कि हाई-वे बड़ीपुर से वाई प्वाइंट तक फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण रोका जाए। वाई प्वाइंट से यमुना पुल तक लोगों ने टीन शेड बनाए हैं, उन्हें भी हटाया जाए। उन्होंने बताया कि बाजार में दुकानों के सामने सामान की रेडी वालों को भी हटाया जाए। शहर के मुख्य तीन चौराहों बद्रीपुर चौक, अग्रसेन चौक, बंगरण चौक व विश्वकर्मा चौक पर ट्रैफिक लाइट्स लगाई जाएं।

### महिला दिवस पर सिलेंडर के दाम घटाने पर पीएम का धन्यवाद व्यक्त

**सोलन।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहनों को लेकर सदैव भावनात्मक रिश्ता रहा है। धुआं मुक्त उज्ज्वला योजना से प्रारंभ किया सफर 18 सितंबर 2023 को नारी शक्ति वंदन बिल पास होने तक रहा, जहां महिलाओं को 33 फीसदी प्रतिशत आरक्षण का लाभ लोकसभा व विधानसभा में प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर प्रधानमंत्री ने 100 रुपए की रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती के आदेश से सभी बहनों के घर के बजट को संतुलित करने का प्रयास है। उन्होंने प्रधानमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया है।

### भूषण ज्वेलर्स के मालिक और पार्षद कुलभूषण गुप्ता का निधन



**सोलन।** भूषण ज्वेलर्स सोलन के मालिक, समाजसेवी और नगर निगम वार्ड-5 के पार्षद कुलभूषण गुप्ता का शुक्रवार को निधन हो गया। बतौर व्यवसायी भूषण चक्की के नाम से मशहूर कुलभूषण अपनी सादगी और गरीबों के प्रति सेवाभाव के चलते उनकी शहर में अलग पहचान थी। वर्तमान में वह नगर निगम सोलन वार्ड-5 से पार्षद थे। उनके निधन से शहर में शोक की लहर है। सामाजिक सरोकार रखने वाले गुप्ता ने सोलन के डांगरी में गो आश्रम भी चला रखा है, जिसमें 100 से अधिक गउएं पल रही हैं। गुप्ता कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से शहर ने एक कुशल व्यवसायी और समाजसेवी को हमेशा के लिए खो दिया।

## शिव और शक्ति ही संसार का मूल : स्वास्थ्य मंत्री शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें जन-जन के कल्याण के लिए एकाग्रचित्त होकर निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। डॉ. शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र के कंडाघाट उपमंडल के गंभेश्वर मंदिर प्रांगण में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस अवसर पर गंभेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की और सभी के सुखद जीवन एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। डॉ. शांडिल ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिव और शक्ति ही संसार का मूल हैं और हमारी सनातन परंपरा इस विषय में वैज्ञानिकता के साथ विश्व का मार्गदर्शन करती है।

उन्होंने कहा कि मानव जाति के साथ संपूर्ण सृष्टि का कल्याण ही धर्म का मूल है और हम सभी को धर्म के मर्म को जीवन में उतारना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी है। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि स्त्री समाज की धूरी है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपरा के अनुरूप महिलाओं का सदैव सम्मान करें और लड़कियों को जीवन में आगे बढ़ने के समुचित अवसर प्रदान करें। उन्होंने इसे पूर्व शुलानी में 5.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन तथा सामुदायिक भवन बोधन के समीप 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित पक्के एंबुलेंस मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने शूलानी माता मंदिर कोट की 1 लाख रुपए की लागत से निर्मित छत एवं सुरक्षा दीवार, हलडू नाला से काथली गांव तक 1 लाख रुपए की लागत से निर्मित एंबुलेंस मार्ग तथा 1 लाख रुपए की लागत से निर्मित पक्का मार्ग बोधन जनता को समर्पित किया।



विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करते डॉ. शांडिल।

### डिफाल्टर उपभोक्ताओं को नोटिस जारी, शुल्क न देने पर कटेंगे बिजली कनेक्शन

**बीबीएन।** विद्युत विभाग नालागढ़ ने बिजली बिलों के रूप में उपभोक्ताओं से अपनी बकाया राशि वसूलने के लिए विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने नालागढ़ शहर सहित मंझौली व राजपुरा के तहत बिजली बिल जमा न करवाने वालों की सूची जारी कर दी है। बिजली बोर्ड नालागढ़ के तहत बिजली के बिलों के रूप में अपनी बकाया राशि वसूलने के लिए 2575 उपभोक्ताओं को नोटिस थमाने शुरू कर दिए हैं। विद्युत उपमंडल नालागढ़ के तहत यह उपभोक्ता नालागढ़ शहर सहित राजपुरा व मंझौली के शामिल हैं, जिनसे विभाग ने करीब 71.21 लाख रुपए की राशि वसूलनी है। नोटिस के बावजूद भी बिल जमा नहीं किए गए तो विभाग उनके कनेक्शन काट देगा, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त फीस भरनी होगी। जानकारी के अनुसार बिजली बोर्ड नालागढ़ के तहत बिजली के बिलों के पैसों पर कुंडली मार कर बैठे 2575 उपभोक्ताओं को विभाग ने नोटिस थमाने शुरू कर दिए हैं।

नालागढ़ शहर सहित राजपुरा व मंझौली में करीब 10 हजार घरेलू उपभोक्ता हैं, जिनमें से 2575 उपभोक्ताओं की सूची जारी की गई है। बिजली बोर्ड नालागढ़ के एसडीओ सीआर वर्मा ने कहा कि सब डिवीजन नालागढ़-1 के तहत विभाग ने बिजली बिल की 71 लाख 21 हजार 745 रुपए की बकाया राशि को वसूलने के लिए 2575 कमर्शियल व डोमेस्टिक उपभोक्ताओं को बिल जमा करवाने के नोटिस जारी कर दिए हैं।

**आयोजन** | ममलीग पंचायत में किसान मेले के दौरान बोले स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

## उन्नत तकनीक के उपयोग पर बल दे रही सरकारः शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमाचल की आर्थिकी मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है, जिसके सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीक के उपयोग पर बल दे रही है।

डॉ. शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र की ममलीग पंचायत में आयोजित किसान मेले को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमारा राज्य एक कृषि प्रधान राज्य है। आधुनिक युग में विज्ञान ने कृषि क्षेत्र को सुलभ बनाने और उपज में वृद्धि के लिए कई आविष्कार किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह उन्नत तकनीक जब तक खेतों तक नहीं पहुंचेगी, तब तक किसान लाभान्वित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कृषि वैज्ञानिकों और तकनीक के जानकारों को मिलकर कार्य करना होगा। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व 2 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन ममलीग, 2 लाख रुपए से निर्मित होने वाले एंबुलेंस मार्ग चपला तथा मोक्षधाम गयाना के लिए 2 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन दोची, एक लाख रुपए से निर्मित होने वाले गोसदन ममलीग के द्वार, 2 लाख रुपए से मुख्य मार्ग से हरिराम के घर तक संपर्क मार्ग, एक लाख रुपए से निर्मित होने वाले गांव भोला (पनोग) में सामुदायिक भवन, 1.50 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन छाछी के समीप किचन शेड, एक लाख रुपए से निर्मित होने वाले गोव नेरी से बती-का-जुब्बड़ से रोबनी के लिए एंबुलेंस मार्ग तथा 1.50 लाख रुपए से गांव थान नजदीक गन्हाराघाट में निर्मित होने वाले मंच व डंगा का शिलान्यास किया।



ममलीग पंचायत मेंमंत्री कर्नल शांडिल ने किए विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन।

स्वास्थ्य मंत्री ने 7 लाख रुपए से निर्मित सामुदायिक भवन वशील, 6 लाख रुपए से निर्मित सामुदायिक भवन काकड़ा तथा बगलामुखी मंदिर ममलीग में 2 लाख रुपए से निर्मित किचन शेड का लोकार्पण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नूरपुर के गरेली खड्ड में मिला अज्ञात शव

**नूरपुर।** वीरवार शाम को नूरपुर की पंचायत खैरियां के गरेली खड्ड में एक अज्ञात शव मिला। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा ने बताया की पंचायत प्रधान खैरियां ने पुलिस को सूचना दी की गरेली खड्ड में एक अज्ञात शव पड़ा हैं। पुलिस द्वारा शव को खड्ड से निकाला गया। फॉरेन्सिक टीम भी मौके पर पहुंच गई ओर साक्ष्य इक्कठे किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को नूरपुर के सिविल अस्पताल में रखा। शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कर शव को 72 घंटे के लिए शिनाख्त के लिए रखा गया हैं। बताया जा रहा हैं की शव लगभग 20-25 दिन पुराना हैं।

### वलोल चौक में एक दुकान से पकड़ी शराब

**नगरोटा बगवां।** जिला के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत वलोल चौक में ज्ञान चंद निवासी वलोल तहसील बड़ोह की दुकान से 6,750 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### लालपुर निवासी से पकड़ी देसी शराब

**कांगड़ा।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत काहलियां पुल में रजनीश कुमार निवासी लालपुर डाकघर भटेड़ तहसील हरिपुर से 6,000 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### मारपीट को लेकर मामला दर्ज

**देहरा।** जिला के पुलिस थाना देहरा के तहत मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुससार संसारपुर टैरेस ट्रक यूनियन में इंद्र सानी निवासी मलाही (बिहार) ने अर्जुन शर्मा निवासी हलेड़ के साथ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व गाली-गलौज की है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना देहरा में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 506 में मामला दर्ज किया गया है।

### नाग मंदिर करियाड़ा में दर्शनों को उमड़ी भीड़

**गरली।** देव भूमि हिमाचल प्रदेश जहां शिवरात्रि महापर्व को लेकर शिव भोले के रंग में रंग गया हैं, तो वहीं उपमंडल देहरा के अंतर्गत करियाड़ा नाग मंदिर भी इससे अछूते नहीं हैं। मंदिर में पांच दिनों तक चलने वाला शिवरात्रि महोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। शिवरात्रि महापर्व को लेकर शुक्रवार सुबह करीब चार बजे यहां नाग मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों द्वारा बम-बम भोले के जयकारों से आवाजाई शुरू हो गई। इस दौरान हजारों की तदात में पहुंचे भक्तों ने यहां मंदिर परिसर में बिराजमान प्रवित्र शिवलिंग के दर्शन कर बिल्व पत्र जलअभिषेक किया।

### अंतर महाविद्यायल प्रतियोगिता में छाए छात्र

**नगरोटा बगवां ।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां की बीबीए विभाग के छात्रों ने दो प्रतियोगिताओं में द्वितीय और प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि यह प्रतियोगियता एक्सेलसिर 2024 राजकीय महाविद्यायल द्वारा आयोजित की गई थी। इसमें कम से कम नौ टीमों ने भाग लिया था। धर्मशाला महाविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अंतर महाविद्यालय इकस्टेंपरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, ऐड मेक प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इसमें महाविद्यालय नगरोटा के बीबीए छात्रों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया और ऐड मेक और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में क्रमशः द्वितीय और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### महिलाओं को बताए मौलिक अधिकार

**गरली।** विकास खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बणी में प्रधान बिंदु ठाकुर की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के उत्थान के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं को सरकार द्वारा दिए जा रहे मौलिक अधिकारों के बारे मे जागरूक किया गया। वहीं, पचायत प्रधान बिंदु ठाकुर ने बताया कि महिलाएं समाज का दर्पण है और राष्ट्र निर्माण का आधार है। जहां नारियों की पूजा की जाती है वहा देवता निवास करते है। ग्राम पंचायत बणी में शीघ्र ही महिलाओं के लिए एक ऐसी योजना का खाका तैयार किया जाएगा। इसमे महिलाओं को घर बैठे रोजगार के अवसर प्रदान भी होंगे।

### गढ़ पंचायत में बांटी इंडोर सोलर लाइट्स

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत गढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर पंचायत प्रधान निर्मला राणा ने पंचायत की गरीब महिलाओं को इंडोर सोलर लाइटें बांटी। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता' अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहीं हैं, हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान महिला मंडल की सदस्याएं अनीता कुमारी, स्वर्णा देवी, रमना देवी, अनुराधा, सरिता देवी, सुमना, कांता देवी, बिंता देवी, रीनू, बसो देवी, सुकन्या, सोमा, लता व संजु आदि मौजूद रहीं।

### बच्चों ने सीखीं योग की क्रियाएं

**डरोह।** आईटीआई गढ़ जमूला में आर्ट ऑफ लिविंग और ल्यूमिनस के संयुक्त तत्वावधान में इलेक्ट्रिकल ट्रेड के बच्चों को नई तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। इलेक्ट्रिकल ट्रेड के ही 50 बच्चों को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा पांच दिवसीय शिविर लगाया गया। इसमें ध्यान, ज्ञान, योग के साथ टीम वर्क, नेतृत्व, आत्म विश्वास, निर्णय क्षमता, बेहतर वार्तालाप जैसे अनेक हुनर कैसे अपने अंदर विकसित किए जाएं इसका प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर ल्यूमिनस कंपनी की ओर से गगरेट से आए हुए अजय कुमार ने भी बच्चों को अपने ट्रेड में और हुनरमंद होने के लिए प्रेरित किया।

### कुड़ना में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**डाडासीबा।** विकास खंड परागपुर की कुड़ना(सलेटी) ग्राम पंचायत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रधान रेणु शर्मा की अध्यक्षता में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्त्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई गई नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न सरकारी स्कीमों के बारे में भी अवगत करवाया गया। वहीं, इस अवसर पर महिलाओं की समस्याओं को भी सुना गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

### सस्ता हुआ घरेलू गैस सिलेंडर: विश्व चक्षु

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की कटौती की घोषणा की और कि इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा, विशेषकर देश की नारी शक्ति इससे लाभान्वित होंगी( ये बयान हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दिया। इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा, विशेषकर हमारी नारी शक्ति इससे लाभान्वित होंगी।

### आर्य महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर की सांस्कृतिक समिति और रोवर्स व रेंजर्स इकाई ने संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एक अंतरराज्यीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर ने की। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की हिंदी विभाग की सेवानिवृत्त प्रोफेसर चंद्ररेखा डढवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों को कर्तव्य परायणता, कर्मठता और विशेष कर नए वर्ग को जागृत होने का संदेश दिया।

### मां ने सिखाया कठिन हालातों से निपटना: बाली

**कांगड़ा।** मां किरण बाली जिंदगी के हर कदम पर मेरी मार्गदर्शक बनी रहीं। बचपन से लेकर अब तक का जिंदगी का सफर मां के आंचल में जिया। लोगों की सेवा का भाव मां से सीखा। उनको संसार से स्वर्ग गए हुए एक वर्ष हो गया है। इस मौके पर आरएस बाली ने सपरिवार आंखों में आंसू लिए सारी रस्मों को विधि-विधान से पूरा पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की । इस मौके पर उन्होंने कहा कि किरण बाली अपनी पूरी जिंदगी में लोगों की सेवा कार्यों से जुड़ी रहीं। उनका स्वभाव बहुत मिलनसार और विनम्र रहा। स्वर्गीय जीएस बाली की सफलता के पीछे उनकी पत्नी किरण बाली हमेशा रहीं। वहीं, आरएस बाली हर मौके पर अपने माता-पिता को याद करते हैं और अकसर उनके मुख से अपनी मां के लिए शब्द निकलते हैं, जिसमें वे कहते हैं उनमें लोगों की सेवा का भाव बचपन से ही उनके अंदर मां के कारण आया। मां से ही उन्होंने कठिन हालातों से निकलना सीखा। किरण बाली का जन्म 19 जुलाई 1954 को हुआ और उन्होंने 18 फरवरी 2023 को स्वर्ग की प्राप्ति की।

महाशिवरात्रि



# सीएम सुक्खू ने बैजनाथ को दी करोड़ों की सौगात

## राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव पर किए विकास योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव पर बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों रुपए की सौगात दी। उन्होंने शुक्रवार को 49.22 करोड़ की 10 विकास योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन किए। मुख्यमंत्री ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 185.16 लाख से निर्मित पेयजल योजना संसाल मंधेड़ के सुधार कार्य, बैजनाथ-चौबीन लड़भड़ोल सड़क पर 528 लाख से निर्मित रेलवे ओवरब्रिज, नाबार्ड के अंतर्गत 580.90 लाख की लागत से ताशीजोंग से भेठ झिकली, भेठ उपरली, घोड़पीठ, अवैरी सड़क तक उन्नयन और सुदृढ़ीकरण कार्य, 952.25 लाख से निर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सकड़ी बैजनाथ के प्रशासनिक भवन, नाबार्ड के अंतर्गत 336 लाख से निर्मित अवाही नाग से वाया घिरथोली कुनी ठारा सड़क मार्ग और 692.05 लाख से लंघू, सकड़ी-बही, नौहरा, कुंसल, मंधोल, बण्डियां वाया ठारा सड़क के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को लोगों को समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने 652.11 लाख से चढ़ियार क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों की पेयजल वितरण प्रणाली में सुधार कार्य, 311.80 लाख से उठाउ पेयजल योजना कुकैना और गदियाड़ा के सुधार व विस्तारीकरण कार्य, बैजनाथ निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 691.17 लाख से निर्मित होने वाली बहाव सिंचाई योजना मटरुं कूहल, संसाल कूहल, नलोहटा कूहल और शिव कूहल के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने 281.31 लाख से मुल्थान गांव में उहल नदी पर बाढ़ नियंत्रण कार्य का शिलान्यास किया। (अनंत ज्ञान)



उद्घाटन और शिलान्यास करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### सीपीएस किशोरी लाल की सभी मांगें की पूरी

**मुख्यमंत्री** ने इस अवसर पर सीपीएस किशोरी लाल द्वारा रखी सभी मांगों का पूर्ण करने की घोषणा की। उन्होंने बैजनाथ के लिए बहुतकनीकी संस्थान, चढ़ियार के लिए आईटीआई, बैजनाथ सिविल अस्पताल के बिस्तरों की संख्या 150 करने, अस्पताल में सीटी स्कैन, ब्लड बैंक खोलने की घोषणा की। बैजनाथ में इंडोर स्टेडियम के लिए 10 करोड़, उतराला से होली सड़क के दूसरे चरण के कार्य को नाबार्ड के अतंर्गत करने, सरजादा-दियोल-तत्तापानी सड़क की टारिंग, बीड़-पालमपुर वाया घरनाला के कार्य को पूर्ण करने तथा सिविल कोर्ट में वकीलों के चैंबर की स्वीकृति की घोषणा की।

## सीएम ने किया प्रदर्शनियों का अवलोकन



राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव बैजनाथ में पहुंचने पर सीएम सुक्खू का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी मैदान बैजनाथ में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शियों का शुभारंभ कर उनका अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिव धाम बैजनाथ शिवरात्रि का विशेष महत्व है और इस अवसर पर उत्सव के रूप में आयोजन से इसकी भव्यता और अधिक बढ़ जाती है। इससे पहले मुख्य संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**कार्यक्रम** में कृषि मंत्री चंद्र कुमार चौधरी, आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा, मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल, हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान, इस मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिब संगीता कटोच, एससी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू, बीपीए के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री सहित महोत्सव समिति के सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




शिवरात्रि महोत्सव के मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बैजनाथ शिव मंदिर की तस्वीर भेंट करते पदाधिकारी।

## पगड़ी बांधने की कला के मुरीद हुए सीएम, दिया इनाम



**बैजनाथ।** बैजनाथ में मनाई जा रहे राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के उद्घाटन समारोह के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। शिवरात्रि महोत्सव की परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री को स्थानीय विधायक किशोरी लाल द्वारा पगड़ी भेंट की गई। वहीं, पिछले 45 वर्षों से बैजनाथ में रह रहे पंजाब धारीवाल के रहने वाले सुरेंद्र नाथ (छिंदा) ने जब यह पगड़ी मुख्यमंत्री को पहनाई तो मुख्यमंत्री छिंदा की पगड़ी बांधने की कला से इतने प्रभावित हुए की उसे अपने साथ बिठा लिया और अपने फोटोग्राफर को इसका एक चित्र लेने को कहा। इतना ही नहीं हर दिल अजीज मुख्यमंत्री ने खुश होकर इनाम के तौर पर छिंदा को धनराशि भी भेंट की तथा छिंदा की पगड़ी बांधने की कला की भी भरपूर तारीफ की। उधर, सुरेंद्र नाथ का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा भेंट की गई धनराशि को वह हमेशा अपने पास संजो के रखेंगे तथा कभी खर्च नहीं करेंगे।

## नागराज के दर्शनों को उमड़ी लोगों की भीड़

### बतबाड़ गांव के विद्युत सब-स्टेशन में 24 दिन से लगातार निकल रहा सांप

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा के अंतर्गत गांव बतबाड़ विद्युत सब-स्टेशन इन दिनो स्थानिय ग्रामीणों के लिए आस्था का स्थल बन चुका है। यहां सब-स्टेशन की बाउंडरी बाल पर विगत करीब 24 दिनों से छह फुट लंबे नागराज हर रोज सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक एक ही जगह पर बिराजमान हो रहे है। लिहाजा यहां बाउंडरी बाल पर बैठे इस नागराज के दर्शनों के लिए अब धीरे-धीरे भीड़ जुटने लगी है।

वहीं, स्थानीय ग्रामीण इस नागराज को शिवरात्रि पर्व के साथ जोड़ रहे है कि शिवरात्रि महापर्व पर यह लोगों को दर्शन देने के लिए प्रकट हुए है। स्थानीय ग्रामीण तो दूर अब दूर दराज के लोग भी यहां उपरोक्त नागराज के दर्शन पाकर अपने आपकों धन्य मान रहे है नागराज को भक्त दूध तो कोई कोई यहा नमस्तक



होकर घर की खुशहाली कारोबार की बढ़ोतरी हेतु कामना कर रहे है। स्थानीय ग्रामीण प्रीतम चंद आदि ने बताया कि विगत करीब 24 दिनों से लगातार बड़े आकार के यह नागराज सुबह ठीक नौ बजे बाउंडरी बाल के पिल्लर पर बैठ जाते है और शाम करीब पांच बजे के बीच कही अचानक लुप्त हो जाते है। उन्होंने कहा कि ठीक नौ बजे पर यह नागराज अचानक एक ही जगह पिल्लर पर प्रकट हो रहे है खैर यह आस्था है यह फिर अंधविश्वास है यह तो भोले नाथ ही जानते है।

## कुंज्जेश्वर महादेव में गूंजे बम-बम बोले के जयकारे




कुंज्जेशवर महादेव मंदिर में माथा टेकने जाते श्रद्धालु।

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

विधानसभा के अंतर्गत आने वाले लोअर लंबागांव स्थित ब्यास नदी के किनारे प्राचीन प्रसिद्ध कुंज्जेशवर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पर्व पर के काफी संख्या में जयसिंहपुर विधानसभा के श्रद्धालु महादेव के द्वार पूजा अर्चना के लिए पहुंचे।

जयसिंहपुर विधानसभा के लोग तो इस मंदिर में हर वर्ष प्रसिद्ध कुंज्जेशवर महादेव मंदिर मे पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। साथ में ब्यास नदी के दूसरी तरफ पड़ते सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव खैरी, जंगलबैरी, बीरबगहेड़ा, से भी काफी संख्या मे श्रद्धालु नाव द्वारा व्यास नदी को पार करके, कुंज्जेशवर महादेव मंदिर मे महाशिवरात्रि के पर्व के दिन श्रद्धालु महादेव के द्वार पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रसाद के रूप मे भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसको काफी संख्या मे प्रसाद के रूप मे श्रद्धालु ने ग्रहण किया। (अनंत ज्ञान)

### शीर्ष आठ केंद्रीय विवि में शामिल होने पर एबीवीपी ने जताई खुशी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला ने देश भर के शीर्ष आठ केंद्र विश्वविद्यालय में अपना स्थान बनाया है। इस तरह का स्थान प्राप्त करने के बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय को शैक्षणिक और प्रशासनिक मामलों में कई स्वतंत्रताएं मिलेगी। विश्वविद्यालय संस्थान अब यूजीसी की मंजूरी के बिना अपने मौजूदा शैक्षणिक ढांचे मैं आने वाले विषयों में एक नया पाठ्यक्रम, कार्यक्रम, विभाग, स्कूल, एवं केंद्र शुरू कर सकता है जिसमे डिप्लोमा और प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम भी शामिल है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक जिम्मेदार छात्र संगठन होने के नाते छात्र हित एवं सामाजिक के लिए काम करता आ रहा है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इसे विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि मानती है और विश्वविद्यालय को बधाई देते हैं एवं खुशी व्यक्त करती है। इकाई मंत्री हीना वर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को ऐसे समय में मिलती है जब विश्वविद्यालय के पास अपना स्थाई परिसर नहीं है।

**कार्यक्रम** ब्रिटिश उपउच्चायोग और एचपीसीए ने आयोजित किया स्वागत समारोह

## यूके-हिमाचल ने साझा की अपनी-अपनी संस्कृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

चंडीगढ़ में ब्रिटिश उप-उच्चायोग ने हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के सहयोग से धर्मशाला में इंग्लैंड और भारत के बीच 5वें टेस्ट मैच के पहले दिन धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया।

इस स्वागत समारोह में सरकार, व्यापार, नागरिक समाज और खेल के मेहमानों ने भाग लिया, जिसमें भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त, एलेक्स एलिस और मेजबान, चंडीगढ़ के उपउच्चायुक्त, कैरोलिन रोवेट शामिल थे। रिसेप्शन में उल्लेखनीय अतिथियों में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर, इंडियन प्रीमियर लीग के अध्यक्ष अरुण धूमल और एचपीसीए सचिव अवनीश परमार, उपाध्यक्ष अमिताभ शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम में यूके में व्यापार, निवेश, शिक्षा और पर्यटन के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए भोजन और संस्कृति के माध्यम से यूके और हिमाचल प्रदेश के बीच संबंधों को प्रदर्शित किया गया। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने अपने संबोधन में खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम में दो क्रिकेट दिग्गजों के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी पर खुशी व्यक्त की और उम्मीद जताई कि देशों के बीच आदान-प्रदान से राज्य में अधिक अवसर और पर्यटन आएगा। वहीं, चंडीगढ़ की ब्रिटिश उप उच्चायुक्त कैरोलिन रोवेट ने कहा, यूके और भारत के कई हित साझा हैं। खेल और विशेष रूप से क्रिकेट के प्रति प्रेम दोनों देशों को



स्वागत समारोह के दौरान मौजूद सदस्य।

### महिलाएं सभी स्तरों पर खेल सकती हैं

**कैरोलीन** रोवेट ने कहा कि स्थानीय महिला क्रिकेटरों से जुड़ना सिर्फ एक खेल मात्र नहीं बल्कि यह बताना था कि महिलाएं सभी स्तरों पर खेल खेल सकती हैं। लड़कियों को जीवन के अन्य क्षेत्रों की तरह खेल में भी रोल मॉडल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में ऐसे कई खिलाड़ी हैं पहले जो अधिक महिलाओं और लड़कियों को सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं, जैसे कि स्पोर्ट इंग्लैंड का दिस गर्ल कैन अभियान।

एकजुट करता है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त, एलेक्स एलिस और चंडीगढ़ की उपउच्चायुक्त कैरोलिन रोवेट, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट प्रशिक्षण केंद्र में स्थानीय महिला क्रिकेटरों के साथ एक दोस्ताना क्रिकेट मैच में शामिल हुईं।

## 1200 रुपए लेकर थमाए 250 वाले टिकट, वे भी निकले पुराने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारत तथा इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला के धर्मशाला में चल रहे अंतिम मैच के दौरान पुरानी टिकट बेचने का मामला सामने आया है। हरियाणा के यमुनानगर से मैच देखने पहुंचे अंकुश ने बताया कि पहले उन्होंने धर्मशाला में चल रहे मैच के टिकट ऑनलाइन खरीदने का प्रयास किया, लेकिन पेटीएम की साइट पर टिकट अनुपलब्ध मिले।

इसके बाद धर्मशाला में मैच देखने की चाह में उन्होंने किसी अनजान व्यक्ति से पांच टिकट खरीदे। एक दिन के मैच के लिए 250 रुपए में मिलने वाले टिकट उन्हें पहले तो 1200 रुपए में दिए गए, लेकिन जब उन्होंने मैच के दौरान टिकट देखे तो ये सात मार्च के दिन के पाए गए। ऐसे में ये लोग खुद को ठगा सा महसुस कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ये टिकट महंगे मिलने का उन्हें दुख नहीं है, लेकिन वो हरियाणा से खास तौर पर यहां होने वाले मैच को देखने आए थे। गेट पर मौजूद इन पांच दोस्तों के ठगे जाने की बात को लेकर जब एचपीसीए के निदेशक संजय शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सात तारीख के टिकट पर आठ तारीख के मैच को देखने की एंट्री नहीं दी जा सकती है। लिहाजा कुल मिलाकर इससे साफ होता है कि यहां टेस्ट मैच को देखने के लिए धर्मशाला आने के क्रेज को देखते हुए टिकटों को महंगे दामों पर बेचा जा रहा है तथा इससे कुछ शातिरों के कारण यहां मैच देखने के लिए दूसरे राज्यों से आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# गैर-सरकारी स्कूलों में दाखिला नियमों की उड़ रही धज्जियां, प्रशासन मौन

**आरके रांगड़ा, चंबा**

नए शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही कई गैर सरकारी स्कूलों के लिए वार्षिक मोटी कमाई का साधन बनता जा रहा है। हालांकि सरकार द्वारा बकायदा सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों को प्रारंभिक से लेकर सीनियर सैकेंडरी कक्षा तक दाखिले के तहत अधिसूचना तक जारी कर रही है।

वहीं केंद्र सरकार ने हाल ही में सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में दाखिले से लेकर मासिक शुल्क निर्धारित करने का हर राज्य सरकार प्रस्ताव जारी किया है। मगर इसके बावजूद भी जिला में स्थित कई गैर सरकारी स्कूल वार्षिक परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों से आगामी कक्षा में प्रवेश के लिए भारी भरकम दाखिला शुल्क वसूल करना अभी से शुरू हो गए है, जिसमें कई स्कूलों ने सरकार व विभाग द्वारा शिक्षा प्रणाली में सख्त नियमों व कार्रवाई से बचने के लिए दाखिला शुल्क को स्कूल भवन सहित अन्य कई तरह के शुल्क जोड़ विद्यार्थी अभिभावकों की जेबे ढीली की जा रही है। वहीं हैरानी की बात है कि इस बात से सरकार व संबंधी विभाग भलि-भांति परिचित होने के बावजूद भी हाथ पर हाथ धरे बैठे है।

### कई स्कूल हर वर्ष ले रहे दाखिला फीस

गौर हो कि सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा जहां हर वर्ग को एक सम्मान शिक्षा मिलने के पैटर्न का राज्य में लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें सरकार ने सरकारी स्कूलों की अपेक्षा गैर सरकारी मॉडन या पब्लिक स्कूलों की भारी भरकम फीसों व दाखिलें शुल्क को देखते हुए इस दिशा में हस्ताक्षेप कर नियमों संशोधन किया गया, ताकि निर्धन, मध्य वर्गी परिवार के विद्यार्थी भी गैर सरकारी स्कूलों में शिक्षा हासिल कर पाए, जिसमें सरकार एवं बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में गरीबी रेखा से नीचे व होनहार विद्यार्थियों के लिए निशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया लागू की हुई है, मगर इस नियम को भी जिला में स्थित गिने-चुने स्कूल ही पूरा कर रहे है। जबकि मौजूदा हालात ऐसे है कि जिला के अधिकांश पंचायतों, गांवों सहित मुख्यालय के हर गली मोहल्ले में गैर सरकारी स्कूलों की भरमार लगी हुई है। ऐसे में निजी स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए परिजनों को स्कूलों की भारी भरकम फीस अदा करके बच्चों को दाखिला दिलावाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)




### अभिभावकों में स्कूल प्रबंधकों के विरुद्ध रोष

**दाखिले** के वक्त अधिक शुल्क वसूल करने के चलते कई मध्यवर्गी विद्यार्थी अभिभावकों में स्कूल प्रबंधनों के विरुद्ध रोष पनप रहा है। अभिभावकों ने इस दिशा में सरकार व शिक्षा विभाग से गैर सरकारी स्कूलों का लेखा-जोखा जांचने सहित औचक निरीक्षण की मांग की है, ताकि मध्य वर्ग के विद्यार्थियों को उचित एवं सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर गैर सरकारी क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त हो सके।

वहीं निजी स्कूल प्रबंधकों की माने तो स्कूल भवन व स्टाफ को मासिक खर्चों को पूरा करने व स्कूल की अन्य गतिविधियों पर अधिक खर्च होने के चलते ही दाखिले के वक्त अधिक शुल्क लिया जा रहा है। ऐसे में अभिभावकों ने प्रशासन से इस संबंधी संज्ञान लेने की मांग उठाई है ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके।

> स्कूल दाखिला नियम अनुसार प्रारंभिक, उच्च व सीनियर सैकेंडरी कक्षा में दाखिला शुल्क निर्धारित है। मगर जिला के कुछ स्कूलों द्वारा निर्धारित नियम से बाहर दाखिला कार्य प्रणाली को अंजाम दिया जा रहा है। जिसकी सूचना विभाग को जिला के कुछ अभिभावकों की मौखिक तौर पर दी। जिस पर विभाग आगामी दिनों में उचित कार्रवाई अमल में लाएगा, जिसमें स्कूल प्रबंधन व कक्षा दाखिला नियमों की आवहेलना करने वाले स्कूलों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
>
> -राजेश चाढ़क, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग चंबा।

जय शंभू...



सोलन में निकाली शिव बारात में आकर्षक मुद्रा में कलाकार।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक नीरज ने चंद्रशेखर मंदिर में की पूजा



**चंबा।** विधायक नीरज नैय्यर ने आज ग्राम पंचायत साहू पदर में स्थित प्रसिद्ध-ऐतिहासिक चंद्रशेखर मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपस्थित होकर पूजा कर जिला वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। विधायक ने भगवान चंद्रशेखर मंदिर के मंदिर के गुंबद निर्माण के लिए 3 लाख रुपए और चंद्रशेखर भजन मंडली को बीस हजाए रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक की धर्मप ी भारती नैय्यर, प्रधान ग्राम पंचायत साहू पूजा शर्मा आ उपस्थित रहे।

### रावी नदी में लगाई युवती ने छलांग

**चंबा।** जिला के चंबा-पठानकोट मार्ग पर परेल समीप ने रावी नदी में एक युवती ने छलांग लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी तलाश में पुलिस नदी का चप्पा-चप्पा तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार अज्ञात युवती ने परेल के निकट अज्ञात युवती ने रावी नदी में छलांग दी। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सर्च ऑप्रेशन शुरू किया। उधर जिला परिषद सदस्य करियां मनोज कुमार द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि रावी नदी में छलांग लगाने वाली युवती कीड़ी पंचायत से संबंधित है, जिसके चलते कीड़ी पंचायत के कुछ लोग भी वहां की युवती की तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई भी पुख्ता साक्ष्य पर युवती की सही पहचान नहीं कर पा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने कहा कि रावी नदी में छलांग लगाने वाली युवती/महिला की पुलिस तलाश कर रही है।

### चुवाड़ी में व्यापारियों ने किया भंडारे का आयोजन



**चुवाड़ी।** चुवाड़ी बाजार में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सब लोगों ने भोलेनाथ के भक्तों की सेवा की, इसमें विकास गोड अध्यक्ष नेहर नाला मंदिर कमेटी उनके साथ तरवीज सिंह मृदुल, मिथुन मिंटू, अरुण इत्यादि लोगों ने भंडारे का आयोजन किया।

### शराब लाइसेंस के लिए 10 तक करें आवेदन

**चंबा।** उप-आयुक्त राज्य कर व आबकारी कंवर शाह देव कटोच ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नीलामी-सह-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से ज़िला में शेष बचे आबकारी ठेकों एल-2, एल-14, एल-14ए और एल-20 बी में खुदरा शराब लाइसेंस के आवंटन के लिए 10 मार्च तक मुहरबंद निविदा आवेदन आमंत्रित हैं। निविदाएं व बोली प्रक्रिया 11 मार्च को 2 बजे बचत भवन में पूर्ण होंगी।

# चंबा-चुवाड़ी सुरंग का होगा निर्माण

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

चंबा-चुवाड़ी सुरंग निर्माण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा तथा 7 किलोमीटर लंबी इस सुरंग के निर्माण पर संभावित 1500 करोड़ की राशि व्यय होगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात क्षेत्र में नेशनल बटरफ्लाई पार्क स्थापित होगा।

यह उद्गार विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने राजकीय महाविद्यालय सिहुन्ता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय सिहुन्ता के भवन निर्माण को लेकर बजट का प्रावधान कर दिया गया है तथा वन अनुमति मामले की प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। भवन निर्माण कार्यों पर 12 करोड़ रुपए व्यय होंगे ।

उन्होंने राजकीय महाविद्यालय सिहुन्ता में जल्द विज्ञान संकाय शुरू करने का आश्वासन भी दिया।

उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहुन्ता तथा समोट को स्तरोउन्नत कर इनकी क्षमता को 25 तथा 50 बिस्तरों तक बढ़ाया जाएगा।



कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते हुए प्रबंधक व अन्य।

### कुलदीप पठानिया बोले- भटियात क्षेत्र में बनेगा नेशनल बटरफ्लाई पार्क

विकास कार्यों का जिक्र करते हुए पठानिया ने कहा कि ग्रामीण मल निकासी (सीवरेज)योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रमुख क्षेत्र को शामिल किया गया है, इनमें सिहुन्ता भी शामिल हैं।

पठानिया का समारोह में पधारने पर महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया ।

प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, एसडीएम पारस अग्रवाल, अधिशासी अभियंता विद्युत पंकज राठौर, लोक निर्माण हर्षपुरी, जल शक्ति राकेश ठाकुर, थाना प्रभारी रमन चौधरी, डीएफओ रजनीश महाजन, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य लोगों उपस्थित रहे । (अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों ने पेश किया आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कुलदीप** सिंह पठानिया ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस दौरान आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 31 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती हुई छात्राएं।

# महाशिवरात्रि पर चौरासी मंदिर में हजारों ने टेका माथा



भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के दौरान हजारों श्रद्धालु।

**ओपी शर्मा, भरमौर**

शिवरात्रि के पावन अवसर पर देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। इस मौके पर पूरे भरमौर में सभी देवालय फूलमालाओं से सुसज्जित किए गए। मान्यता के अनुसार आज भगवान भोलेनाथ पाताल लोक से स्वर्ग लोक में आकर भरमौर में रूकेंगे और अगले दिन पवित्र स्थान मणिमहेश की ओर रुख करेंगे।

वहीं यहां पर स्थित भगवान नरसिंह आज पाताल लोक के लिए प्रस्थान करेंगे और जन्माष्टमी के दिन दोबारा भरमौर पहुंचेंगे। ऐसी मान्यता है कि शिवरात्रि के दिन ही शिवजी भगवान 6 महीनों तक सृष्टि भ्रमण के उपरांत कैलाश पर्वत यानी मणिमहेश वापस लौटते हैं।(अनंत ज्ञान)

### दवात महादेव मंदिर में लगा भक्तों का तांता

**तीसा।** जिला चंबा से लगभग 45 किलोमीटर दूर सिढ़कुंड पंचायत के दवात में दवात महादेव मंदिर है जो भक्तों की आस्था का केंद्र है। सिढ़कुंड पंचायत के दवात नामक स्थान पर बना यह शिव मंदिर सभी शिव भक्तों की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडव हिमालय के इस भाग में आए थे। उन्होंने मौजूदा वक्त में हिमाचल का स्वरूप लिए इस इलाके में कई मंदिरों का निर्माण किया था। इतना ही नहीं इस मंदिर को बनाने में इस्तेमाल किया गया पत्थर शिकरीधार नामक स्थान से लाया गया था।

# बनीखेत-डलहौजी में मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

शिवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बनीखेत के प्रसिद्ध भुरु नाग देवता मंदिर में भक्तों का जमावड़ा दिखना शुरू हो गया था।

इस आयोजन में सुबह हवन पाठ पूजा-अर्चना सहित भव्य लंगर का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में आशा कुमारी ने भी शीश नवा कर भगवान भोलेनाथ एवं भुरु नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

बताते चलें कि आज रात शिव न्वाला का आयोजन किया जाएगा तो वही कल भव्य लंगर का आयोजन भी किया जा रहा है।

इसके इलावा प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी के पुलिस थाना परिसर में भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज रात जगराते का आयोजन किया जा रहा है तथा अगले दिन लंगर का आयोजन भी करवाया जाता आ रहा है।



शिवलिंग का दृश्य।

# महिलाओं की जागरूकता ही उन्हें सशक्त बनाती है : नवीन

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में वूमेन सेल के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि नवीन कुमार एसडीएम सलूणी ने शिरकत की।

इस अवसर पर नवीन कुमार एसडीएम सलूणी ने कहा कि महिलाओं को हर गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने कहा कि दुनिया लैंगिक समानता की ओर बढ़ रही है। यह पुरुषों और महिलाओं दोनों के बीच संतुलन की ओर बढ़ रहा है।

हालांकि, इसमें बदलाव की जरूरत है क्योंकि हम सभी इंसान हैं और हमारे साथ समान अधिकारों और अवसरों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन रचनात्मकता, विषय की प्रासंगिकता, रंगों और सामग्रियों के उपयोग और समग्र प्रस्तुति और साफ-सफाई के आधार पर किया गया। गहन विचार-विमर्श के बाद विजेताओं की घोषणा इस प्रकार की गई इसके बाद महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम पुरस्कार सुप्रिया की टीम, द्वितीय पुरस्कार प्राची राणा, मनोज, और साक्षी, की टीमें दूसरे स्थान पर रही। तृतीय पुरस्कार में सपना, सोनिया, उमा, दिव्या की टीमें संयुक्त रूप से तीसरे स्थान रही।

इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में सहायक प्रोफेसर शुभम डोगरा, प्रोफेसर पिंकी देवी, सहायक प्रोफेसर गुरदेव सिंह और डॉक्टर सौरव मिश्रा अंग्रेजी प्रवक्ता तेजेंद्र नेगी शामिल रहे।

अंत में वूमेन सेल के प्रभारी सहायक प्रो. पिंकी देवी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का लक्ष्य इस विचार को बढ़ावा देना है कि सभी लिंग के लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर शुभम डोगरा और डॉक्टर सौरव मिश्रा, सहायक प्रोफेसर पिंकी देवी, और अंग्रेजी के प्रवक्ता तेजेंद्र नेगी, शामिल रहे।



महिला दिवस पर महाविद्यालय सलूणी में प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।

# गैस सिलेंडर की कीमत में राहत देकर महिलाओं को दिया तोहफा : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को घरेलू गैस सिलेंडर में 100 की कटौती कर बड़ा उपहार दिया है।

बीते 10 सालों में केंद्र की मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए जो कार्य किया वह अद्वितीय है। डॉ. राजीव बिंदल आज महाशिवरात्रि पर्व पर नाहन के 400 साल पुराने शिव मंदिर में शीश नवाने के बाद मीडिया से रू-ब-रू होकर कहे।

उन्होंने महाशिवरात्रि पर्व की प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज भारतवर्ष में जितने भी भोलेनाथ के स्थान विकसित हुए हैं, वह केंद्र की मोदी सरकार की देन हैं। उन्होंने कहा कि आज महिला दिवस भी है। केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है।

बीते 40 सालों से विधानसभा व लोकसभा में 33 फीसदी महिलाओं को जो आरक्षण देना था वह राजनीतिक षड्यंत्र के तहत लटकाया गया था, लेकिन मोदी सरकार ने इस प्रस्ताव को पास कर महिलाओं को आज समाज में आगे लाकर खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत बदल रहा है।

# छात्रों को फंडिंग योजनाओं के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में खरीद एवं विपणन योजना के तहत एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैलेश कुमार सिंह, सहायक निदेशक, एमएसएमई, विकास एवं सुविधा कार्यालय (डीएफओ सोलन) ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में बताया। विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. केके रैना ने कहा कि विवि ने हमेशा रोजगार सृजन पर जोर दिया है और सरकार की विभिन्न योजनाओं ने देश में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा दिया है।

एमएसएमई डीएफओ सोलन के प्रमुख अशोक कुमार गौतम ने एमएसएमई की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे मंत्रालय अपनी योजनाओं के माध्यम से छोटे उद्यमों की मदद कर रहा है। राज्य में उद्यम पोर्टल के माध्यम से एक लाख से अधिक एमएसएमई पंजीकृत हैं और कार्यालय हिमाचल के सभी जिलों को सेवाएं दे रहा है। उभरते उद्यमियों और शोधकर्ताओं को क्लस्टर विकास योजना, एमएसएमई इन्क्यूबेशन और बौद्धिक संपदा सुविधा सेल के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

मशरूम अनुसंधान निदेशालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार ने मशरूम से संबंधित कई उद्यमों के बारे में बात की, जिन्हें युवा एमएसएमई के सहयोग से शुरू कर सकते हैं।

कार्यशाला का संचालन शैलेश कुमार सिंह ने किया और इसमें 150 से अधिक स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया।



नौणी विश्वविद्यालय में खरीद एवं विपणन योजना के तहत राष्ट्रीय कार्यशाला।

**राहत** — मार्ग बंद होने से चंबा और भंजराड़ू की ओर से वाहनों की लग गई लंबी कतारें

# चंबा-तीसा मार्ग 18 दिन बाद बड़े वाहनों के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, तीसा**

चंबा-तीसा मुख्य मार्ग रखालू के पास शुक्रवार से बड़े वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया। लोक निर्माण विभाग बुधवार दोपहर कंकरीट का डंगा लगाने का कार्य समाप्त कर दिय था इसके बाद फिलिंग होना शेष था डंगा लगाने के बाद कंकरीट सूखने का विभाग इंतजार कर रहा था, शुक्रवार को मार्ग बड़े वाहनों के लिए खुलने से बसों की आवाजाही सीधे चम्बा मुख्यालय के साथ संपर्क जुड़ गया।

मार्ग बंद होने से चंबा और भंजराड़ू की ओर से छोटे और बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। विभागीय मशीनरी और लेबर ने प्राथमिकता के आधार पर जम्मींदोज डंगे के स्थान पर अस्थायी डंगा लगवाकर 21 फरवरी को मार्ग बड़े वाहनों के लिए सुचारू करवाया।

लोक निर्माण विभाग तीसा के अधिशासी अभियंता जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार से मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल करवा दी गई है।



मार्ग से वाहन गुजरते हुए।

### 20 घंटे बाद बहाल हुआ खड़ामुख-होली मार्ग

**भरमौर।** खड़ा मुख होली मार्ग 20 घंटे के बाद सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया है। यह मार्ग पिछले कल भारी भूस्खलन के चलते बंद हो गया था। जिस कारण दो दिनों तक यात्रियों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा। आज लोक निर्माण विभाग व जेएसडब्ल्यू कंपनी के संयुक्त प्रयासों के चलते मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए दोपहर बाद बहाल कर दिया गया है। लोग अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग से एक जगह दूसरी जगह पहुंच रहे थे। सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग उप मंडल गरोला भालचंद ने कहा कि मार्ग बहाल कर दिया गया है।



मार्ग को खोलने के दौरान जेसीबी।

# महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में हैं आगे : वर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

समाज में अंतिम पंक्ति में खड़ी महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करना ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का वास्तविक उद्देश्य है ताकि वह सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक रूप से सुदृढ़ होकर देश के विकास में अपनी अहम भूमिका अदा कर सके। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एल.आर. वर्मा ने नाहन के एस.एफ.डी.ए. हाल में आयोजित जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए यह उदगार व्यक्त किए।

वर्मा ने कहा कि आज की महिला प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है जो कि गर्व की बात है। बेटा-बेटी एक समान है तथा हम सभी को लिंग भेद को समाज से हटाने के लिए अपनी मानसिकता को बदलना है।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिरमौर माधवी सिंह ने अपने संबोधन में महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी बालिका या महिला को उत्पीड़न होने पर अपने अधिकारों की जानकारी व न्याय के लिए कोर्ट में आना चाहिए। नाहन शहरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर समूह गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रमा रेक्टा सहित अन्य उपस्थित रहे।



नाहन में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह।

> **कुछ** लोग सफलता का सपना देखते हैं, जबकि अन्य लोग हर सुबह उठकर इसे पूरा करते हैं।
> -वेन हुइजेंगा



## सुक्खू सरकार गंभीर आर्थिक संकट में, फिर कर्ज का सहारा

**प्रदेश** की सुक्खू सरकार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है। सरकार चलाने के लिए सीएम सुक्खू ने अब 1100 करोड़ रुपए का ताजा कर्ज लेने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई के पास आवेदन किया है। यह कर्जा छह सौ और पांच सौ करोड़ रुपए की अलग-अलग किस्तों में लिया जाएगा। सुक्खू सरकार सवा साल में अब तक करीब चौदह हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। सरकार कर्ज के सहारे चल रही है। हिमाचल प्रदेश पहले से ही भारी कर्ज तले दबा हुआ है, ऐसे में और कर्ज लेना समझ से परे है, लेकिन सरकार करे भी तो क्या करे, क्योंकि उसके पास अपनी आर्थिकी बढ़ाने के लिए कोई अतिरिक्त संसाधन भी नहीं है। चूंकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और केंद्र में भाजपा गठबंधन वाली मोदी सरकार है, ऐसे में सुक्खू सरकार को केंद्र से आर्थिक मदद नहीं मिल पा रही है। नतीजतन सुक्खू सरकार को बार-बार कर्ज लेकर गुजारा करना पड़ रहा है।

यह ताजा कर्ज चालू वित्त वर्ष का अंतिम कर्ज होगा, क्योंकि 31 मार्च को वर्तमान वित्त वर्ष खत्म हो रहा है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, प्रदेश सरकार को दस से बारह साल में यह कर्ज वापस करना होगा। बारह साल की अवधि में सरकार को यह कर्ज 2036 में वापस करना होगा। सरकार ने इस वित्त वर्ष की कर्ज लेने की लिमिट बढ़ाने की गुहार भी लगाई है। सरकार के सामने कर्मचारियों और पेंशनधारकों के एरियर देने के लिए संकट आन खड़ा हो गया है। इन हालात में राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को लिखा है कि वह 2023-24 वित्त वर्ष के लिए कर्ज लेने की सीमा बढ़ा दे। अगर केंद्र सरकार इसके लिए इजाजत देती है तो राज्य सरकार फिर से इसी महीने 1000 करोड़ रुपए का कर्ज ले सकती है। दरअसल, कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए विधानसभा चुनावों के दौरान महिलाओं को हर माह 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी। अब यह गारंटी ही सरकार के गले की फांस बन गई है। प्रदेश की पांच लाख महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देना सुक्खू सरकार के लिए मुसीबत बन गया है। इस गारंटी को लागू करने के कारण सरकार को 800 करोड़ और जुटाने होंगे। इन सब खर्चों को पूरा करने के लिए वर्तमान वित्त वर्ष की कर्ज की लिमिट को पूरी तरह इस्तेमाल करना होगा। हिमाचल पर इस समय कुल 80 हजार करोड़ का कर्जा है।

पिछले वित्त वर्ष में सरकार ने 14 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। हिमाचल प्रदेश में प्रति व्यक्ति पर एक लाख रुपए कर्ज है। जब हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तो उस समय प्रदेश पर 76 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था। विगत 14 माह में कांग्रेस सरकार ने 13 हजार करोड़ रुपए केंद्र से कर्ज ले चुकी है। सरकारी कर्मचारियों का 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान भी पेंडिंग हैं। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के पे-कमीशन एरियर का भुगतान भी बाकी है। ऐसे में सीएम सुक्खू को सरकार चलाना बेहद कठिन हो रहा है। राज्य सरकार ने कर्मचारियों को चार फीसदी डीए देने का ऐलान भी किया था, लेकिन डीए देना है तो पैसा चाहिए और पैसा आएगा कहां से। यही सबसे बड़ा सवाल है। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश सरकार जल्द ही आर्थिक संकट से उबर आएगी।

# मानवता की तबाही की कीमत पर कमाई



**लेखक : डॉ. अनिल कुमार निगम**
स्वतंत्र टिप्पणीकार



**युद्ध** हमेशा विनाश लाते हैं। इससे हमेशा मानवता का विनाश हुआ है। हर युद्ध अपने पीछे भयावह चिन्ह छोड़ जाता है। भारत की भी नीति ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की रही है, लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ की रणनीति यह रही है कि विश्व में युद्ध चलते रहने चाहिएं। संभवत: यही कारण है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है। वहीं, हमास और इसराइल के बीच युद्ध छिड़े हुए लगभग पांच महीने का समय गुजर चुका है, लेकिन इनका कोई अंत दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इसराइल युद्ध मानवता के लिए बर्बादी का सबब है, जबकि अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों के लिए ये कमाई का साधन बन गए हैं। संपूर्ण विश्व में युद्ध चलता रहे, अमेरिका व पश्चिमी देशों के लिए यह फायदे की बात है। तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद रूस-यूक्रेन युद्ध शांत नहीं हुआ। हमास के लड़ाकों ने 7 अक्तूबर, 2023 को इसराइल पर हमला किया था। उसके बाद इसराइल ने हमास के ठिकाने वाली गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले कर एक हिस्से को तो बकायदा कब्रिस्तान में तब्दील कर दिया।

गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को दो वर्ष से अधिक हो चुके हैं, परंतु इस युद्ध को रोकने के लिए न तो अमेरिका और न ही रूस गंभीर है। अहम सवाल यह है कि क्या कारण है, जिसके चलते ये देश युद्ध खत्म नहीं करना चाहते? वे इन युद्धों को लंबा क्यों खींचना चाहते हैं? क्या उन्हें इन युद्धों में मारे जाने वाले लोगों और इससे होने वाली क्षति की कोई चिंता नहीं है? इसके पीछे उनकी क्या मंशा है? सर्वविदित है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों लोगों की जान चली गई और बड़े पैमाने पर विनाश हुआ, फिर भी युद्ध का कोई अंत नहीं दिख रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस युद्ध से रूस की सेना की जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा बनी हुई थी, वह भी प्रभावित हुई है। दो वर्ष के लंबे संघर्ष के बावजूद रूस अब तक यूक्रेन के केवल 17 फीसदी हिस्से पर ही कब्जा कर सका है।

इसी तरीके से देखा जाए तो हमास और इसराइल के बीच चलने वाला युद्ध भी अंतहीन लग रहा है, क्योंकि एक ओर जहां अमेरिका और नाटो देश इसराइल के साथ खड़े हैं। वहीं, दूसरी ओर हमास के समर्थन में कई अरब देश हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच हथियारों का प्रयोग एवं प्रदर्शन जमकर हो रहा है। वास्तव में हमले के एक वर्ष बाद अमेरिका और रूस ने अपने सैन्य हथियारों का परीक्षण एवं प्रदर्शन करने के लिए युद्ध क्षेत्रों का उपयोग किया। ऐसा लगता है, मानों दोनों पक्ष अपने हथियारों की बिक्री और प्रदर्शन करना चाहते हैं। ध्यातव्य है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जनरल आइजनहावर ने स्वीकार किया था कि अमेरिका एक 'सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान' है। यूक्रेन युद्ध और गाजा पट्टी पर इसराइल का हमला इस बात के ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धविराम के जरिए समझौता किया जा सकता था, लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ के निहितार्थों ने इसे होने नहीं दिया।

वर्ष 2023 में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन एवं ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा था कि यदि आप रूस के आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन की रक्षा में हमारे द्वारा किए गए निवेश को देखें, तो हमने जो सुरक्षा सहायता प्रदान की है, उसका 90 फीसदी वास्तव में अमेरिका में मेन्युफैक्चरिंग एवं प्रोडक्सन पर खर्च किया गया है। इसी का नतीजा है कि अमेरिका में रोजगार के अवसर पैदा हुए और अर्थव्यवस्था का ज्यादा विकास हुआ। यह हमारे लिए फायदे का सौदा है, जिसे हमें जारी रखने की जरूरत है।

अमेरिका की विदेश नीति पर नजर डाली जाए तो पता चलता है कि हथियार हस्तांतरण और रक्षा व्यापार अमेरिकी विदेश नीति के महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के अनुसार, अमेरिकी सरकार ने 80 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सामग्री की बिक्री के लिए सीधे सौदा किया। यह सौदा वर्ष 2022 से 56 प्रतिशत अधिक है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो इवानोविच कुलेबा ने हाल ही में एक बयान में कहा कि प्रतिदिन युद्ध की लागत 13.6 करोड़ डॉलर है। अमेरिकी हथियारों की विदेशों में बिक्री पिछले साल तेजी से बढ़ी, जो रिकॉर्ड कुल 238 अरब डॉलर तक पहुंच गई, क्योंकि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने हथियारों की मांग बढ़ा दी। यूक्रेन पर रूसी हमला शुरू होने के बाद से अमेरिका 113 अरब डॉलर और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को 91 अरब डॉलर सैन्य और वित्तीय सहायता प्रदान की।

अमेरिकी की प्रमुख समाचार एजेंसी पोलिटिको ने दावा किया है कि 'व्हाइट हाउस' चुपचाप दोनों दलों-डेमोक्रेट एवं रिपब्लिकन के सांसदों से आग्रह करता है कि वे घरेलू आर्थिक समृद्धि के लिए अन्य देशों में युद्धों को बढ़ावा दें। दोनों दलों के नेता रूस का प्रतिरोध करने के लिए यूक्रेन को सहायता देने का समर्थन करते रहे हैं, ताकि यह साबित किया जा सके कि ऐसा करना अमेरिका में रोजगार सृजन के लिए अच्छा है। यहां तक कि यह काम कुछ मीडिया घराने भी करते हैं। बड़े रक्षा निगमों के शीर्ष अधिकारियों की शक्तिशाली पदों पर बैठे अमेरिकी राजनेताओं के साथ गहरी सांठगांठ है। वास्तविकता तो यह है कि अमेरिकी सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान के समर्थक पूरे सरकारी और अर्ध-सरकारी तंत्र में पैठ बनाए हुए हैं। लॉबिस्ट राजनेताओं के साथ सावधानीपूर्वक मिलीभगत करते हैं। बड़ी रक्षा कंपनियां, थिंक टैंक और अन्य संबद्ध संस्थानों के संरक्षक की भूमिका में होते हैं। ये ऐसे लोग हैं जो हथियार विक्रेताओं के लिए एजेंडा सेटिंग का काम करते हैं। यूक्रेन युद्ध में अमेरिका-रूसी रक्षा उद्योग को पूरी तरह से विफल होता देखना चाहता है। वह विश्व में रूसी हथियार निर्माताओं को निकृष्ट साबित कर उनको निर्यात से मिलने वाले धन से वंचित करना चाहता है, लेकिन यह कितनी अजीबो गरीब बात है कि युद्ध जो लगातार मानवता का विनाश कर रहे हैं। विभिन्न देशों के आधारभूत ढांचे को तबाह कर रहे हैं। हजारों लोगों की जान जा रही है लेकिन अमेरिका और यूरीपीय संघ के देश तबाही की कीमत पर अपने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का काम कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि विश्व शांति के लिए गठित संयुक्त राष्ट्र संघ क्या कर रहा है? क्या ऐसे ही विनाश होता रहेगा और संयुक्त राष्ट्र संघ मौन बना रहेगा?

नजरिया

## रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प



**लेखक : डीजे नारायण**
कलाक्लैप टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष

**भारत** में रेलवे स्टेशन देश के लगभग हर व्यक्ति की यादों का अभिन्न हिस्सा रहा है। वे देश के बुनियादी ढांचे और परिवहन के साधन केवल यात्रा लॉजिस्टिक्स के गौरव का महत्वपूर्ण संकेत हैं, बल्कि देश की वास्तुकला संबंधी तस्वीर का परिदृश्य दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व भी हैं। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है।

जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टेशन जो पहले गंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केंद्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्व स्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बनना वास्तव में उल्लेखनीय है। गुजरात में गांधी नगर रेलवे स्टेशन का 2021 में आधुनिकीकरण किया गया और यह पहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया। केंद्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन' के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है।

इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किए जा रहे ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें अन्य के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 स्टेशन शामिल हैं। आज जो परिणाम देखे जा रहे हैं, वे विशेष रूप से 2019 के बाद से किए जा रहे प्रयासों और प्रबंधन पहलों का परिणाम हैं।

## अंदाज-ए-बयां — बेटियां



**अनिल शर्मा नील**

*सारे जग की मुस्कान है*
*बेटी बोझ नहीं सम्मान है।*
*पढ़ती लिखती है खूब मेहनत करती*
*अच्छे नंबरों से पास करती इम्तिहान है।*
*कल्पना हो या फिर सुनीता सिरिशा*
*छुआ सपनों का आसमान है।*
*प्रतिभा पाटिल, सरोजनी नायडू, मीरा कुमारी*
*अपनी प्रतिभा से कमाया नाम है। पीटी उषा, सानिया मिर्जा पीवी सिंधु*
*खेल जगत में रोशन किया नाम है।*
*इंदिरा गांधी, सुषमा स्वराज, जयललिता, ममता*
*राजनीति में चलाया सिक्का बनाई पहचान है।*
*गृहस्थी हो या फिर हो कार्यालय*
*अपनी कुशलता से चमकाया नाम है।*
*नभ-जल-थल में लोहा मनवाया है*
*लहरा के तिरंगा देश का बढ़ाया मान है।*
*बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ तो कहते हैं*
*बेटियां बचाने का करते नहीं इंतजाम हैं।*
*बेटे आज जहां संवेदनशून्य हो गए हैं*
*बेटियां इक संवेदनशील इंसान हैं।*

# टीएन शेषन ने चुनाव सुधारों को सख्ती से लागू करने को उठाए थे कड़े कदम



**लेखक : आरके सिन्हा**
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

**एक** बार फिर देश लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव की घोषणा अब कभी भी हो सकती है। देश में चारों तरफ लोकसभा चुनाव का माहौल बनता ही चला जा रहा है। वास्तव में यह भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और खासमखास उत्सव भी है। इस उत्सव में इस बार 86 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 47 करोड़ महिला वोटर होंगी। इस उत्सव में देश के 28 राज्य और नौ केंद्र शासित शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव को सफलता पूर्वक करवाने की जिम्मेदारी डेढ़ करोड़ सरकारी अफसरों पर होगी। करीब सवा करोड़ मतदान केंद्रों में जाकर मतदाता देश के 543 लोकसभा सांसदों का चुनाव करेंगे। यह सब आंकड़े गवाह हैं कि भारत से बड़ा और व्यापक संसदीय चुनाव विश्व भर में कहीं और नहीं होता। बहरहाल, भारत में अब तक लोकसभा के 17 चुनाव हो चुके हैं।

पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्तूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। बहरहाल, हर बार की तरह से चुनाव कराने की जिम्मेदारी रिटर्निंग अधिकारियों की होगी। हरेक संसदीय क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त होता है। आमतौर पर जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) अपने जिले के एक या एक से अधिक संसदीय क्षेत्रों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर होता है, लेकिन बहुत से ऐसे संसदीय क्षेत्र ऐसे भी होते हैं, जो दो या तीन छोटे जिले में बंटे होते हैं, जिनमें रिटर्निंग ऑफिसर पड़ोसी जिले से भी नियुक्त हो सकता है। फिर, चुनाव पर पर्यवेक्षकों की नजर भी रहती है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के लाखों कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस मिलकर चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करवाते हैं। अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगालें तो पाते हैं कि संविधान सभा ने नवंबर 1949 में देश चुनाव आयोग की स्थापना को अधिसूचित किया था और अगले वर्ष मार्च में, भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) के अफसर श्री सुकुमार सेन को भारत का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। वे पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव रहे थे।

सुकुमार सेन की ही देखरेख में देश का पहला लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ था। उन्होंने ही स्वतंत्र भारत के पहले दो आम चुनाव, 1951-52 और 1957 को संपन्न करवाया था। यह मानना होगा कि पहले चुनाव आयुक्त के रूप में जिस परंपरा को सुकुमार सेन ने शुरू किया था, उसे आगे लेकर जाने वाले कुशल चुनाव आयुक्तों में टीएन शेषन ने सबसे अग्रणी भूमिका निभाई। आज भी बुद्धिजीवी समाज वाले तो यही कहते हैं कि अगर टीएन शेषन भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त न बनते, तो देश में चुनाव के नाम पर धोखाधड़ी और धांधली का आलम जारी ही रहता। उन्होंने 1990 के दशक में चुनाव आयोग के प्रमुख पद पर रहते हुए चुनाव सुधारों को सख्ती से लागू करने को कड़े कदम उठाए थे।

# युवा केंद्रीय पुलिस संगठनों में टटोलें भविष्य



**लेखक : ठाकुर तारा**
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

**हिमाचल** प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है। शुरू से यहां के युवाओं की प्रथम पसंद फौज ही रही है। इसमें भर्ती होकर इन युवाओं का देश सेवा का जुनून और जज्बे का कोई भी अन्य सानी नहीं है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा वर्ग जो 10वीं पास कर शारीरिक रूप से जी जान से दौड़ने का अभ्यास शुरू कर देते हैं। यहां का भौगोलिक वातावरण कठिन जीवन कार्य की रूपरेखा के अनुरूप सैन्य जीवन में प्रवेश पाने की राह, यहां के स्थानीय युवाओं के लिए आसान रही है, तभी तो हिंदुस्तान की सेना के अभिन्न अंग के रूप में हिमाचली युवा हिमालय जैसे हौसले रख बहादुरी से शत्रुओं के सामने अनुकरणीय मुकाबले के तौर पर अलग पहचाने जाते हैं।

जिस तरह से अग्निपथ स्कीम लागू की गई है, उसके साथ-साथ ग्रामीण सामाजिक परिवेश में युवाओं का रुझान, एवं इन सेवाओं में जाने का सपना व जोश धीरे-धीरे जरूर कम हुआ है। इस स्कीम के क्रियान्वित हो जाने से कहीं न कहीं इन युवाओं के मन में पहले जैसे कड़े शारीरिक अभ्यास करने का जुनून पूर्व की तुलना में अब अवश्य प्रभावित हुआ है। हिमाचली परिवार का एक सदस्य फौज में भर्ती होने पर उसके परिवार की उन्नति की राह उस रोजगार के बूते समाज में अलग प्रतिष्ठा पाती थी। भले ही युवा सिपाही रैंक ही प्राप्त क्यों न करें, लेकिन वह उस नौकरी से अपना घर, छोटे भाई-बहनों की पढ़ाई का खर्च, उनकी शादी तक का जिम्मा उठाता था। अब चार साल के छोटे से इस सैन्य करियर में उनके मन में स्थायी होने की स्थिरता कायम नहीं रही है। इसमें महत्वपूर्ण कारण जिसमें आयु सीमा साढ़े सत्रह से 23 साल तक इसमें सिपाही सामान्य ड्यूटी, सिपाही लिपिक का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत चार साल बाद यानी 27 साल तक इसमें से बहुत से युवा सैनिक वर्ग की घर वापसी हो जाएगी। इसी उम्र के उत्कर्ष के दौरान लड़कों के माता-पिता अपने बच्चों की इस आदर्श आयु सीमा में शादी का प्रस्ताव लेकर किसी लड़की वाले के यहां जाएंगे तो उक्त संबंधी ही, सबसे पहले अपनी लड़की के सुनहरे भविष्य को देख सवाल पूछेंगे कि लड़का कच्चा फौजी है या फिर पक्का यानी लंबी नौकरी वाला है या चार साल वाला।


यह उन लड़कों के परिवारों के लिए आघात सिद्ध होगा, जो इन सेवाओं में अपनी स्थायी उपस्थिति किसी कारणवश दर्ज न करवा पाए। बहुत से लड़की वाले अपनी लड़की को इन दुविधापूर्ण नौकरी वाले युवाओं के लिए अपनी लड़की की शादी उनके साथ नहीं करवाएंगे। यह स्कीम अच्छी है या बुरी, यह तो सरकार ही तय और निर्धारित करेगी, लेकिन आम युवा के इसके बाद अपने सुनहरे भविष्य के लिए क्या-क्या अन्य विकल्प हो सकते हैं। यह इन युवाओं की सोच व स्वयं के निर्णय पर निर्भर करता है, क्योंकि सैन्य सेवा देश सेवा है, इन सेवाओं के भीतर युवाओं को जोर जबरदस्ती करके भर्ती नहीं करवाया जाता है। यहां हर युवा स्वेच्छा से इस सेवा को चुनता है। हिमाचली युवाओं के लिए इसी के अनुसार वर्दीधारी सेवा के अवसर अन्य विकल्प के रूप में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सेवा के रूप में भी मौजूद हैं। युवा के मार्गदर्शन के लिए व इन सेवाओं को चुनने के लिए, संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से स्नातक के रूप में राजपत्रित अधिकारी, सहायक कमांडेंट बनकर, केंद्रीय कर्मचारी सेवा चयन आयोग बोर्ड के माध्यम से सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल बनने, इन संगठनों के द्वारा रेडियो ऑपरेटर, नर्सिंग सहायक, कम्युनिकेशन संभाग में हेड कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल लिपिक, ट्रेड्समैन में कुक, जलवाहक, बिगुलर, पेंटर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, मोची, नाई, टेलर, स्पोर्ट्समैन हर विधा में महारत हासिल खिलाड़ियों के लिए, वेटरनरी, इंजीनियरिंग शाखा, आईटीआई धारक युवा सहित अन्य रिक्तियां साठ साल तक की सेवाओं के लिए प्रत्येक वर्ष लाखों की रिक्त पदों के आधार पर भरी जाती हैं।

इन केंद्रीय पुलिस संगठनों में सीमा सुरक्षा बल, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल, सशस्त्र सीमा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, एनआईए, भारतीय तटरक्षक बल, आईबी, असम राइफल्स प्रमुख हैं। ये बल भारत संघ की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ भारत की आंतरिक सुरक्षा का जिम्मा निभाते हैं। हिमाचल के युवाओं की सैन्य सेवा के अतिरिक्त इन सेवाओं की ओर भूमिका नगण्य हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश राज्य, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के युवाओं का इन बलों में प्रवेश अधिक है।

राज्य में लगभग आठ लाख बेरोजगार हैं। हिमाचल के भीतर नौकरियों का पिटारा खुलते-खुलते बेरोजगारों की आयु सीमा हाथ से निकल सकती है। सैन्य सेवा में विकल्प के साथ-साथ उपरोक्त बलों में अपनी बढ़त हासिल कर, शिक्षित, तंदरुस्त बेरोजगार बैठे युवाओं को इसमें भर्ती होने के अपार सुनहरे अवसर खुले हैं। प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से इन बलों की भर्ती प्रक्रिया खुलती है। सैन्य सेवाओं का सपना देखने वाले जज्बा युक्त, जोशीले नौजवानों के लिए शारीरिक मापदंड, भर्ती प्रक्रिया, चिकित्सा जांच, लिखित परीक्षा की प्रक्रिया लगभग मिलती-जुलती है। इन सेवाओं में प्रवेश के साथ-साथ युवाओं के लिए एक स्थायी सेवा के साथ-साथ, रोजगार व संपूर्ण भारतवर्ष के राज्यों के भ्रमण, राज्यों की विभिन्न संस्कृति, भाषा, अलग-अलग समाज, धर्म जाति, रीति-रिवाज के साथ-साथ रोमांचकारी यात्रा, साहसिक यात्रा, अनुशासित जीवन सहित अपने आप को हिमाचल प्रदेश से बाहर अन्य राज्यों के परिवेश रहन-सहन का अवलोकन कर व एक बेहतर सोच संपूर्ण व्यक्तित्व युक्त, प्रेरित सकारात्मक सैनिक के रूप में प्रतिस्थापित करने का सुअवसर प्रदान करता है।

# गरीबों को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त देने की नहीं हुई पैरवी

ब्लॉगर



**हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**आर्थिक** अक्षमता के कारण देश में न जाने एक दिन में भी सैकड़ों बहुप्रतिभा के होनहार विद्यार्थियों को अच्छी व उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने सपनों की तिलांजलि देनी पड़ती है। गरीबी किसी अभिशाप से कम नहीं होती है, तो वहीं दूसरी ओर आर्थिक अक्षमता के कारण एक गरीब व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और संसाधनों के अभाव में अपनी जान की कीमत चुकानी पड़ती है।

यह एक ऐसी विडंबना है जो कि आजाद भारत में किसी कैंसर से कम नहीं है जिसका सामना आए दिन एक गरीब व अक्षम व्यक्ति को उठाना व केंद्र सरकार को भी इस गंभीर मुद्दे और समस्या पर भविष्य में सकारात्मक कदम और पैरवी करने की परम आवश्यकता है, ताकि हमारे देश व प्रदेश के उन गरीब व्यक्तियों को सक्षम और राहत पहुंचाई जाए। आज के परिप्रेक्ष्य में किसी भी प्रदेश की सरकार और केंद्र सरकार ने ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसमें गरीब व्यक्तियों के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त करने की पैरवी की गई हो।

इस प्रकार हमारे समाज और क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन ऐसे अनेक उदाहरण देखने और सुनने को मिलते हैं, जहां पर आर्थिक अक्षमता के कारण ऐसे अनेक होनहार छात्रों व युवाओं को धन के अभाव में उन्हें उनकी मंजिल को पाने के लिए अपने सपनों को सीमित करना पड़ता है, क्योंकि उनके सामने सबसे बड़ी समस्या आर्थिक अक्षमता मुख्यता एक पहाड़ की तरह खड़ी हो जाती है, जबकि कुछेक क्षेत्रों में कुछ सामाजिक संस्थाएं व सक्षम व्यक्तियों की ओर से ऐसे अनेक गरीब व्यक्तियों व होनहार छात्रों को सहायता भी करते हैं, जिसके बदौलत वे तमाम विद्यार्थी अपना बेहतर भविष्य बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवाते हैं।

वहीं, दूसरी ओर स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अनेक सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों द्वारा समय-समय पर अस्वस्थता के कारण गरीब व्यक्तियों को दुख की घड़ी में आर्थिक सहायता प्रदान करके जिंदगी और मौत से जूझ रहे गरीब सकुशलता अस्पतालों से घरों को लोटते हैं परंतु जनसंख्या अधिक होने के कारण यह सब चंद व्यक्तियों के प्रयास नाकाफी साबित हो जाते हैं।

इस प्रकार आज यह एक ऐसा ज्वलंत मुद्दा व प्रश्न खड़ा करता है, जिस समस्या ने देश व प्रदेश के गरीब व्यक्तियों और समाज को विचलित कर दिया है, क्योंकि आज जिस आधुनिकता में हम प्रवेश कर चुके हैं, वहां पर हमें किसी भी असहाय व अन्य व्यक्ति से कोई सरोकार नहीं रह गया है, क्योंकि जिस भागमभाग के जीवन में हम प्रवेश कर चुके हैं, परंतु अगर हम सामाजिक क्षेत्र की दृष्टि से देखने व समझने का प्रयास करते हैं तो हम निश्चित रूप से पाएंगे कि सरकार को गरीब व्यक्तियों और गरीब छात्रों को मुफ्त शिक्षा होनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति धन के अभाव में अपने जीवन को न त्यागे।

इसके अलावा कोई भी होनहार व संघर्षरत विद्यार्थी आर्थिकी के अभाव में उच्च शिक्षा व अपने सपनों को पाने से वंचित न रहे, क्योंकि एक सक्षम व्यक्ति जहां अपने जीवन और परिवार उच्च शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को देने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम है तो वहीं, वह अपने बच्चों और परिवार को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए भी आर्थिक रूप से सक्षम है। इस प्रकार अनेक क्षेत्रों में यह समस्या देखने को मिलती हैं, जहां पर न जाने दिन-प्रतिदिन कितने असहाय व्यक्तियों को इन समस्या का शिकार होना पड़ता है।

इस प्रकार प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार को उन गरीब व्यक्तियों के लिए भविष्य में आर्थिक समस्या से निजात पाने व शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं को किसी न किसी रूप से मुफ्त करने का प्रयास करने की पैरवी करनी चाहिए, जिसका दायित्व प्रदेश सरकार के चुने हुए जनप्रतिनिधियों अथार्त विधायकों व सांसदों पर रहता है कि वे एक राजनेता की बजाय जनसेवक की भूमिका में प्रदेश की विधानसभाओं और देश की संसद में कानून बनाकर गरीब व्यक्तियों के लिए कानून बनाएं ताकि भविष्य में गरीब व्यक्तियों को राहत मिल पाए।

## अपनी बात

**आज** सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि नई पीढ़ी में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। पहले बच्चों में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव का संस्कार होता था, लेकिन आज स्थिति बिलकुल विपरीत है। आज हम सभी के लिए और माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को संस्कार दें, ताकि आने वाला भविष्य संस्कारहीन न हो जाए।

आज संस्कारों की कमी के कारण युवा दिशाहीन होते जा रहे हैं और नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं। आज जो बच्चे बड़े-बड़े स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं। वहां यह परम आवश्यक है कि बच्चों के अंदर बड़ों के प्रति आदर भाव, मान-सम्मान स्थापित करने जैसे गुणों का संचार किया जाए, ताकि शिक्षा के साथ-साथ नई पीढ़ी संस्कार भी ग्रहण करे, अन्यथा भविष्य में यही कहावत चरितार्थ होगी कि अब क्या पछताए होत, जब चिड़िया चुग गई खेत। आज देश ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं और प्रतिभावान युवाओं ने अपनी अहम पहचान बनाई है। भविष्य में भी देश के प्रतिभावान युवा अपना दम-खम दिखाने के लिए बेताब हैं, लेकिन बड़ पदों के लोगों में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान नहीं है। **-मनजीत**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### इंग्लैंड के दर्शक बोले-मैच से निराश लेकिन मैदान देखकर खुश, मैच में भारतीय टीम सुंदरता में धर्मशाला नंबर वन

# धर्मशाला स्टेडियम की सुंदरता की मुरीद हुई दुनिया



धर्मशाला स्टेडियम में टेस्ट मैच का आनंद लेते दर्शक



मैच देखने के लिए धर्मशाला स्टेडियम की ओर जाते दर्शक

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच को लेकर क्रिकेट फैंस में जबरदस्त उत्साह नजर आया। इंग्लैंड तथा भारत के दर्शकों से जब बात की गई तो उन्होंने क्रिकेट मैच के साथ इस मैदान की सुंदरता की जमकर तारीफ की।

इस मौके पर इंग्लैंड से भी काफी तादाद में दर्शक पहुंचे हुए थे। इस मौके पर इंग्लैंड से पहुंचे दर्शकों ने कहा कि भले ही इंग्लैंड की मैच में स्थिति यहां बढ़िया नहीं है, लेकिन वो धर्मशाला की खुबसूरती को देखकर अच्छा महसूस कर रहे हैं। दिल्ली से आए दर्शकों ने बताया कि धर्मशाला में रोहित शर्मा तथा शुभमन की पारी को देखकर दिल्ली से सफर की थकान मिट गई। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे सुंदर क्रिकेट स्टेडियम अगर कहीं है तो वो धर्मशाला है। बिहार से आए दर्शकों ने बताया कि धर्मशाला का क्रिकेट मैदान बहुत ही सुंदर है तथा भारत का प्रदर्शन देख कर वो काफी उत्साहित हैं।

इंग्लैंड से आए दर्शकों ने बताया कि क्रिकेट में भले ही यहां इंग्लैंड का प्रदर्शन बढ़िया न रहा हो लेकिन धर्मशाला बेहद खुबसूरत है तथा यहां के लोग बहुत ही अच्छे हैं। वहीं, भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच को लेकर क्रिकेट फैंस में जबरदस्त उत्साह नजर आया। (अनंत ज्ञान)

## स्टेडियम ने जीता दर्शकों का दिल

**इंग्लैंड** से आए हैरी ने हिंदी में बात करते हुए कहा कि वो काफी समय से भारत में हैं। इसलिए थोड़ी हिंदी सीख गए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला बेहद सुंदर है। शिमला से आई बच्ची इशा ने बताया कि वो धर्मशाला में पहली बार मैच देखने आई हैं तथा बहुत ही उत्साहित हैं। इसके अलावा धर्मशाला के नन्हें गर्वित ने बताया कि वो यहां मैच देखने के लिए बहुत उत्साहित है। भोपाल से आए दर्शकों ने बताया कि धौलाधार की वादियों में बसा ये स्टेडियम बहुत ही सुंदर है तथा भारत के प्रदर्शन से वो काफी खुश हैं। इस मौके पर इंग्लैंड से भी काफी तादाद में दर्शक पहुंचे हुए थे। इस मौके पर इंग्लैंड से पहुंचे दर्शकों ने कहा कि भले ही इंग्लैंड की मैच में स्थिति यहां बढ़िया नहीं है, लेकिन वो धर्मशाला की खुबसूरती को देखकर अच्छा महसूस कर रहे हैं।



मैच देखने को जाते हुए दर्शक।



मैच देखने को इंग्लैंड से पहुंची एक प्रशंसक

## दमखम लगाएंगे

**इंग्लैंड** से आए दर्शकों ने कहा कि हालांकि इंग्लैंड टेस्ट सीरीज हार चुकी है, लेकिन आखिरी मैच में खिलाड़ी दमखम लगाएंगे और इस मैच में जीत दर्ज करेंगे। यह मैच भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का पांचवां और अंतिम मैच है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम इंडिया सीरीज में 3-1 से पहले ही सीरीज पर कब्जा जमा चुकी है।

# रोहित शर्मा ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम इंडिया के लिए धर्मशाला टेस्ट में शतक लगाया। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत ने मैच के दूसरे दिन पहली पारी लंच ब्रेक तक एक विकेट के नुकसान के साथ 264 रन बनाए। इस दौरान रोहित ने 102 रन और शुभमन ने 101 रन बनाए। इन दोनों के बीच 160 रनों की साझेदारी हुई।

रोहित और शुभमन के शतक से कई बड़े रिकॉर्ड टूट गए। रोहित भारत के लिए बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेवाज बन गए हैं। हिटमैन रोहित टीम इंडिया के लिए इंग्लैंड के खिलाफ बतौर ओपनर टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। रोहित ने चार शतक लगाए हैं। सुनील गावस्कर भी चार शतक लगा चुके हैं। इस मामले में विजय मर्चेंट, केएल राहुल और मुरली विजय संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर है। रोहित 2021 के बाद भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उन्होंने छह शतक जड़े हैं। इस मामले में शुभमन गिल दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। गिल ने रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया है। जडेजा, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने भी शतक लगाए हैं। वहीं, रोहित ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है।

रोहित बतौर ओपनर इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। क्रिस गेल चौथे नंबर पर हैं। डेविड वॉर्नर 49 शतकों के साथ टॉप पर हैं। सचिन तेंदुलकर 45 शतक के साथ दूसरे नंबर पर हैं।



**जवाली।** उपमंडल जवाली के अधीन आने वाले महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिव मंदिरों में सुबह ही भक्तों द्वारा आगमन शुरू हो गया तथा स्पीकरों से भोले बाबा के भजनों की गूंज सुनाई दे रही थी। मंदिरों में हवन-यज्ञ करवाया गया तथा हलवा-पूरी का प्रसाद बांटा गया। दूरदराज से आकर भक्तों ने माथा टेका। पुलिस थाना जवाली के प्रांगण में बने शिव मंदिर में पुलिस कर्मचारियों ने हवन यज्ञ किया। ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध कालेश्वर महादेव किमन, शिव मंदिर कैहरियां, शिव मंदिर हरसर, शिव मंदिर समलाना, शिव मंदिर झरोली जवाली मे शिव महापुराण का पाठ किया गया।

## महिलाएं किसी से कम नहीं: एसडीएम

**देहरा।** एसडीएम देहरा मैडम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि समाज के उत्थान में महिलाओं की भूमिका और योगदान महत्वपूर्ण है। समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का योगदान भी बराबर का है। एसडीएम शिल्पी बेक्टा नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं खेल जगत से लेकर राजनीति तक सैन्य व राष्ट्र की रक्षा तक में महिलाएं न केवल शामिल हुई बल्कि बड़ी भूमिकाओं में अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और अपने अधिकारों से अनजान महिलाओं को जागरूक करने व उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य व समाज के विकास में महिलाओं का योगदान बहुत जरूरी है। एसडीएम मैडम शिल्पी बेक्टा ने महिलाओं के अधिकारों, कानून और विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी।

# चामुंडा मंदिर में आठ हजार भक्तों ने लिया शिवरात्रि पर आशीर्वाद

**बॉबी गोस्वामी, चामुंडा**

श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव आयोजन मंदिर प्रशासन और नंदिकेश्वर महादेव मंदिर वारीदार सभा के द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को शिवरात्रि के पर्व पर आठ हजार श्रद्धालु मां चामुंडा व नंदिकेश्वर धाम मेंनतमस्तक हुए। उक्त जानकारी नंदिकेश्वर महादेव मंदिर वारीदार सभा के अध्यक्ष पवन गोस्वामी ने दी।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह नंदिकेश्वर महादेव मंदिर में मनाया जाने वाला त्योहार छह मार्च को 31 विद्वान पंडितों के द्वारा श्रीगणेश किया गया था। छह से आठ मार्च तक पूरा दिन भगवान भोलेनाथ का सोडशोपचार रुद्री पूजन किया जाएगा। त्रिगत संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश शर्मा और और आचार्य सुरेंद्र दीक्षित के कर कमल के द्वारा पूजन किया जा रहा है। आज शिवरात्रि के दिन रुद्री महायाग की पूर्णाहुति की गई। इसमें धर्मशाला के एसडीएम महोदय धर्मेश रामोत्रा ने अपनी धर्मपत्नी के साथ तीन दिन तक चले होमात्मक रुद्री महायाग में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में आशीर्वाद लेने को अपनी बारी इंतजार करते भक्तजन।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने अरेस्ट किया ठगी का आरोपी

**गगल।** गगल थाना के अंतर्गत पड़ने वाले गांव भड़ यारा में 36 वर्षीय व्यक्ति भुवनेश शर्मा को जालसाजी के मामले में गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए गगल थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया के डूक पालमपुर का शिकार हुए शिकायतकर्ता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह पंडित का काम करता है। वहीं, इस जालसाज ने उसे सरकारी नौकरी दिलवाने के लिए नौ लाख किस्तों किस्तों में दिए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत करने की रिपोर्ट पर शुक्रवार को जालसाज को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां उसे माननीय न्यायाधीश ने आरोपी को चार दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### भदरेहड़ में गाड़ियों की पासिंग 15 को

**नगरोटा बगवां।** उपमंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत पंचायत घोड़ब के टीका भदरेहड़ में 15 मार्च को गाड़ियों की पासिंग एवं 16 मार्च को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। इसकी जानकारी नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीश शर्मा ने दी।

### नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।

### निर्देशक सुभाष कपूर का किया भव्य स्वागत

**गगल।** हिमाचल की शान निर्देशक सुभाष कपूर को शुक्रवार को स्पाइसजेट विमान द्वारा गगल पहुंचने पर उनके साथियों द्वारा भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है के सुभाष कपूर ने जॉली एलएलबी सीरियल के फिल्मों का निर्देशन किया है और अगले महीने पार्ट तीन की शूटिंग होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार और अरशद वारसी दोनों हीरो होंगे। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान दिल्ली अबू धाबी में होगी इतना ही नहीं सुभाष कपूर जिन्होंने अनेक फिल्मों का निर्देशन किया है। इस अवसर पर सुभाष कपूर के दोस्त सुरेश चौधरी अजय जग्गी आदि ने सुभाष कपूर का स्वागत किया।

## होली मेला रझूं 24 मार्च से

**नगरोटा बगवां।** होली मेला रझूं 24 से 26 मार्च तक तीन दिन धूमधाम से मनाया जाएग। इस मेले में तीन दिन विभिन्न प्रकार की झांकियां और 26 मार्च को माता काली की भव्य झांकी निकाली जाएगी। इस बार मेले में लाटरी का शुभारंभ भी कार्यकारिणी द्वारा करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए जन्म सिंह सपहिया, अनिल कुमार और रवि चौधरी को मनोनीत किया गया है। लाटरी की टिकट का मूल्य 100 रुपए रखा गया है। लाटरी का ड्रा 25 मार्च को शाम के समय निकाला जाएगा। पहला इनाम लूना मोटरसाइकिल, दूसरा इनाम 32 इंच एलईडी, तीसरा इनाम वॉसिंग मशीन, चौथा इनाम एनरोइड फोन, पांचवां इनाम इंडेक्शन चूल्हा, छठां इनाम टेबल फैन निकाला जाएगा। कमेटी का कारोबारियों से अनुरोध रहेगा मेले अपना कारोबार कर के चंगर क्षेत्र के मेले की शोभा बढ़ाएं। मेले में वॉलीबाल की खेल का आयोजन करवाया जाएगा। एंट्री फीस 600 रुपए प्रति टीम रखी है।

# काठगढ़ मंदिर में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**रोशन लाल, इंदौरा**

इंदौरा प्राचीन शिव मंदिर काठगढ़ में तीन दिवसीय जिला स्तरीय महाशिवरात्री महोत्सव के दौरान रात लाखों भक्तों ने बुधवार रात को लंबी-लंबी कतारों में बैठकर प्रभु भक्ति में लीन होकर भोलेनाथ के दर्शन पाने के लिए इंतजार किया। वहीं, जैसे ही रात के 12 बजे सारा मंदिर परिसर बम-बम भोले जी के जय उद्घोष के साथ जयकारे लगाते हुए ढोल निगाड़ों के साथ व आतिशबाजी छोड़ते हुए भोलेनाथ जी के आगे नतमस्तक होकर दर्शन किए। मेले में हिमाचल, पंजाब, जम्मू कश्मीर आदि राज्यों से लाखों की तादाद में श्रद्धालु यहां माथा टेकने आते हैं और भोले बाबा से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। श्रद्धालु भक्तों की सुविधा लिए सभा द्वारा विभिन्न प्रकार व्यवस्थाएं की गई है। आज दूसरे दिन के महोत्सव में श्री सनातक जागरण मंच गुरदासपुर के कलाकारों द्वारा विभिन्न की प्रस्तुतियां देकर भोले महिमा का गुणगान किया। वहीं, मुख्यातिथि उपमंडल अधिकारी इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर व सभा के प्रधान ओम प्रकाश कटोच द्वारा मेधावी छात्र वृति प्रतियोगिता में पांचवीं, दसवीं, बारहवीं के मेरिट में रहे बच्चों को स्मृति चिन्ह, पशस्ति पत्र, नकद राशि देकर सम्मानितकिया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य, संजीव कुमार, दीपू उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए मंदिर सुधार सभा को अपनी ओर से 51000 की राशि मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के मंदिर सभा को प्रदान की। इस अवसर पर मंदिर सुधार सभा के उपप्रधान अजीत सिंह, युद्धबीर सिंह, सचिव गणेश दत्त शर्मा, कार्यालय सचिव जोगिंदर पाल भारद्वाज सहायक सुनीता शर्मा, प्रेस सचिव सुरिंदर शर्मा प्रचार सचिव प्रेम सिंह, रघुनाथ सिंह पवन शर्मा, संगठन मंत्री रमेश पठानिया, राजीव ठाकुर, अशोक, बलविंद्र गुलेरिया, इत्यादि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



काठगढ़ मंदिर में अपनी बारी का इंतजार करते हुए भक्तजन।

# स्वयं शंभू डिब्केश्वर महादेव शिव मंदिर में महाशिवरात्रि की धूम

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

हिमाचल के साथ साथ बाहरी राज्यों से भी दर्शन करने पहुंच रहे हूं श्रद्धालु महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शन कीजिए नूरपुर ब्लॉक की पंचायत सुलयाली में स्थित प्राचीन प्रसिद्ध स्वयं शंभू डिब्केशवर महादेव शिव मंदिर के।

यह मंदिर सदियों पुराना है मान्यता यह भी है कि इस गुफा मे शिव भोलेनाथ विराजमान हैं। वहां यहां दूध की धाराएं निकलती थी, जिससे यह शिवलिंग अपने बने हैं। यहां शिवरात्रि का पर्व सदियों से मनाया जा रहा है यहां पर भगवान शिव भोलेनाथ के दर्शनों का सिलसिला सुबह तीन बजे शुरू हो गया जो लगातार जारी है। शिवरात्रि पर्व पर यहां चार पहर पूजा होगी और हवन पूजा अर्चना भी होगी। मंदिर कमेटी द्वारा यहां पर श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए बहुत बेहतरीन प्रबंध किए गए हैं और मंदिर परिसर को लाइटों और फूलों से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन भी किया जा रहा है।

मंदिर कमेटी प्रधान राजेश भारद्वाज ने बताया कि आज सुबह से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। वहीं, शुक्रवार को दिनभर पूजा-अर्चना हवन चला हुआ और अगले कल एक विशाल भंडारे किया जाएगा।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

09 मार्च, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :**चतुर्दशी (06:19): **नक्षत्र :** धनिष्ठा (07:55), **पक्ष :** कृष्ण, योग सिद्ध (08:31) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:08)-(12:55), राहुकाल 09:34 - 11:03।

### विशेष दिन

09 मार्च 1968 को भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, लेखक, व्यंग्यकार और पत्रकार हरिशंकर शर्मा का निधन हुआ था।

**मेष :** लंबे समय से प्रतीक्षित कानूनी मुद्दे का आकस्मिक निर्णय आपको आश्चर्यचकित कर सकता है। नवीन विचार सहयोग करेंगे।

**वृषभ :** आज का दिन चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ शानदार भी रहेगा। आप कड़ी मेहनत के लिए इनाम की उम्मीद कर सकते हैं।

**मिथुन :** आज आप में से कुछ लोगों को अपने बिजनेस- पार्टनर या करीबी सहयोगी से थोड़ी समस्या हो सकती है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित प्रभावदायक है। इस समय आप जो भी बोलें बहुत सोच-समझ कर बोलें।

**सिंह :** आज आप मुश्किल हालात जैसे बीमारी या जद्दोजहद में फंस सकते हैं। आत्म-शक्ति को इकट्ठा करें।

**कन्या :** यात्राएं अधिक होने के कारण आपको शारीरिक थकावट हो सकती है। आधिकारियों से पुरस्कार प्राप्त हो सकता है।

**तुला :** आज आप जीवन के सभी क्षेत्रों में सुधार पाएंगे और आपकी यश की सहज प्रगति होगी। व्यवसाय में उन्नति के आसार।

**वृश्चिक:** व्यवसाय में उन लोगों के लिए यह एक अनुकूल अवधि है जो नई साझेदारी में प्रवेश करने जा रहे हैं।

**धनु :** जटिल समस्याओं का समाधान मिल सकता है। व्यावसायिक रूप से आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मकर :** आपकी इच्छाशक्ति बढ़ेगी और आप उत्साहपूर्वक अपने कार्यों को अंजाम देंगे। रुकी हुई परियोजनाएं प्रगति करेंगी।

**कुंभ :** चुनौतियों और कठिनाइयों के बीच आपको प्रगतिशील रास्ता खोजना पड़ सकता है। परिश्रम से लक्ष्य मिलेगा।

**मीन :** व्यवसाय और वित्तीय प्रयासों से आज आपको लाभ मिलने की संभावना है। पसंद के स्थान पर स्थानांतरित हो सकते हैं।

**बैठक** | बैठक के दौरान एडीसी सौरभ जस्सल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# पशु बीमा करवाने के लिए किसानों को करें प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने पशु विभाग के कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल बीमा करवाने तथा पशु बीमा करवाने के लिए किसानों को प्रेरित करें, ताकि लाभार्थी समय पर इन योजनाओं का लाभ ले सके। धर्मशाला के डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी सौरभ जस्सल ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी ग्राम स्तर पर लघु प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए कारगर कदम उठाएं, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सके। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए की लंबित पड़े सभी कृषि ऋण मामलो को शीघ्रता से निपटाया जाए। उन्होंने कहा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने के लिए प्राप्त आवेदनों पर पात्रता अनुसार शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि युवा उद्यमी समय पर अपने उद्योग स्थापित करके लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक कुलदीप कुमार कौशल ने सभी बैंकों को दिए गए बजट की समीक्षा की तथाबैठक में पंजाब नेशनल बैंक के उप उमंडल प्रमुख राकेश चंद कटोच ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक सदैव किसानों के हित में कार्यरत रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर 2023 तिमाही के अंत तक कृषि क्षेत्र में 93370 लाख रुपए, सूक्ष्म मध्यम व लघु उद्यमों में 190480 लाख रुपए तथा अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 22847 लाख रुपए के ऋण वितरित किए गए है। जिले में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत लगातार वृद्धि दर्ज की गई है तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर 2023 तिमाही के अंत तक कुल 28730 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा क्रियांवित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक योजना अंतर्गत दिसंबर 2023 तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एडीसी सौरभ जस्सल।

## एयरपोर्ट विस्तारीकरण पर सुनवाई 19 को

**गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च तक रख दी है। इसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज इस बारे शिमला में सुनवाई होनी थी, लेकिन आज राजनीति की उथल पुथल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। इस कारण अब यह सुनवाई 19 मार्च को होगी इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा के उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर विश्वास बनाए हुए हैं।

# भोले बाबा के जयकारों से गूंजा बिलासपुर

## मंदिरों में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए फलाहार और पूजा-अर्चना का किया गया प्रबंध, जगह-जगह लगे भंडारे

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शुक्रवार को घुमारवीं क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर हर जगह-जगह शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगना शुरू हो गया, जहां पर लोग सुबह से ही इस पर्व की तैयारी में जुट गए थे।

सभी मंदिरों में मंदिर आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए फलाहार तथा पूजा-अर्चना का पूरा प्रबंध किया गया था। महाशिवरात्रि के इस पर्व पर घुमारवीं क्षेत्र के तहत आने वाली कोठी पंचायत के अंतर्गत द्वादस ज्योतिर्लिंग मंदिर पनियाला में शिव भक्तों की गहरी आस्था देखने को मिली। महाशिवरात्रि पर पूरा मंदिर भोले बाबा के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर तीन जिलों के लोगों ने शिवालय में बम्म भोले की की जयकारों से शिव पिंडियों पर दूध का अभिषेक किया। मंदिर में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा।


घुमारवीं क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए लाइनों में खड़े लोग।

लोगों ने कतारों में खड़े होकर शांतिपूर्वक तरीके से अपनी बारी का इंतजार किया और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, मिठाई, फल, भांग, धतूरा, बिल्व पत्र और गंगाजल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने विधिवत रूप से लोगों से पूजा-अर्चना करवाई। वहीं, मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं के लिए फलाहार और प्रसाद का आयोजन किया गया था, जिसका भक्तों ने खूब आनंद उठाया। मंदिर कमेटी ओर जनसहयोग से हर वर्ष यहां भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। बताते चलें कि घुमारवीं सरकाघाट सड़क पर पन्याला में यह शिव मंदिर सड़क के साथ बना है।

### गोपाल मंदिर में भंडारे का आयोजन

**बिलासपुर।** बिलासपुर-बंदला सड़क पर दनोह-कुनाला स्थित गोपाल मंदिर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व की धूम रही। सुबह से शुरू हुआ शिव भक्तों की आमद का सिलसिला शाम तक जारी रहा। दिन भर 'जय भोलेनाथ' और 'हर-हर महादेव' जैसे उद्घोष गूंजते रहे। शिव भक्तों ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के साथ ही भजन-कीर्तन में भी भाग लिया। मंदिर में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अग्रणी ठेकदार नरेश शर्मा तथा अन्य लोगों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। इसकी तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में युवक व अन्य लोग श्रद्धा भाव से काम करने पहुंचे।




बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर में शिवरात्रि पर्व पर खीर वितरित करते हुए।

# सार्वजनिक पुस्तकालय को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तक की भेंट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राज्य स्तरीय पुरस्कार हिमाचल गौरव से सम्मानित अध्यापक लकेश चंदेल ने घुमारवीं में स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तक भेंट की। इन पुस्तकों में भारत के सबसे पुराने व बड़े सिविल सेवा कोचिंग संस्थान राऊस आईएएस अकादमी दिल्ली का स्टडी मैटेरियल तथा समसामयिक वर्ष की करंट अफेयर्स प्रतियोगिता दर्पण की पुस्तकें शामिल हैं।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि वह चाहते हैं कि पुस्तकालय आने वाले सभी बच्चे इन किताबों का अध्ययन कर अपना भविष्य संवार सके। लकेश चंदेल का कहना है कि सिविल सर्विसेज की प्रारंभिक परीक्षा तथा मुख्य परीक्षा का स्टडी मैटेरियल भेंट की गई 18 किताबों में शामिल है। 14 अप्रैल को राष्ट्रीय पुस्तक दान दिवस से पहले लोगों को इस महादान के प्रति जागरूक करना भी उनका मुख्य उद्देश्य है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस कार्य में आगे आएं क्योंकि पुस्तकालय में रखी अच्छी किताबों से गांव के बच्चे अच्छी तरह से अपने परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे तथा आगे चलकर अपना भविष्य संवार सकेंगे।



घुमारवीं में सार्वजनिक पुस्तकालय को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तक भेंट करते लकेश।

इस मौके पर उन्होंने अन्य लोगों से भी पुस्तक महादान के लिए आगे आने का निवेदन किया, ताकि घुमारवीं क्षेत्र के बच्चे देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा सके। उनका मानना है कि अगर युवा पढ़ाई में अपनी रुचि बनाए रखेंगे, तो वह अन्य सामाजिक बुराइयों जैसे नशा इत्यादि में से भी अपने आप ही बचे रहेंगे क्योंकि एक पढ़ा-लिखा युवक ही समाज व देश को सही दिशा दे सकता है। इस मौके पर ओंकार चंदेल, नीरज चंदेल सचिन कुमार तथा अन्य लाइब्रेरी के स्टूडेट्स उपस्थित रहे।

# डॉक्टर बोले- आश्वासन के सिवा कुछ नहीं दे रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर अस्पतालों में सेवाएं दे रहे डॉक्टर रुटीन ऑपरेशन नहीं करेंगे। डॉक्टरों ने मांगें न मानने के विरोध में सिर्फ आपातकाल में आने वाले मरीजों के ऑपरेशन करने का फैसला लिया है।

शुक्रवार को हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अनुपम बधन, डॉ. सौरभ शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. राघव एवं डॉ. अंजलि, संयुक्त सचिव डॉक्टर सुनील चौहान, डॉ. मोहित, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रवीण चौहान, प्रैस सचिव डॉ. विजय राय व सभी जिलों के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न स्वास्थ्य खंडों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चिकित्सा अधिकारी संघ का कहना है कि वह पिछले 18 दिनों से पेन डाउन स्ट्राइक पर हैं। संघ को एक बार फिर आश्वासन दिया गया था कि चिकित्सकों की मांगों पर कैबिनेट में चर्चा होगी, लेकिन एक बार फिर कैबिनेट के मिनट्स और मीटिंग में संघ को निराशा ही मिली है। संघ के सदस्य 51 दिनों से काले बिल्ले लगाकर कार्य कर रहे हैं और 18 दिन पेन डाउन किए हो गए हैं। चिकित्सकों का सात मार्च को सामूहिक अवकाश था। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं ही सुचारू रहीं। अगर आगामी समय में मांगे नहीं मानी गई, तो इसकी अवधि दो दिन रखी जाएगी। संघ हमेशा से जन हित में समर्पित है सामूहिक अवकाश के समय में भी चिकित्सकों ने मरीजों के लिए रक्तदान, सफाई अभियान, मरीजों को फल वितरण आदि जन हित में कार्य किए।

**51 दिनों से काले बिल्ले लगाकर कर रहे कार्य**

# सामुदायिक भवन का जल्द किया जाएगा निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित औद्योगिक क्षेत्र में शीघ्र ही सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

इस बारे में सारी औपचारिकताएं लगभग पूरी कर ली गई हैं और इस संदर्भ में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक से वार्ता करके इस कार्य को सिरे चढ़ाया जाएगा। यह बात जिला लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष प्रेम डोगरा ने कार्यकारिणी की पहली बैठक को संबोधित करते हुए कही। बिलासपुर के इस औद्योगिक क्षेत्र में किसी भी तरह का आयोजन करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इसके लिए इस तरह के सामुदायिक भवन की आवश्यकता है। इस अवसर पर संघ के महासचिव एडवोकेट तुषार डोगरा ने पिछली बैठक में हुई कार्यवाही के प्रस्तावों के बारे में सभी को जानकारी दी। विभिन्न उद्योगों में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए एक शिकायत निवारण समिति का गठन भी किया गया। तुषार डोगरा ने जानकारी दी कि अब जिला लघु उद्योग संघ की बैठक हर महीने के द्वितीय शनिवार को आयोजित की जाएगी।


जिला लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष प्रेम डोगरा बैठक को संबोधित करते हुए।

नगर परिषद द्वारा भेजे गए नोटिसों के बारे में भी उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है, लेकिन इस बारे में शीघ्र ही उपायुक्त से चर्चा करके इस बात को भी सिरे चढ़ाया जाएगा क्योंकि सभी उद्योगपति एडीए को मेंटेनेंस चार्ज देते हैं, तो नगर परिषद उन्हें किस तरह से नोटिस भिजवा रही है।

बैठक में चर्चा हुई कि औद्योगिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था उचित नहीं है। इसके अलावा पेयजल व्यवस्था और बिजली व्यवस्था पर भी चिंता व्यक्त की गई। उद्योगपतियों का कहना था कि इस बारे में भी संबंधित विभाग के साथ चर्चा करनी चाहिए।

### शेखर अग्रवाल को सह प्रचार प्रमुख की जिम्मेदारी

इसके अलावा सर्वसम्मति से उद्योगपति शेखर अग्रवाल को सह प्रचार प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बैठक में अध्यक्ष और महासचिव के अलावा अशोक गुप्ता, सुंदर लाल डोगरा, नारायण चंदेल, नरेंद्र खन्ना, नोपाल गुप्ता, एडवोकेट पारस गौतम, लच्छू राम, रविकांत डोगरा, अखिलानंद गौतम तथा नरेश धीमान भी उपस्थित रहे।

# घुमारवीं की फटोह पंचायत में मृत अवस्था में मिला युवक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायत फटोह में एक युवक अपने ही घर के बाथरूम में मृत अवस्था में पड़ा मिला। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले गांव फटोह निवासी श्यामलाल मेहता ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि उसका बेटा अंकुश मेहता जो एक कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का काम करता था। वीरवार सुबह अंकुश घर से करीब सुबह नौ बजे हमीरपुर के लिए चला गया तथा शाम के समय करीब चार बजे घर वापस आया। उस समय वह खेत में घास लेने के लिए चले गए थे तथा घर पर उनकी पत्नी सुनीता तथा दूसरा बेटा साहिल मौजूद थे, जब वह खेत से वापस घास लेकर घर पहुंचे तो गोशाला के पास उनकी पत्नी ने उन्हें बताया कि अंकुश ने बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया है तथा वह काफी देर से दरवाजा नहीं खोल रहा है, जिस पर उन्होंने लोहे की रोड से बाथरूम का दरवाजा तोड़ा और अंदर बाथरूम में गए, तो देखा कि अंकुश टॉयलेट सीट के पास अचेत अवस्था में गिर पड़ा था, जिस पर उन्होंने शोर मचाया। इसके बाद तत्काल उन्होंने अपने बेटे को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

> मृतक के पिता के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है तथा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लगाया जा सकता है। मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
> **चंद्रपाल सिंह, डीएसपी घुमारवीं।**

# सरकार को बचाने के लिए सीएम कर रहे अनेक प्रपंच : चेतन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की अस्थिर सरकार को बचाने के लिए मुख्यमंत्री अनेक प्रपंच कर रहे हैं, लेकिन यह सरकार ज्यादा दिन तक चलते वाली नहीं है।

बरागटा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का सर्वांगीण विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता है। नरेंद्र मोदी प्रदेश को अपना दूसरा घर मानते हैं, शायद इसीलिए केंद्र में जब मोदी सरकार बनी, तो हिमाचल के साथ पूरी उदारता दिखाई और प्रदेश की विभिन्न योजनाओं के लिए 90:10 के अनुपात में धनराशी मिलने लगी, जिससे प्रदेश में विकास कार्यों में तेजी आई।

**कहा- देवभूमि हिमाचल का सर्वांगीण विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन**

चेतन बरागटा ने कहा कि वर्तमान समय प्रदेश में सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए एक लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, जो इस वर्ष के अंत तक पूरे हो जाएंगे, जो मोदी की गारंटी हैं। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हमीरपुर आकर 4,000 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, जिससे प्रदेश में भी सड़कों की स्थिति बडें-बड़े शहरों जैसी अच्छी हो जाएगी।

**प्रदेश में भी सड़कों की स्थिति बडें-बड़े शहरों जैसी अच्छी हो जाएगी**

### वेलफेयर स्कीमों से विकास कर रहे प्रधानमंत्री

बरागटा ने कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार देश के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की वेलफेयर स्कीमों को चला रहे हैं और राज्य की जनता को भी इसका पूरा लाभ मिल रहा है। दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार, अस्थिरता के माहौल से गुजर रही है और ऐसे में प्रदेश का विकास ठप हो चुका है। कांग्रेस केवल अपनी कुर्सी बचाने के चक्कर में ही कांग्रेस नेता चक्कर काट रहे हैं।

### अपने चेहतों को बांटे जा रहे कैबिनेट रैंक

बरागटा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार सत्ता में रहने के लिए अनेक प्रकार के प्रपंच करने में लगी है। कैबिनेट रैंक रेवड़ियों की भांति अपने चहेते को बांट रहे हैं, प्रदेश की जनता के विकास से इनका कोई सरोकार नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने सीएम को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अपने 14 महीने के कार्यकाल में सीएम ने प्रदेश के लिए एक भी वेल्फेयर योजना नहीं लाई है, जो दुर्भाग्य पूर्ण है।

# इंडस्ट्रियल एरिया में 11 को अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला लघु उद्योग संघ के प्रधान प्रेम डोगरा ने बताया कि आगामी सोमवार यानी 11 को बिलासपुर के औद्योगिक क्षेत्र में जिला लघु उद्योग संघ इंडस्ट्रियल क्लस्टर द्वारा अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें कक्षा पांचवीं से 12वीं पास हैं या जिनके पास कौशल प्रशिक्षण यानी स्किल ट्रेनिंग का प्रमाण-पत्र है या आईटीआई प्रमाण-पत्र धारक, डिप्लोमा धारक। वे इस अप्रेंटिसशिप मेले में आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने रिज्यूम की तीन कापी, सभी मार्कशीट और प्रमाण-पत्रों की तीन कापी, फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) और तीन पासपोर्ट आकार के फोटो संबंधित स्थानों पर ले जाने होंगे। नामांकन करने वालों से अनुरोध किया गया है कि वे सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

# नलवाड़ी मेले के ऑडिशन 13 से

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का आयोजन 17 से 23 मार्च तक किया जाएगा। सात दिवसीय इस मेले में 20 से 23 मार्च तक होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में कलाकारों के चयन के लिए ऑडिशन किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। 13 मार्च को बिलासपुर सदर तथा घुमारवीं व 14 को श्री नयना देवी और झंडूता के कलाकारों के लिए ऑडिशन किए, ये ऑडिशन सांस्कृतिक भवन बिलासपुर सदर भाषा सांस्कृतिक कार्यालय में अयोजित किए जाएंगे।


शिमला के लिफ्ट स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि के अवसर पर शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु।

# समाज में कई कुरीतियों ने महिलाओं को किया प्रताड़ित

## घुमारवीं कॉलेज में वुमन सेल, जेंडर चैंपियन क्लब व रेड रिबन क्लब ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट कॉलेज घुमारवीं में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसमें प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने महिला दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कई कुरीतियों ने महिला को प्रताड़ित किया है, लेकिन आज इन में से कई खत्म हो गई हैं, लेकिन फिर भी कुछ नई चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाना अभी बाकी है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत और लगन से पढ़ाई कर अपने परिवार और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर कर डॉ. सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों में संतुलन होना चाहिए। समाज में सभी लोगों के बीच आपसी स्वीकार्यता, सहयोग और समर्पण से ही यह संतुलन स्थापित हो सकता है। कार्यक्रम में वुमन सेल की संयोजक प्रो. नीलम शर्मा, प्रो. रीना शर्मा ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पुरस्कृत करते हुए।

### अंजना ने पहाड़ी नाटी व पूजा ने गीत किया प्रस्तुत

इस अवसर पर स्वाति और प्रियंका ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए, जेंडर चैंपियन सपना सोनी ने जेंडर चैंपियन क्लब के लिए यूजीसी के दिशा-निर्देश, इसके अंतर्गत आने वाली गतिविधियों और कॉलेज स्तर पर जेंडर चैंपियन क्लब और महिला प्रकोष्ठ पर जानकारी दी, कनिका और पूजा ने कविता, जेंडर चैंपियन अमन चौहान ने सोलो एक्ट से रेप पीड़ित महिला के भाई की व्यथा को प्रस्तुत किया। वहीं अमन और अंजना ने पहाड़ी नाटी तथा पूजा ने पहाड़ी गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सोनिका और प्रियंका ने मंच संचालन किया। जेंडर चैंपियन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. रीता ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नारी शक्ति पर स्वरचित कविता भी प्रस्तुत की।

**जानकारी** महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने जागरूकता शिविर का किया आयोजन

# महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपमुख्य, कानूनी सहायता रक्षा अधिवक्ता बिलासपुर हि.प्र. अनिल शर्मा ने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन सभागार वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र बिलासपुर में किया गया।

इस कार्यक्रम में नरेश कुमार, कानूनी सहायता रक्षा अधिवक्ता बिलासपुर, हि.प्र. ने महिलाओं के कार्य स्थल पर होने वाले योन शोषण से संबंधित कानून के बारे में जानकारी दी। सीमा सांख्यान, परिवेक्षा अधिकारी, जिला बाल सुरक्षा इकाई बिलासपुर ने महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने मुफ्त कानूनी सहायता के लिए पात्र व्यक्ति जो कि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य हो, या संविधान के अनुच्छेद 23 में मानव दुर्व्यवहार या बेगार का शिकार हो, महिला या बालक, मानसिक रोगी, विकलांग व्यक्ति हो, अनपेक्षित अभाव, जैसे बहुविनाश, कारागृह, किशोर, मनोचिकित्सा अस्पताल, एचआईवी या एड्स से पीड़ित व्यक्ति हो। इसके अतरिक्त मुफ्त कानूनी सहायता के अंतर्गत वकील का खर्चा, कागजों का खर्चा व गवाही को बुलाने पर होने वाला खर्चा देना आदि के सभी प्रकार के खर्च सरकार द्वारा वहन किए जाते हैं।



महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर में जागरूकता शिविर के आयोजन पर मौजूद लोग।

उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण हेल्प लाइन नंबर 15100 में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण का हेल्पलाइन नंबर 01978221452 भी बताया तथा आग्रह किया कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त हेल्पलाइन नंबर पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 से पांच बजे तक मुफ्त कानूनी सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति घर बैठे मुफ्त कानूनी सहायता के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में पुलिस उपअधीक्षक मदन लाल धीमान भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में लगभम 45 महिलाओं ने भाग लिया।

**रामलाल ठाकुर ने किया जैटी और रेल ट्रैक का निरीक्षण**

# सरकार के प्रयासों से लुहणू मैदान में जैटी का किया जा रहा निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर ने लुहणू मैदान में बन रही जैटी व उत्तर रेलवे के ट्रैक का निरीक्षण किया। राम लाल ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार के प्रयासों ये लुहणू मैदान में जैटी का निर्माण विश्व बैंक के माध्यम से किया जा रहा है, जिसकी लागत करीब छह करोड़ रुपए होगी।

यह जैटी बाहरामसा होगी, जब भी गोविंद सागर में पानी चढ़ाव पर होगा, तब भी इस जैटी मार्ग पर लोगों के लिए चलने का साधन होगा। राम लाल ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से भी इस जैटी से गोविंद सागर झील का विहंगम अवलोकन किया जा सकता है। लुहणू मैदान में से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक का भी निर्माण उत्तरी रेलवे और प्रदेश सरकार के प्रयासों से जारी हो चुका है। यह रेलवे ट्रैक बेरी तक बनेगा और उसके आगे इस रेलवे ट्रैक का निर्माण सामरिक दृष्टि से लेह तक भारतीय सेना के तत्वावधान में पूर्ण किया जाएगा, ताकि देश की सीमाओं तक सेना का असला चीन बॉर्डर तक आसानी से पहुंचा कर देश की सीमाओं को सुरक्षा प्रदान की जा सके। राम ने आज दोनों ही योजना का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। राम ने कहा कि यह योजनाएं बिलासपुर शहर के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। इसके अलावा राम ने जैटी निर्माण और रेलवे निर्माण के कार्यों में लगी कंपनियों के बारे में कहा कि दोनों ही योजनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं और इनमें लागत जितनी भी आए, लेकिन मटेरियल की गुणवत्ता से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। यदि दोनों ही योजनाओं में गुणवत्ता के मामले में कोई कोताही बरती गई, तो उसका बाकायदा टेस्टिंग लैब के माध्यम से गुणवत्ता परीक्षण करवाई जाएगी और उच्चस्तरीय जांच भी करवाई जाएगी।



## न्यूज ब्रीफ

### नेहरियां में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**मुबारिकपुर।** बिजली बोर्ड के स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक 11 मार्च को 220 केवीए उपकेंद्र नेहरियां में सामयिक परीक्षण तथा मरम्मत कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति सुबह दस बजे से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। जिसके चलते सब डिवीजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले स्टेशन, शिवपुर, मुबारिकपुर, भंजाल, सिद्धचलेहड, कलरूही, रामनगर, बनेहड़ा, सलोई, कोहड़छन, इंडस्ट्री एरिया जीतपुर बेहड़ी आदि स्थानों की बिजली बाधित रहेगी। एसडीओ मुबारकपुर कपिल कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए लोगों से सहयोग की अपील की है।

### अंब कॉलेज का वार्षिक समारोह 9 मार्च को

**अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन 9 मार्च को किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने बताया कि समारोह में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करेंगे।

### भैरा गांव में पकड़ी अवैध शराब की खेप

**अंब।** अंब पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव भैरा में राज कुमार ने रिहायशी मकान के पिछली तरफ बनी गोशाला के बाहर भारी मात्रा में देसी शराब रखी हुई है। जब पुलिस ने उक्त स्थान पर जांच की तो एक टीन की चादर के नीचे से आठ पेटियां शराब की पाई गईं। जब सभी पेटियों को खोलकर चैक किया तो सात पेटियों में से 12/12 बोतलें देसी शराब संतरा मार्का तथा एक पेटी में 6 बोतलें संतरा मार्का की पाई गई। कुल 90 बोतलें शराब बरामद करने की पुष्टि डीएसपी अंब वसुधा सूद ने की है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच पड़ताल की जा रही है।

### अमोदिनी योजना में पंजीकरण की तिथि बढ़ाई

**ऊना।** हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के अंतर्गत पात्र विधवाओं को फ्री राशन योजना में वर्ष 2024-25 के लिए मेहनतकश विधवाओं के चयन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 20 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाएं अब 20 मार्च, 2024 तक अपने आवेदन पत्र रोटरी गली ऊना स्थित हिमोत्कर्ष कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा करवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए आयु सीमा में भी छूट दी गई है तथा अब 50 वर्ष आयु तक की विधवा महिलाएं भी पात्र होंगी। आवेदन करने वाली महिला को प्रदेश सरकार से विधवा पैंशन नहीं मिल रही हो, वहीं उनकी पारिवारिक आय भी 50 हजार रुपए वार्षिक से कम हो। इसके अलावा उन्हें हिमोत्कर्ष परिषद से पहले कभी किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त नहीं हुई हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवेदन पत्र परिषद के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र के साथ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की दो पासपोर्ट साइज फोटो व आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक खाते की प्रति जमा करवानी होगी। उन्होंने कहा कि चयनित महिलाओं को वर्ष 2024-25 के तहत अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 तक हर माह 750 रुपए राशि का राशन उपलब्ध करवाया जाएगा।

### भाषण प्रतियोगिता में वासु शर्मा प्रथम रहे

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी के अध्यक्षता में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर और विशिष्ट अतिथि उपप्राचार्य रेखा शर्मा थे। मंच का संचालन सविता ने किया। इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र वासु शर्मा ने द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा परीक्षा ने और तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र निखिल ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. विनोद और प्रो. निकिता गुप्ता ने निभाई। प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने छात्रों को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर महाविद्यालय रोड सेफ्टी के मैंबर प्रो. नन्द लाल, प्रो.अनिल शर्मा, प्रो. संजय शर्मा, प्रो. कमलेश आदि मौजूद रहे।

### मानसी राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित



मानसी राणा के पिता पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन की हिमालया जनकल्याण समिति बद्दी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की बेटी मानसी राणा को स्काउट एवं गाइड, थ्रो बाल, शिक्षा सहित अन्य समाजसेवी कार्यों में बढ़िया प्रदर्शन करने पर राज्य स्तरीय हिम गौरव नारी शक्ति सरोकार अवार्ड से सम्मानित किया गया। मानसी राणा के पिता ये पुरस्कार प्राप्त किया है।

### आईटीआई के 28 प्रशिक्षुओं को मिला रोजगार

**ऊना।** आईटीआई ऊना में 5 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन किया गया था जिसमें 28 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया है। रोजगार मेले में मैसर्ज टाटा मोटर्स लिमिटेड सनंद जीआईडीसी अहमदाबाद, मैसर्ज टीवीएस मोटर्स लिमिटेड नालागढ़, मैसर्ज जीएमपी प्राइवेट लिमिटेड मोहाली, मैसर्ज जीएसके इंटर नेशनल प्राइवेट लिमिटेड झाइमज़री बद्दी व मैसर्ज लिव गार्ड लिमिटेड मुबारिकपुर ने कैंपस ड्राइव में हिस्सा लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आईटीआई प्रधानाचार्य ई. अंशुल भारद्वाज ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न आईटीआई के 46 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जिसमें 28 प्रशिक्षुओं का चयन कम्पनियों द्वारा एनएपीएस व एनएपीएस के तहत किया गया। उन्होंने बताया कि कंपनियों द्वारा एनएपीएस प्रशिक्षुओं को 12 हजार 800, एक व दो वर्ष के अनुभव वाले प्रशिक्षुओं को 16 हजार 500 व तीन वर्ष के अनुभव वालों को 17 हजार रुपए मासिक वेतन प्रस्तावित किया गया।

### पायल ने एमटेक में हासिल किया गोल्ड मेडल

**गगरेट।** जिला ऊना के गगरेट कस्बे की पायल जसवाल ने पंजाब विश्वविद्यालय में मास्टर आफ इंजीनियरिंग (पावर सिस्टम) में गोल्ड मेडल हासिल कर पूरे प्रदेश को गौरवांवित किया है। पंजाब विश्वविद्यालय के 71वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पायल जसवाल को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। पायल जसवाल की इस उपलब्धि पर परिजनों को बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

# भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय, माहौल भक्तिमय

## महाशिवरात्रि पर्व पर द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में तीस हजार श्रद्धालुओं ने किए पवित्र शिवलिंग के दर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना/गगरेट**

महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को समस्त जिला भोलेनाथ की भक्ति में डूबा रहा। जिले के पांच सौ से भी अधिक शिवालयों में भक्तों ने पूजा अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया। बंगाणा के ध्योमेशवर महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पावन पिंडी के दर्शन किए। इस अवसर पर समाज सेवी एवं व्यवसायी राजेंद्र वशिष्ठ ने मंदिर परिसर में पचास फीट ऊंची सनातन परंपरा के तहत ध्वज स्थापित करके झंडा चढ़ाया। उधर महादेव मंदिर कोटला और बनौड़े महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ध्योमेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार की सुबह से ही भीड़ जमा होने लगी थी। करीब एक किलोमीटर लंबी कतार में भक्त पवित्र और दिव्य शिवलिंग के दर्शनों के लिए कतारों में लगे थे। पुलिस प्रशासन की ओर से यहां व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। इस अवसर पर मंदिर में पचास फीट ऊंची ध्वज पताका फहराई गई। यह ध्वज समाज सेवी राजेंद्र वशिष्ठ के सौजन्य से स्थापित किया गया है। स्थापना से पूर्व मंदिर में पहुंचे आचार्य शिव शर्मा ने यजमान राजेंद्र वशिष्ठ, चेयरमैन प्रवीण शर्मा से विधिपूर्वक पूजन करवाया।

उधर उपमंडल गगरेट के शिवालय बम-बम भोले के उद्घोष से गूंज उठे तो शिवालयों में पवित्र शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। भोले के भक्तों ने उपवास रखकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया तो शिवालय शिव के भजनों से ही गूंजते रहे। प्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में पड़ोसी राज्य पंजाब से भी श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि मंदिर परिसर में तिल धरने की जगह तक नहीं रही। मंदिर न्यास के आकलन के अनुसार करीब तीस हजार शिवभक्तों ने पवित्र शिवलिंग के दर्शन किए। महाशिवरात्रि पर्व पर समूचा उपमंडल गगरेट शिव की भक्ति में लीन नजर आया। उपमंडल का ऐसा कोई शिवालय नहीं था जहां शिवभक्तों का सैलाब न उमड़ा हो। वीरवार-शुक्रवार मध्य रात्रि बारह बजे से ही द्रोण महादेव शिवमंदिर शिवबाड़ी में शिवभक्तों का आमद शुरू हो गई। देखते ही देखते कुछ ही देर में यहां श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। मध्य रात्रि से शुरू हुआ यह सिलसिला शुक्रवार देर रात्रि तक जारी रहा। मंदिर न्यास द्वारा यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए जहां पचास पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे तो वहीं राजस्व विभाग के पंद्रह कर्मचारी पंक्ति व्यवस्था को बहाल रखने के लिए जुटे रहे।

समूचे शिवबाड़ी क्षेत्र को दो सेक्टर में विभाजित किया गया था और प्रत्येक सेक्टर में एक-एक नायब तहसीलदार को सेक्टर अफसर तैनात किया गया था। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए एसडीएम शशि पाल शर्मा स्वयं मोर्चे पर डटे रहे। महाशिवरात्रि पर व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की व्यवस्था भी की गई थी। शिवबाड़ी मैदान में लगे झूलों व दुकानों पर भी खूब रौनक देखी गई।

शुक्रवार रात्रि उपमंडल के शिवालयों में चार पहर की पूजा की भी विशेष व्यवस्था की गई है जबकि अधिकांश शिवालयों में शनिवार को भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने बताया कि द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में करीब तीस हजार श्रद्धालुओं के नतमस्तक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि शनिवार को भंडारे का भी आयोजन मंदिर न्यास द्वारा किया जा रहा है।



महाशिवरात्रि पर ध्योमेश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### शिवरात्रि पर भगवान शिव महिमा का किया गुणगान निकाली कलश यात्रा

**दौलतपुर चौक, गोंदपुर बनेहड़ा।** क्षेत्र के शिव मंदिरों, मुबारिकपुर, थडा लडोली, कलरुही, डेरा बाबा रुद्रानंद अमलैहड़, नकडोह,कैलाश नगर, गोंदपुर बनेहडा, भद्रकाली, दौलतपुर चौक, मवा कहोला, गुरु द्रोणाचार्य मंदिर शिववाड़ी में शिव रात्रि का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया 7 इस अवसर पर मंदिरों को रंग बिरंगेफूलों से सजाया गया तथा शिव भक्त अपने अराध्य देव भोले नाथ को दूध, विल पत्र तथा धतुरा आदि समर्पित करके अपने घरों में खुशहाली की कामना करते नजर आए 7 वहीं रात्री को शिव भक्तो ने भगवान् शिव की चार पहरी पूजा अर्चना करके भगवन शिव का जला अभिषेक किया 7 जिसमे आस पास का वातावरण शिवमय हो गया 7 इस मौके पर शिव मंदिरों में भक्तो द्वारा खट्टी मीठी सियुल, आलू, कद्दू व् फलाहार प्रसाद के रूप में वितरित की गई। वहीं, शुक्रवार को भद्रकाली में श्रीमदभागवत कथा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा भद्रकाली मंदिर परिसर से बान्दू तालाब से होकर वापिस भद्रकाली पहुंची। यहां विधीवत कलश स्थापित किए गए,। इस अवसर पर आयोजक, डॉ अर्जुन वर्तिया, परिवार सदस्य, कथा व्यास श्री कृष्ण कन्हैया जोशी जी व ग्रामवासियों ने भी कलश यात्रा में भाग लिया । कलश यात्रा में श्री कृष्ण जी के भक्तों से वातावरण कृष्णमय रंग में डुबकियां लगाता नजर आया।



त्रिमूर्ति शिव संदेश रथ यात्रा के सदस्य भक्तों के साथ।



द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में पूजा करते लोग।



### भगवान शिव की अनुभूति में लगाया ध्यानयोग

**ऊना।** ब्रह्मकुमारीज जिला मुख्यालय केंद्र रक्कड़ कॉलोनी पर शुक्रवार महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजित समारोह में शिव के प्रतीक ध्वज का ध्वजारोहण जिला की प्रमुख आशा दीदी ने मैहतपुर केंद्र की प्रमुख बबिता बहन, बीके अवदेश भाई, उनकोफैड के चेयरमैन राजेन्द्र शर्मा व अशोक भाई व बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने परपिता शिव की आराधना व सहज राजयोग से परमात्मा की अनुभूति में ध्यानयोग लगाया। इस दौरान ब्रह्मकुमारी बहन बबिता व ब्रह्मकुमार भाई अवदेश ने जनमानस को सुखमय परिवारिक जीवन के लिए सहज.राजयोग को निशुल्क सीखने के लिए ब्रह्मकुमारीज केंद्रों में आने का आग्रह किया।

### भाषण प्रतियोगिता में वासु शर्मा प्रथम

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी के अध्यक्षता में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर और विशिष्ट अतिथि उपप्राचार्य रेखा शर्मा थे। मंच का संचालन सविता ने किया। इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र वासु शर्मा ने, द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा परीक्षा ने और तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र निखिल ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. विनोद और प्रो. निकिता गुप्ता ने निभाई। प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने छात्रों को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर महाविद्यालय रोड सेफ्टी के मैंबर प्रो. नन्द लाल, प्रो.अनिल शर्मा, प्रो. संजय शर्मा, प्रो. कमलेश महाजन आदि मौजूद रहे।

# डीसी ने की विकासात्मक कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त ने जिला ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों व योजनाओं की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की है। उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0, जिला प्रशासन की पहल के तहत किए जाने वाले कार्यों तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई है।

उपायुक्त ऊना ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों को न्यूनतम समय सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा समूचे जिला ऊना में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए एक विस्तृत योजना तैयार करें, ताकि पूरे जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने की व्यवस्था को कायम किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं से नशे व मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल की लत छुड़वाने के लिए उन्हें खेल गतिविधियों के अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। इसलिए सभी अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदानों तथा खेल गतिविधियों के विकास पर विशेष बल दें ताकि युवा पीढ़ी को खेल गतिविधियों से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत जिला ऊना में फरवरी 2024 तक 1142009 कार्य दिवस उत्पन्न किए गए हैं, जोकि दिए गए निर्धारित लक्ष्य का 110 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस (ग्रामीण) के तहत वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान जिला में 113 आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया था जिसमें से 111 पूर्ण कर लिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस (ग्रामीण) के तहत वित्त वर्ष 2023 24 के दौरान प्राकृतिक आपदा के कारण लोगों के घरों को हुए नुकसान के लिए 517 आवास आवंटन का लक्ष्य रखा गया था तथा सभी 517 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं।

सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत विकासखंड ऊना की ग्राम पंचायत चताड़ा के लिए 26 कार्य स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 12 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 11 कार्य प्रगति पर है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला ऊना के 1440 स्वयं सहायता समूह को 19 करोड़ रुपए की राशि आवंटित करने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें से 656 स्वयं सहायता समूहों को 14 करोड़ 98 लाख रुपए आवंटित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत वित्त वर्ष 2022-23 में सभी 75 आवास तथा वित्त वर्ष 2023 24 में सभी 23 आवास सवीकृत किया जा चुके हैं। मुख्यमंत्री लोक भवन योजना के तहत जिला में 9 लोक भवन स्वीकृत हुए हैं जिनमें से 8 का कार्य आरंभ कर दिया गया है।

बैठक में जिला योजना के तहत किए जा रहे कार्यों के अलावा जिला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों वारे भी विस्तृत चर्चा की गई तथा इस विषय में उपायुक्त ऊना संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच, खंड विकास अधिकारी बंगाना सुभाष अतरी, खंड विकास अधिकारी ऊना केएल वर्मा, खंड विकास अधिकारी हरोली वीरेंद्र कौशल, खंड विकास अधिकारी अंब ओमपाल डोगरा, खंड विकास अधिकारी गगरेट तविंदर चिनौरिया, एलडीएम ऊना जीसी भट्टी सहित सहित ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारियों में उपस्थित थे।

### राजनीतिक दलों को तीन दिनों में मुद्रित सामग्री की प्रतियां देना अनिवार्य

**ऊना।** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत पैंपलैटों, पोस्टरों के मुद्रण को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन अभियान हेतु होर्डिंग्स, कटआउटस, पैंपलैटों, पोस्टरों, बैनर, हैंड बिल व अपीलों इत्यादि का बडे स्तर पर मुद्रण करवाया जाता है। जतिन लाल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127 ए की उप धारा 1 तथा 2 के तहत इस प्रकार के दस्तावेज़ों के मुद्रण के तीन दिनों के भीतर मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने बताया कि आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाइ अमल में जा सकती है।

### चेक बाउंस के मामले में आरोपियों को 2 वर्ष की कैद

**अंब।** चेक बाउंस मामले में ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कोर्ट नं.-2 अंब विशाल तिवारी की अदालत ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष की कैद और 1,66,280 रुपए हर्जाने की सजा सुनाई है। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद वीरवार को अदालत ने यह फैसला सुनाया है।

शिकायतकर्ता सुशीला देवी पत.नी नायब सूबेदार कश्मीर सिंह निवासी गांव कुठेड़ा खैरला की तरफ से मामले की पैरवी कर रहे वकील संदीप एस चंदेल ने बताया कि शिकायतकर्ता को एक कंपनी के निदेशकों ने वर्ष 2015 में अपनी कंपनी में 2 हजार रुपए प्रतिमाह 3 वर्ष के लिए जमा करवाने को कहा था तथा उसकी मैच्योरिटी वैल्यू 84,600 रुपए और ब्याज देने का वायदा किया था। शिकायतकर्ता ने उनके विश्वास पर कंपनी में हर महीने 2 हजार रुपए प्रतिमाह जमा करवाए। मैच्योरिटी होने पर शिकायतकर्ता से दोनों आरोपियों ने कागजात ले लिए और 15 जुलाई 2018 को 83,140 रुपए का शिकायतकर्ता के नाम चैक दिया था। जब शिकायतकर्ता ने चेक बैंक में क्लीयरेंस के लिए लगाया तो बैंक खाते में पर्याप्त बैलेंस न होने के कारण चैक बाऊंस हो गया। इस बारे शिकायतकर्ता ने वकील के माध्यम से आरोपियों को एक लीगल नोटिस जारी किया तथा साल 2018 में अदालत में केस दायर किया। अदालत ने दोनों पक्षों की गवाहियों और दलीलें सुनने के बाद अपने अहम फैसले में 138 नैगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत आरोपियों को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई है। वकील ने बताया कि इस समय शिकायतकर्ता की उम्र 87 वर्ष है जिसे कोर्ट ने न्याय प्रदान किया है।

# पार्षदों के मनोनयन पर अंगुली उठाने वाले क्या मुख्यमंत्री का कर रहे हैं विरोध : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा करीब सवा साल से लंबित नगर पंचायत गगरेट व दौलतपुर चौक में पार्षदों के मनोनयन के लिए शुरू की गई कवायद पर कुछ स्थानीय कांग्रेस नेताओं द्वारा अंगुली उठाने पर कड़ा एतराज जताया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अगर बिना नेता के हुए विधानसभा क्षेत्र गगरेट में मुख्यमंत्री कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान देना चाहते हैं तो इसमें बुराई क्या है।

ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ नेता पार्षदों के मनोनयन की आड़ में मुख्यमंत्री का ही विरोध करना चाहते हैं। बागी विधायकों का भी यही सवाल है कि राज्यसभा चुनाव में बाहर का प्रत्याशी क्यों उतारा गया और स्थानीय कांग्रेस नेता भी यही सवाल उठा रहे हैं कि बाहरी नेता बर्दाश्त नहीं तो फिर इनमें और बागी विधायकों को क्या फर्क रह जाता है।

जिला कांग्रेस महासचिव अजेश जसवाल, ब्लाक कांग्रेस सचिव यशपाल सिंह, स्टेट ट्रेडर वेलफेयर बोर्ड के पूर्व सदस्य अनिल ठाकुर ने कहा कि जो नेता अब पार्षदों के मनोनयन का विरोध कर रहे हैं वे उस वक्त कहां थे जब सवा साल तक किसी भी कांग्रेसी कार्यकर्ता का इन पदों पर मनोनयन नहीं हुआ था। अब जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गगरेट व दौलतपुर चौक नगर पंचायत के कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देना चाहते हैं तो इसका भी विरोध किया जा रहा है। पार्षदों के मनोनयन का विरोध करने वाले यह स्पष्ट करें कि क्या वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विरोध कर रहे हैं। इन नेताओं ने कहा कि कोई बाहरी या अंदर का नहीं होता बल्कि हाईकमान किसी भी नेता की क्षमता देखकर ही उसे जिम्मेदारी सौंपती है या फिर मैदान में उतारती है। हर कार्यकर्ता का फर्ज है कि वह हाईकमान के आदेश का सम्मान करे। उन्होंने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को सलाह दी कि वे बागी विधायकों वाली बोली न बोलें और इस समय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के साथ चट्टान बनकर खड़े हों। अभी कोई चुनाव नहीं हो रहे हैं। पहले प्रदेश सरकार पर आया संकट टल जाए और जब चुनाव की बात आएगी तो पार्टी सोच-समझ कर ही निर्णय लेगी। फिलहाल गगरेट के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान देने में जो दिलचस्पी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिखाई है उसका सम्मान होना चाहिए।

### ग्रामीणों को दी आपदा प्रबंधन की जानकारी



जसाना में कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों के साथ अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ग्राम पंचायत जसाणा में आपदा प्रबंधन एवं बचाव के संबंध में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। हिमाचल होमगार्ड विंग द्वारा आयोजित इस मॉक ड्रिल में भूकंप तथा आगजनी जैसी अनेक आपदाओं की स्थिति में बचाव तथा प्राथमिक उपचार के संबंध में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस मॉक ड्रिल में जसाणा पंचायत के प्रधान समेत लगभग सभी सदस्यों तथा अन्य लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर होम गार्ड्स के कंपनी कमांडर हंसराज ने भूकंप की आने की स्थिति में पहले तथा बाद में क्या करें व क्या ना करें के अलावा खुद का बचाव करने तथा घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार करने व उसे अस्पताल तक पहुंचाने संबंधी प्रक्रिया बारे व्यवहारिक जानकारी प्रदान की, जिसमें होमगार्ड के जवान राकेश और अजय ने इस प्रक्रिया में उनका सहयोग किया। कंपनी कमांडर हंसराज ने आगजनी की घटनाओं के मूल कारणों के अलावा आग की विभिन्न किस्मों तथा उन्हें बुझाने के लिए इस्तेमाल होने वाले विभिन्न वर्गों के अग्निशमन यंत्रों व पदार्थों बारे विस्तृत जानकारी दी।

# अभिनंदन के शतक से कुल्लू मजबूत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम नादौन हिमाचल प्रदेश में कल्लू और शिमला के बीच में क्वार्टर फाइनल मुकाबला आरंभ हुआ था, जिसमें शिमला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 176 रन बनाए। कबीर ने 47 रन , वैभव कालटा ने 19 रन , निखिल गैंगटा ने 24 रन नवीन कंवर ने 33 रन बनाए, सुमित वर्मा ने 18 रन बनाए। कुल्लू के परीक्षित कश्यप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों को आउट किया। यशोदन ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। कल्लू की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 371 रन बनाए, रवि ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 93 रन बनाए, और अपनी पारी में 16 चौके लगाए, अनूप ठाकुर 35 यशोदन ने 38 रन, अभिनंदन 107 रन बनाए, अभिनंदन ने अपनी पारी में 13 चौके लगाए, शशांक शर्मा, ने 15 रन, दक्ष नारायण ने 26 रन बनाए। शिमला के नवीन कंनवर 3 विकेट , रजत वर्मा 1 विकेट, देवव्रत बिकटा 1 जोगदीप सिंह 3 विकेट , गौरव 1 विकेट हासिल कर पाए। शिमला ने अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 51 रन बना लिए हैं। कुल्लू के जशोधन ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

### कांगड़ा और मंडी के बीच में संघर्ष जारी

**पीसीपी** ग्राउंड संतोषगढ़ ऊना में क्वार्टर फाइनल मुकाबला कांगड़ा और मंडी के बीच में आरंभ हुआ, जिसमें कांगड़ा की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और उनका निर्णय बहुत सही साबित हुआ, जब कांगड़ा की टीम ने पहली पारी 10 विकेट खोकर 398 रन बना दिए। इनेश महाजन 69 रन बनाए, अपूर्व वालिया ने 28 रन, सिद्धांत पुरोहित ने 14 रन, शौर्य शरण 160 रन बनाए। मणि शर्मा ने 39 रन बनाए, उज्जवल शर्मा 44 रन बनाए। मंडी के प्रशांत बक्शी 3 विकेट शिवम शर्मा 1 विकेट, आयुष जामवाल ने 3 खिलाड़ी को आउट किया। कपिल देव ने एक विकेट और दो खिलाड़ी रन आउट हुए। मंडी की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 230 रन बना लिए हैं। राघव धवन 41रन एकांत ठाकुर 75 रन , लोकेश चौहान 62 रन बनाकर खेल रहे हैं, गंगा सिंह, 29 रन बनाकर खेल रहे हैं। कांगड़ा के रितिक ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, अभिषेक शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

## न्यूज ब्रीफ

### दुबई पैरा विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में भारतीय तीरंदाजों ने तीन पदक जीते

**दुबई।** राकेश कुमार के दो पदकों से भारतीय तीरंदाज गुरुवार को आठवें फाजा पैरा तीरंदाज विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर लौटे। राकेश कुमार ने कम्पाउंड पुरुष ओपन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के केन स्वागुमिलांग पर 147-143 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राकेश ने फिर शीतल देवी के साथ मिलकर कोरिया के प्रतिद्वंद्वी को 155-152 से हरा दिया और कंपाउंड मिश्रित टीम ओपन का कांस्य पदक हासिल किया। भारत ने पूजा की बदौलत एक रजत पदक जीता। पूजा महिलाओं के रिकर्व ओपन फाइनल में इटली की एलिसाबेटा मिज्नो से 0-6 से हार गयीं।

### खास हैं स्टोक्स, इंग्लैंड को बनाया बेहतरीन टीम : मोइन

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद हरफनमौला मोइन अली ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने इंग्लैंड को बेहतरीन और मनोरंजक टीम बना दिया है। टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके मोइन ने कहा कि स्टोक्स को इसका श्रेय जाता है कि



उन्होंने इंग्लैंड को औसत से बेहतर टीम बनाया। उन्होंने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा, ''जो रूट और एलेस्टेयर कुक मेरे कप्तान रहे हैं लेकिन स्टोक्स अलग है। वह जिस तरह से खेल और टीम को आगे लेकर गया है, वह शानदार है। उसने इंग्लैंड को बेहतरीन और मनोरंजक क्रिकेट खेलने वाली टीम बनाया है।'' मोईन ने इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' शैली का भी बचाव किया जिसकी इस समय काफी आलोचना हो रही है। उन्होंने कहा, ''हर कोई बैजबॉल के बारे में बात कर रहा है लेकिन वे इसमें अधिक विश्वास नहीं करते। वे इस तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हैं। मुझे लगता है कि वह खास कप्तान और खास खिलाड़ी है।''


### सात्विक-चिराग की जोड़ी फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21-13, 21-12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट तक चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा।

### वापसी के साथ पहला मैच हारी वीनस विलियम्स

**इंडियन वेल्स।** पिछले छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6- 2, 3-6, 0-6 से हार गई। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस



पहली बार खेल रही थी। एक समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही वीपस अब शीर्ष 450 में भी नहीं है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 विम्बलडन जीता था। हिबिनो का सामना अब 17वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा से होगा।

### आईपीएल के पहले दो मैचों से बाहर रहेंगे मैथ्यू वेड

**मेलबर्न।** मैथ्यू वेड आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस के लिए पहले दो मैच नहीं खेल सकेंगे क्योंकि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 21 से 25 मार्च तक शेफील्ड शील्ड फाइनल में तस्मानिया के लिए खेलेगा। आईपीएल का यह सत्र 22 मार्च से शुरू होगा। पिछली उपविजेता टाइटंस 25 मार्च



को मुंबई इंडियंस से पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 27 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है लेकिन वेड दोनों मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वह 31 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के तीसरे मैच में उपलब्ध रहेंगे। तस्मानिया के मुख्य कोच जैफ वॉन ने होबार्ट में पत्रकारों से कहा, ''उसने अपनी आईपीएल टीम से बात कर ली है और उन्हें कोई ऐतराज नहीं है। हमें खुशी है कि उसके जैसा अनुभवी खिलाड़ी हमारी टीम में है।''

### नाइजीरिया में चरमपंथियों ने 200 लोगों का अपहरण किया

**अबूजा।** नाइजीरिया में इस्लामी चरमपंथियों ने हिंसा के कारण विस्थापित हुए कम से कम 200 लोगों को चाड से लगी सीमा के निकट लकड़ी तलाश करते समय अगवा कर लिया। नाइजीरिया में स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि अगवा किए गए लोगों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि पीड़ित बोर्नो राज्य के गैंबोरू नगाला परिषद क्षेत्र में जलावन लकड़ी की तलाश में कई विस्थापन शिविरों से निकले थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला करके बंधक बना लिया गया। नाइजीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय समन्वयक मोहम्मद फॉल ने एक बयान में कहा, अगवा किए गए लोगों की सटीक संख्या पता नहीं चल पाई है, लेकिन अनुमान है कि 200 से अधिक लोगों का अपरण किया गया है।

---

**धर्मशाला टेस्ट, दूसरा दिन** — सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल ने भी लगाए अर्द्धशतक

# रोहित-गिल के शतकों से भारत की स्थिति मजबूत



शॉट खेलते भारतीय खिलाड़ी सरफराज।

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के शतकों की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में विकेट जल्दी गिरने के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत करते हुए आठ विकेट पर 473 रन बना लिये। भारत ने आखिरी सत्र में 97 रन के भीतर पांच विकेट गंवाए। इससे पहले रोहित (162 गेंद में 103 रन) और गिल (150 गेंद में 110 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 244 गेंद में 171 रन जोड़े।

पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पडिक्कल ने 103 गेंद में 65 रन बनाए, जबकि सरफराज खान ने 60 गेंद में 56 रन बनाने के बाद चाय के बाद पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया। भारत ने एक विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए दूसरे दिन के आखिर में 255 रन की बढत बना ली। इंग्लैंड के लिए आफ स्पिनर शोएब बशीर ने 44 ओवर में 170 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली ने 39 ओवर में 126 रन देकर दो विकेट लिए।

चाय ब्रेक के समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 376 रन था लेकिन आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने अच्छी गेंदबाजी की तो भारतीयों ने अपने विकेट गैर-जिम्मेदाराना तरीके से गंवाए। बशीर की गेंद पर सरफराज ने पहली स्लिप में जो रूट को कैच थमाया। वहीं पडिक्कल को बशीर ने बोल्ड किया। सरफराज की तरह ही ध्रुव जुरेल (15) भी खराब शॉट खेलकर आउट हुए। लंच के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने नौ महीने में पहली गेंद डाली और क्रीज पर जमे हुए रोहित को बोल्ड कर दिया लेकिन उसके बाद सरफराज और पडिक्कल ने पारी को आगे बढ़ाया।

अब तक इस दौरे पर नेट्स पर ही गेंदबाजी कर रहे स्टोक्स ने आखिरकार मैच में गेंदबाजी का फैसला किया। उन्होंने पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद गेंदबाजी करना बंद कर दिया था। पहले सत्र में अपने गेंदबाजों को नाकाम होता देख उन्होंने दूसरे सत्र में गेंद संभाली। पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का आफ स्टम्प उखाड़ दिया। अगले ओवर में जेम्स एंडरसन ने गिल को बोल्ड किया। उस समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 279 रन था।

पहली बार टेस्ट खेल रहे पडिक्कल का आफ साइड का खेल इतना जबर्दस्त था कि अधिकांश रन वहीं से बने। वहीं सरफराज ने धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने 81वें ओवर में श्रृंखला में तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया। अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 135 रन से आगे खेलते हुए भारत ने सुबह शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 218 रन पर आउट हो गई थी।

रोहित और गिल की साझेदारी को तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। रोहित के लिए शोएब बशीर की गेंदबाजी पर लेग स्लिप लगाने या मार्क वुड के शॉर्ट गेंद डालने का भी कोई फायदा नहीं हुआ। एचपीसीए स्टेडियम पर भारतीय प्रशंसकों से अधिक शोर 'बार्मी आर्मी' (इंग्लैंड के समर्थकों) ने मचाया लेकिन इसका भी कोई असर नहीं हुआ। रोहित और गिल ने सुबह दो घंटे के खेल में 30 ओवर में 129 रन बनाए। आफ स्पिनर बशीर ने अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। रोहित ने दूसरे ही ओवर में उन्हें छक्का और चौका लगाकर दबाव में डाल दिया। वहीं गिल ने एंडरसन को शानदार छक्का जड़ने के बाद स्क्वेयर कट पर चौका लगाया। इंग्लैंड को पहले सत्र में एकमात्र मौका मिला लेकिन जाक क्रॉली लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। पहले घंटे में 15 ओवर में 60 रन बने। एंडरसन की जगह आये वुड को गिल ने नसीहत दी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लेग साइड में छह फील्डर लगाए लेकिन निराशा हाथ लगी। (अनंत ज्ञान)

#### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी) 218/10

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल स्टं. फोक्स ब. बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित ब. स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| गिल ब. एंडरसन | 110 | 150 | 12/5 |
| पडिक्कल ब. बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज क. रूट ब. बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| जडेजा पगबाधा ब. हार्टले | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव क. डकेट ब. बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| अश्विन ब. हार्टले | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप (नाबाद) | 27 | 55 | 2/0 |
| बुमराह (नाबाद) | 19 | 55 | 2/0 |
| अतिरिक्त | 06 | | |
| कुल : (120 ओवर) | 473/8 | | |

**विकेट पतन** : 1-104, 2-175, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, **गेंदबाजी** : एंडरसन 14-1-59-1, वुड 15-1-89-0, हार्टले 39-3-126-2, बशीर 44-5-170-4, स्टोक्स 5-1-17-1, रूट 3-0-8-0.

### बनाया रिकॉर्ड, कुछ यूं छलका अश्विन का दर्द

**टेस्ट** कैरियर का 100वां टेस्ट खेलने का रिकॉर्ड बनाने वाले भारतीय गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन की कामयाबी को लेकर धर्मशाला का स्टेडियम झूम उठा। उन्होंने 100वें टेस्ट मैच में 4 विकेट चटकाए। धर्मशाला में अपना 100वां टेस्ट खेलकर एक नया कीर्तिमान हासिल करने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यह काफी भावुक क्षण भी थे। उनका परिवार भी इस दौरान यहां मौजूद था। मैच से 3 दिन पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस मुकाम को हासिल करने में उनके परिवार का भी बहुत बड़ा योगदान है। एक क्रिकेटर के रूप में उनके अत्यंत बिजी शेड्यूल के कारण उनके परिजनों ने कई मुश्किलें झेलीं, लेकिन परिजनों ने इनका असर अश्विन के कैरियर पर नहीं पड़ने दिया। अश्विन ने बताया कि ऐसे भी मौके आए जब उनके पिता को हृदय रोग के कारण अस्पताल में दाखिल करवाना पड़ा, लेकिन वह पिता को भी ज्यादा समय नहीं दे पाए। उस दौरान अश्विन की माता ही उनके साथ रही। अश्विन ने बताया कि कई लोगों को ऐसा लगता है कि विदेशी दौरों के दौरान क्रिकेटरों के परिजन वहां छुट्टियां मनाने जाते होंगे, लेकिन ऐसा नहीं है।



### दो हिमाचली खिलाड़ी बिजी क्रिकेट के लिए चयनित



चयनित खिलाड़ी कोच के साथ

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों की सिलेक्शन बीसीसीआई द्वारा आयोजित बिजी क्रिकेट ट्रॉफी के लिए हुई है। राघव आंगरा गवर्नमेंट कॉलेज ऊना से संबंध रखते हैं। आदित्य चौहान एमएलएसएम कॉलेज सुंदर नगर से संबंध रखते हैं, राघव आगरा राइट एंड बैट्समैन और राइट हैंड बॉलर हैं। आदित्य चौहान स्पिनर हैं और लेफ्ट हैंडेड बैट्समैन हैं। इन खिलाड़ियों ने अंतर विश्वविद्यालय के टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसके आधार पर उनकी सिलेक्शन बीसीसीआई द्वारा आयोजित बिजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है, इस प्रतियोगिता के लिए असिस्टेंट कोच डॉ. विक्रांत भारद्वाज को बनाया गया है, विक्रांत भारद्वाज ने कोचिंग में इस साल बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

### नागल इंडियन वेल्स एटीपी टूर्नामेंट में पहले दौर में हारे

**इंडियन वेल्स।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। रफेल नडाल के नाम वापिस लेने के बाद



नागल 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज नागल को एक घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 3-6, 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन ऐन मौके पर नडाल के नाम वापस लेने के बाद मुख्य ड्रॉ में पहुंचे।

---

## 'वारिस पंजाब दे' से जुड़े कैदियों के पास मिले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

**एजेंसी, डिब्रूगढ़ (असम)**

असम में डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को कट्टरपंथी संगठन 'वारिस पंजाब दे' से संबंधित कैदियों के कब्जे से स्मार्टफोन समेत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए जाने के मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जेल अधिकारी को 'ढिलाई बरतने' के आरोप में तड़के गिरफ्तार किया गया और इस समय वह डिब्रूगढ़ सदर पुलिस थाने में है।

असम के डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार की उन कोठरियों से पिछले महीने कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए थे, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत गिरफ्तार किए गए कैदियों को रखा गया है। अधिकारी ने बताया कि डिब्रूगढ़ जेल अधिकारी की गिरफ्तारी इसी मामले

**डिब्रूगढ़ जेल का अधिकारी गिरफ्तार**



में की गई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जी पी सिंह ने बताया था कि जेल परिसर की तलाशी लेने पर सिम कार्ड के साथ एक स्मार्टफोन, एक सामान्य फोन, कीबोर्ड के साथ एक टीवी रिमोट, एक स्पाईकैम पेन, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ हेडफोन और स्पीकर जैसे विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए थे।

## जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की पत्नी से मिले एस जयशंकर

**जापान।** विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय जापान के दौरे पर हैं। उन्होंने आठ मार्च को जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे से मुलाकात की और उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी का एक निजी पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने भारत-जापान संबंधों को मजबूत करने में आबे के



महत्वपूर्ण योगदान के लिए सराहना की। इससे पहले एस जयशंकर ने विदेश मंत्री स्तर बैठक में भाग लिया। उन्होंने भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर कहा कि हमारे संबंधों में हमेशा जटिलताएं रहेंगी, लेकिन इसके साथ उतने नए अवसर भी आएंगे। ऐसे में भारत और जापान को एक-दूसरे से संपर्क बनाए रखना होगा।

## सीबीआई ने संदेशखाली में शाहजहां शेख के आवास पर की छापेमारी

**एजेंसी, कोलकाता**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशाखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों का भी दौरा किया।

शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने



संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया, जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उनके आवास परिसर गए थे।

इस छापेमारी में फोरेंसिक और ईडी अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

## हाथी की मौत के बाद हाथियों के झुंड ने जाम की सड़क

**होजाई (असम)।** जिले के डबका आरक्षित वन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 36 पर हुई एक सड़क दुर्घटना में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। नगांव पुलिस ने आज बताया कि यह दुर्घटना आरक्षित वन के लंबाताना इलाके में आज तड़के उस समय हुई, जब एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में एक जंगली हाथी आ गया। हालांकि, इस संदर्भ में पुलिस कुछ भी निश्चित रूप से बताने की स्थिति में नहीं है, लेकिन स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि किसी तेज रफ्तार डंपर ने हाथियों के झुंड को टक्कर मार दी। सड़क के बीचों-बीच पड़े मृत हाथी को चारों ओर से घेर कर हाथियों का झुंड सड़क पर बैठ गया। जिस कारण सड़क के दोनों और गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। हाथियों को आज काफी मशक्कत के बाद वहां से हटाया गया। वन विभाग के साथ-साथ पुलिस भी हाथियों को बीच सड़क से हटाने में सहयोग किया।

## मोदी की तारीफ के बाद 'आर्टिकल 370' हुई टैक्स फ्री

**एजेंसी, मुंबई**

पिछले दिनों रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'आर्टिकल 370' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचा रही है। यामी गौतम स्टारर यह फिल्म लोगों को काफी पसंद आ रही है। अब इस फिल्म को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा करते हुए फिल्म की जमकर तारीफ की है। आपको बता दें कि यह बॉलीवुड फिल्म जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के ऐतिहासिक फैसले पर आधारित है।




एमपी के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि प्रदेश के नागरिक 'आर्टिकल 370' की कड़वी हकीकत को जान सकें, इसके लिए हमनें फिल्म को मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 का कलंक हटाकर जम्मू-कश्मीर में विकास की अपार संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर की पहले और अब की परिस्थितियों को करीब से समझने का अवसर देती है।

## धोखाधड़ी के आरोप में दवा कंपनी का सीएमडी गिरफ्तार

**नोएडा।** छह साल पहले एक निवेशक से 70 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक दवा कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशकको बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है। नोएडा पुलिस ने वीरवार को यह जानकारी दी। दवा कंपनी के कार्यालय दुबई और चेन्नई में हैं, जबकि दिल्ली निवासी निवेशक नोएडा के सेक्टर-18 में एक फर्म चलाता है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि पांच दिसंबर 2023 को शाकिर हुसैन ने सेक्टर-20 पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि चेन्नई के मूल निवासी आरोपी रमानी कल्पति रामचंद्रन वेंकट ने उनकी कंपनी में निवेश के बहाने 70 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।

## इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री में बूम, दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बना भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री ने इस समय धूम मचाई है। करीब दस साल पहले देश की इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री ने जो टारगेट सेट किया था उसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस बारे में जानकारी सामने आई है, इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन गया है।

आईसीईए की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने 10 सालों के दौरान 4.1 लाख करोड़ रुपए के कुल 2.45 अरब मोबाइल फोन बनाए। वहीं अगर करीब दस साल पहले के आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2014-15 में यह आंकड़ा महज 18,900 करोड़ रुपए था। बता दें कि इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन, एपल, शाओमी, ओप्पो, वीवो, लावा आदि कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।

### 10 साल में तेजी से बढ़ा एक्सपोर्ट

**एसोसिएशन** का कहना है कि भारत का यह सेक्टर आज से दस साल पहले यानी 2014 में जहां 78 प्रतिशत इंपोर्ट पर निर्भर था, वहीं अब यह फिलहाल 97 प्रतिशत तक आत्मनिर्भर हो गया है। इंडस्ट्री ने अगले 10 वर्षों में 20 लाख करोड़ का टारगेट तय किया था और 19.45 लाख करोड़ के कुल प्रोडक्शन का लक्ष्य हासिल किया। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का एक्सपोर्ट सिर्फ 1,556 करोड़ रुपए था। आंकड़ों के अनुसार साल 2014-24 के दौरान एक्सपोर्ट बढ़कर 3.22 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।


## बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने पर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की विभिन्न जेलों में बंद महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची और अजय कुमार गुप्त की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जो महिलाएं जेल में कैदी हैं, वे प्रेग्नेंट हो रही हैं, इससे बड़ी सुरक्षा चूक नहीं हो सकती। पांच अप्रैल तक राज्य सरकार लिखित में बताए कि आखिर ऐसा कैसे हो रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि इस तरह की घटना समाज पर क्या प्रभाव डाल रही है, यह समझा जा सकता है। पहले तो वे महिलाएं जेल में बंद हैं और उसके बाद उनके साथ इस तरह का आचरण उनकी मानसिकता पर किस तरह का प्रभाव डाल रहा होगा, यह समझा जा सकता है। उन्होंने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि इसमें विस्तृत रिपोर्ट चाहिए कि आखिर यह सब हुआ कैसे।

## जो बाइडेन ने पुतिन के सामने 'झुकने' के लिए डोनाल्ड ट्रंप पर कसा तंज

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को अपने राष्ट्रपति चुनाव के प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखे हमले के साथ अपने स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण की शुरुआत की। इस दौरान बाइडेन ने चेतावनी दी कि अमेरिकी लोकतंत्र पर 'हमला' हो रहा है। भाषण की नाटकीय शुरुआत में बाइडेन ने कहा कि वह कांग्रेस को जगाना और अमेरिकी लोगों को खतरे के प्रति सचेत करना चाहते हैं। बिडेन ने कहा कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर हमला हो रहा है।



स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण में जो बाइडेन ने डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करते हुए कहा कि अमेरिकी लोकतंत्र पर 'हमला' हो रहा है। फिर ट्रंप पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सामने 'झुक रहे हैं' और डेमोक्रेट्स के जयकारे लगाने की कसम खाई, लेकिन 'मैं नहीं झुकूंगा'।